



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 7 अप्रैल 2026





**जग्गी हत्याकांड:** आईपीसी की धारा 302 और 120-बी के तहत दोषी ठहराया गया, उम्रकैद के साथ 1000 रुपए का जुर्माना

# अमित जोगी को उम्रकैद, कोर्ट ने माना मास्टरमाइंड, कहा- संगठित अपराध, इसमें पुलिस मशीनरी का भी दुरुपयोग

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिसअरविंद कुमार वर्मा की बेंच ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अमित जोगी को आईपीसी की धारा 302 और 120-बी के तहत दोषी ठहराते हुए उम्रकैद और 1000 रुपए का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने कहा है कि जुर्माना नहीं देने पर 6 महीने अतिरिक्त सजा होगी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने अमित जोगी को सरेंडर करने के लिए 3 सप्ताह का समय दिया है। इसके बाद उन्हें सरेंडर करना पड़ेगा। वहीं, इस मामले में अमित जोगी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। इस याचिका पर सुनवाई 20 अप्रैल को होगी। गौरतलब है कि 4 जून 2003 को राजधानी रायपुर में एनसीपी नेता रामावतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में 31 लोगों को आरोपी बनाया गया था। बाद में तीन आरोपी सरकारी गवाह बन गए थे। कोर्ट ने इस मामले में अमित जोगी को छोड़कर बाकी 28 लोगों को सुनाई थी। 31 मई 2007 को रायपुर की विशेष अदालत ने संदेह का लाभ देते हुए अमित जोगी को इस मामले से बरी कर दिया। इसके बाद रामवतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। इस याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट भेज दिया था। 77 पन्नों के अपने आदेश में फैसला सुनाते हुए हाईकोर्ट ने कहा जब सभी आरोपियों के खिलाफ एक जैसे सबूत हों, तो किसी एक को बरी कर देना और बाकी को उन्हीं सबूतों के आधार पर दोषी ठहराना सही नहीं है। जब तक कि उसे छोड़ने का कोई ठोस और अलग कारण साबित नहीं हो। कोर्ट ने कहा है कि जहां सह-आरोपी को दोषी साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य हों वहां मुख्य आरोपी को बरी करने के लिए, जिसकी भूमिका अपराध करने में सेंट्रल मानी जाती है, सख्त ज्यूडिशियल जांच की ज़रूरत होती है। कोर्ट ने माना कि मुख्य आरोपी अक्सर अपराध करने में ज़्यादा एक्टिव, निर्णायक या सुपरवाइज़री भूमिका निभाते हैं। इस केस में भी अमित जोगी की भूमिका ऐसी ही पाई गई है।

### दूसरे आरोपियों की तुलना में ज्यादा गंभीर भूमिका

हाईकोर्ट ने कहा है कि रिकार्ड में मौजूद सभी साक्ष्य और सबूतों को देखा जाए तो यह साफ होता है कि साजिश के पीछे मुख्य आर्किटेक्ट और ड्राइविंग फ़ोर्स और आख़िरी फ़ायदा उठाने वाला अमित जोगी ही था। प्लानिंग के स्तर से लेकर आरोपियों के बीच मुख्य कड़ी, अपराधियों को सिस्टमैटिक तरीके से बचाना सब किया गया। इस तरह के बड़े आपरेशन के लिए एक कमांडिंग व्यक्ति की ज़रूरत थी जो कि अमित जोगी ने की। यह इस हत्याकांड के दूसरे आरोपियों की तुलना में ज्यादा गंभीर है और ऐसे मुश्किल हालात में उसका बरी होना पूरी तरह से नामुमकिन और रिकॉर्ड में मौजूद सबूतों के हिसाब से ठीक नहीं है। कोर्ट ने कहा कि ट्रायल जज ने बेवजह आरोपी-अमित जोगी की भूमिका को दूसरे साथ वाले आरोपियों/दोषियों से अलग करने की कोशिश की है जबकि सबूत बताते हैं कि एनसीपी के पदाधिकारियों को खत्म करने का प्लान खुद अमित जोगी ने बनाया था।

## कोर्ट ने कहा- जब सभी आरोपियों के खिलाफ एक जैसे सबूत हों, तो किसी एक को बरी करना सही नहीं



अमित पहुंचे सुप्रीम कोर्ट 20 अप्रैल को सुनवाई



### ट्रायल कोर्ट का फैसला गलत, रद्द किया गया

हाईकोर्ट ने कहा कि ट्रायल जज का आरोपी अमित जोगी को बरी करने का फ़ैसला साफ़ तौर पर गैर-कानूनी, गलत, गलत, रिकॉर्ड में मौजूद सबूतों के खिलाफ़ और बिना किसी ठोस आधार का है। इसलिए, 31 मई 2007 को रायपुर के स्पेशल जज (एट्रोसिटीज) का सेशन ट्रायल नंबर 329/2005 में दिया गया फैसला, जो अब तक आरोपी अमित जोगी को बरी करने से जुड़ा है, वह रद्द किया जाता है। हाईकोर्ट ने कहा कि आरोपी अमित जोगी को भी दोषी ठहराया जाता है और उसे भी वैसी ही सजा दी जा सकती है जैसी दूसरे दोषियों, यानी चिमन सिंह, याह्या ढेबर, अभय गोयल और फिरोज सिद्दीकी को दी गई है।

### अमित जोगी पूरी साज़िश का मास्टरमाइंड

हाईकोर्ट ने कहा कि पूरे सबूतों से यह साफ है कि अमित जोगी पूरी साज़िश का मास्टर माइंड था और उस समय के मुख्यमंत्री का बेटा होने के नाते उसके पास कमांडिंग पोजीशन भी थी। वह इतना असरदार आदमी था कि पुलिस अधिकारियों को ऐसे लोगों का इंतज़ाम करने के लिए मैनेज कर सकता था जो खुद को हमलावर बता सकें। कोर्ट ने कहा कि पैसों का लेनदेन, बत्रा हाउस, होटल ग्रीन पार्क और सीएम हाउस में में आरोपियों की अमित जोगी के साथ बार-बार मीटिंग के सबूत साफ दिखाते हैं कि उसे शुरू से ही सारी साजिश की पूरी जानकारी थी और पूरा जुर्म अमित जोगी के कहने पर ही किया गया था।

### यह हाई-लेवल का ऑर्गनाइज़्ड क्राइम

हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि विशेष न्यायाधीश द्वारा दर्ज किए गए निष्कर्ष जो कि आरोपी अमित जोगी को बरी करने की बात है, वे गलत हैं और रिकॉर्ड में मौजूद सबूतों से साबित नहीं होते। ट्रायल कोर्ट ने आरोपी अमित जोगी के मामले को दूसरे साज़िश करने वालों से अलग करने का कोई कारण नहीं बताया है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि जिस तरह से इस अपराध की योजना बनी और उसे अंजाम दिया गया, उससे साफ जाहिर होता है कि यह हाई-लेवल का ऑर्गनाइज़्ड क्राइम था। इसमें खास तौर पर राज्य पुलिस मशीनरी का दुरुपयोग किया गया। इसके साथ ही असरदार और अधिकार वाले बड़े लोगों की एक्टिव भागीदारी, गाइडेंस और सुरक्षा के बिना यह मुमकिन नहीं था। कोर्ट ने कहा कि इस बैकग्राउंड में, आरोपी अमित जोगी की भूमिका बहुत अहम हो जाती है।

---

तमिलनाडु की मदुरै कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

# पिता-पुत्र को पीट-पीटकर मारने वाले 9 पुलिसकर्मियों को मृत्युदंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मदुरै

मदुरै की एक अदालत ने तूतीकोरिन के सथानकुलम में हिरासत में क्रूर यातना देकर एक पिता-पुत्र की हत्या कर देने के जुर्म में सोमवार को नौ पुलिसकर्मियों को मौत की सजा सुनाई। प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जी. मुथुकुमारन ने इसे दुर्लभतम मामला बताते हुए कहा कि जनता की रक्षा का जिम्मा संभालने वालों ने ऐसा अपराध किया है जिसने समाज की सामूहिक अंतरात्मा को झकझोर दिया है। अदालत ने पी जयराज और उनके बेटे जे बेनिक्स की हत्या के लिए दोषी ठहराए गए सभी नौ पुलिस अधिकारियों को मौत की सजा सुनाई। मृत्युदंड के अलावा, अदालत ने मुजरिमों पर 1.40 करोड़ रुपए का संयुक्त जुर्माना भी लगाया। यह त्रासदी जून 2020 में कोरोना लॉकडाउन के दौरान घटी, जब जयराज और बेनिक्स को मोबाइल फोन की दुकान खुली रखने के आरोप में हिरासत में लिया गया था।



जे. बेनिक्स    पी. जयराम

### 1 करोड़ 40 लाख का संयुक्त जुर्माना

कोर्ट ने सभी दोषियों को मृतकों के परिजन को 1 करोड़ 40 लाख रुपए मुआवजा देने को कहा। यह मामला 2020 का है। छह साल तक सुनवाई चली। इस मामले में कुल 10 आरोपी थे। एक की कोविड के दौरान मौत हो गई।

### पुलिसकर्मियों पर क्या आरोप थे?

आरोपियों पर हत्या, गंभीर चोट पहुंचाने, साक्ष्य गढ़ने और झूठे मामले दर्ज करने के आरोप शामिल थे।

### पुलिस की बर्बरता ही दोनों की मौत की वजह

सीबीआई ने अपनी जांच के दौरान जो खुलासे किए, वे बेहद चौंकाने वाले थे। फोरेंसिक रिपोर्ट में साफ कहा गया कि दोनों पीड़ितों को हिरासत में पुलिसवालों ने बेरहमी से टॉर्चर किया था। जांच रिपोर्ट के मुताबिक, 19 जून 2020 की शाम और रात थाने के अंदर दोनों के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। जिस तरह से दोनों को पीटा गया, वो उनकी मौत का कारण बनने के लिए पर्याप्त था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और न्यायिक जांच में भी यही बात सामने आई कि पुलिस की बर्बरता ही उन दोनों की मौत की वजह बनी। इतना ही नहीं, दोनों को अपने ही खून को अपने कपड़ों से साफ करने के लिए मजबूर किया गया था। 19 जून 2020 की रात करीब साढ़े सात बजे कोरोना लॉकडाउन के दौरान दुकान खोलने की वजह से जयराज को पुलिस ने कामराजर चौक से उठा लिया। जब उनके बेटे बेनिक्स को ये पता चला, तो वो तुरंत थाने पहुंच गया। थाने में बेनिक्स ने देखा कि उसके पिता को पीटा जा रहा है। उसने विरोध किया, तो पुलिसवाले आगबबूला हो गए। उन्होंने बेनिक्स पर भी हमला कर दिया. जब उसने बचाव किया, तो पुलिसकर्मी और भड़क गए।

### 9 पुलिसकर्मियों में एक इंस्पेक्टर और एक सब-इंस्पेक्टर

दोषी ठहराए गए पुलिसकर्मियों में इंस्पेक्टर एस. श्रीधर, सब-इंस्पेक्टर पी. रघु गणेश और के. बालकृष्णन, हेड कॉन्स्टेबल एस. मुरुगन और ए. समदुरई है। साथ ही कॉन्स्टेबल एम. मुथुराज, एस. चेल्लादुरई, एक्स. थॉमस फ्रांसिस और एस. वेलुमुथु शामिल हैं। मामले में 10वें आरोपी स्पेशल सब-इंस्पेक्टर पॉलदुरई की ट्रायल के दौरान कोविड से मौत हो गई थी।

---

# 24 घंटे के भीतर चार सड़क हादसों में नौ लोगों की गई जान, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबिकापुर

सरगुजा में रविवार और सोमवार का दिन हादसों के नाम रहा। पिछले 24 घंटे के अंदर हुई चार भीषण सड़क हादसों में 9 लोगों की मौत हो गई। एनएच 130 पर स्कॉर्पियो की टक्कर से एक ही परिवार की तीन महिलाओं की मौत के बाद मणिपुर थाना के समीप पिकअप की टक्कर से ऑटो सवार दो युवकों की मौत हो गई। इसके साथ ही शहर से लगे सकालो जंगल में ट्रक की टक्कर से पति-पत्नी और पुत्र की मौत हो गई। वहीं सोमवार ▸▸|शेष पेज 7 पर



### बाइक सवार युवक की मौत

सोमवार की शाम शहर के पीजी कॉलेज के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार युवक हादसे का शिकार हो गए। बताया जा रहा है कि देर शाम पीजी कॉलेज के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार युवक किसी अज्ञात वाहन से टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने मृतक व घायल को उठाकर अस्पताल भेजा। फिलहाल घटना के कारण का पता नहीं चल सका है।

### ट्रक की टक्कर से पति-पत्नी और बेटे की मौत

सड़क हादसे के सिलसिले में सोमवार को शहर से लगे सकालो जंगल में दंपति और पुत्र की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि राजपुर दौरा निवासी 25 वर्षीय राहुल टोप्पो और उसके साथी सोनू केरकेट्टा को एसईसीएल में जमीन के एवज में कोरबा में नौकरी मिली है। दोनों युवक कोरबा में रहकर एसईसीएल में काम करते है। एक सप्ताह पूर्व राहुल के माता-पिता उससे मिलने के लिए कोरबा गए हुए थे और उसके बाद सभी वापस लौट रहे थे।

---

स्टूडेंट्स, प्रवासी मजदूरों को बड़ी राहत

# बिना एड्रेस प्रूफ के मिलेगा पांच किलोग्राम वाला गैस सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

घर से दूर रहकर काम करने वाले लाखों लोगों की एक बड़ी मुश्किल अब खत्म होने वाली है। सरकार ने फैसला किया कि 5 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर के लिए अब एड्रेस प्रूफ की जरूरत नहीं होगी। बस एक वैध पहचान पत्र दिखाना होगा। यह उन लोगों के लिए सबसे बड़ी राहत है जो किराए के कमरे में रहते हैं, जिनका पता बदलता रहता है, जो दूसरे शहर में पढ़ रहे हैं या काम कर रहे हैं।

### करना होगा यह काम

इन्हें बस इतना काम करना है। नजदीकी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाना है। वैध आईडी दिखानी है और एक सेल्फ-डिक्लेरेशन लेटर देना है, जिसमें रहने की जगह का ज़िक्र हो और यह लिखा हो कि सिलेंडर सिर्फ घर में खाना बनाने के लिए इस्तेमाल होगा। एक बात साफ कर दें।

---

**हरिभूमि की खबर पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान, कहा- ये शर्मनाक**

# पांच हजार से अधिक स्कूलों में लड़कियों के लिए नहीं है शौचालय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के 5,000 से अधिक सरकारी स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग शौचालय न होने पर बिलासपुर हाईकोर्ट ने गहरी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने इसे छात्राओं के साथ उत्पीड़न और स्कूल छोड़ने का बड़ा कारण मानते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव से विस्तृत रिपोर्ट (शपथ पत्र के साथ) मांगी है। कोर्ट ने कहा कि यह मामला राज्य में स्वच्छ शिक्षा के माहौल पर सवाल उठाता है। शिक्षा सचिव ने शपथ पत्र में सभी स्कूलों में कहा कि टायलेट बनाए जा रहे हैं जो जल्द पूरे होंगे। इसके साथ ही कोर्ट ने बिलासपुर के सिरगिट्टी ▸▸|शेष पेज 7 पर



पांच हजार से अधिक स्कूलों में गर्ल्स टायलेट नहीं है

8 हजार की हालत खराब, बच्चियां छोड़ रहीं स्कूल

### स्कूलों में छात्राओं की संख्या 19.54 लाख

गौरतलब है कि अगर पिछले वर्ष स्कूलों के युक्तियुक्तकरण के दौरान मर्जर से प्रदेश में गर्ल्स टॉयलेट स्कूलों की संख्या बढ़ गई। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की यू-डाइस रिपोर्ट 2024-25 के अनुसार छत्तीसगढ़ में 48757 सरकारी स्कूल संचालित थे। इनमें 37.64 लाख विद्यार्थी हैं। इनमें छात्राओं की संख्या 19.54 लाख है। युक्तियुक्तकरण के बाद स्कूलों की संख्या घटकर 38 हजार हुई। लिहाजा बिना गर्ल्स टॉयलेट वाले 5500 स्कूलों में से अभी भी एक हजार से अधिक स्कूलों में गर्ल्स टॉयलेट नहीं है।

### नया बनाने के साथ ही मरम्मत का कार्य जारी

शिक्षा सचिव ने शपथ पत्र में माना कि बिलासपुर, रायपुर, कोरबा, बस्तर और जांजगीर-चांपा के स्कूलों में गर्ल्स टॉयलेट की सबसे अधिक कमी है। साथ ही विभागीय निर्देशों के बाद जिन स्कूलों में टॉयलेट जर्जर या अनुपयोगी स्थिति में हैं, वहां मरम्मत शुरू कर दी गई है। ध्यान रहे कि राज्य की बात करें तो यहां संचालित 56 हजार 615 स्कूलों में से 54 हजार 715 में लड़कियों के लिए टॉयलेट तो हैं, लेकिन 52 हजार 545 टॉयलेट ही उपयोग करने की दशा में है। वहीं, छात्रों के लिए भी ऐसी ही स्थिति है, इनके लिए 53 हजार 142 स्कूलों में टायलेट तो हैं, लेकिन 49 हजार 355 चल रहे हैं। यानी 4070 स्कूल में गर्ल्स के लिए और 7260 में ब्वॉज के लिए नहीं है।

## रक्षा मंत्रालय की जमीन विधिवत प्रबंधन की होगी

# 4 सी एयरपोर्ट बनाने का रास्ता साफ, 290 एकड़ जमीन बिलासा एयरपोर्ट को वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

बिलासा देवी केंवट हवाई अड्डे चकरभाठा को अंतरराष्ट्रीय स्तर के एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने की दिशा में सोमवार को एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई। जिला प्रशासन को 290.8 एकड़ सैन्य भूमि का विधिवत हस्तांतरण किया गया, जिससे एयरपोर्ट विस्तार और 4सी श्रेणी उन्नयन का मार्ग पूरी तरह प्रशस्त हो गया। अब 2885 मी रनवे 400 यात्रियों का टर्मिनल और नया एटीसी टावर बनाने में लगभग 500 करोड़ रुपए खर्च होने की बात कही जा रही है।

शहर के बहुप्रतीक्षित एयरपोर्ट विस्तार प्रोजेक्ट को 6 अप्रैल को निर्णायक गति मिली, जब भारतीय सेना और रक्षा संपदा कार्यालय (डीईओ) जबलपुर के अधिकारियों द्वारा 290.8 एकड़ भूमि का औपचारिक हस्तांतरण जिला प्रशासन को किया गया। यह प्रक्रिया कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में संपन्न हुई। भूमि हस्तांतरण के दौरान सैन्य अधिकारियों एवं डीईओ जबलपुर के प्रतिनिधियों ने स्वामित्व संबंधी आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर भूमि को प्रशासन को सौंपा। इस महत्वपूर्ण कदम के साथ अब एयरपोर्ट के लिए उपलब्ध कुल भूमि 646.8 एकड़ हो गई है, जो इसके व्यापक विस्तार के लिए पर्याप्त मानी जा रही है।

### 2885 मी रनवे, 400 यात्रियों का टर्मिनल और नया एटीसी टावर बनाने में खर्च होंगे लगभग 500 करोड़ रुपए




### नाइट लैंडिंग लाइसेंस मिलने के बाद भी उड़ाने नहीं

दूसरी ओर हाईकोर्ट में सोमवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की खंडपीठ में बिलासपुर में हवाई सुविधा विस्तार से जुड़ी जनहित याचिकाओं की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने बिलासपुर एयरपोर्ट कार्य प्रगति पर नया शपथ पत्र मांगा।

### बड़े विमानों की आवाजाही संभव होगी

इस अतिरिक्त भूमि के मिलने से रन वे विस्तार और एयरपोर्ट को 4सी श्रेणी में अपग्रेड करने की दिशा में आ रही तकनीकी अड़चनें पूरी तरह समाप्त हो गई हैं। 4सी श्रेणी का उन्नयन होने से बड़े विमानों की आवाजाही संभव होगी, जिससे बिलासपुर को देश के प्रमुख शहरों के साथ बेहतर हवाई कनेक्टिविटी मिलेगी और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी।

### बातचीत जारी है, इसे शीघ्र ही हल कर लेंगे

इस पर राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अतिरिक्त महाधिवक्ता शशांक ठाकुर ने कहा कि इस मसले पर बातचीत जारी है और इसे शीघ्र ही हल किया जाएगा। खंडपीठ ने इस मामले को भी शपथ पत्र में शामिल करने के निर्देश दिए। केंद्र सरकार की ओर से उपस्थित अप सॉलिसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा ने जानकारी दी कि सेना के अधिकारियों की टीम बिलासपुर में है और वह जमीन ट्रांसफर की औपचारिकता पूरी कर रही है। इन सभी बातों को रिकॉर्ड में लेने के बाद हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई 17 अप्रैल के लिए निर्धारित की है।

## हत्या के मामले में आक्रोशित आदिवासी समाज का प्रदर्शन

**मोहला।** जिला मुख्यालय मोहला में 20 मार्च को अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के सांगली निवासी आदिवासी हल्बा समाज के बस ड्राईवर कमलेश भूआर्य की बेरहम पिटाई और उसके बाद हत्याकांड में तब्दील हुए मामले को लेकर आज हजारों आदिवासी महिला, पुरुष, युवाओं ने मृत ड्राइवर की पत्नी को साथ लेकर आज कलेक्टोरेट का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। जिला कलेक्ट्रेट एसपी कार्यालय के मैन गेट मे बैरिकेड्स लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। जिस वक्त कलेक्टोरेट के सामने हजारों भीड़ प्रदर्शन मे जूटी हुई थी इसी दौरान सांसद संतोष पांडे, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू कलेक्टोरेट सभा कक्ष में मौजूद थे।

- आंदोलन के बीच कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठे रहे सांसद विधायक

### इकलौता कमाने वाला था मृतक

20 मार्च को मोहला के 6 युवकों ने बस चालक कमलेश भूआर्य की बेरहमी से बेल्ट और पट्टे से पिटाई कर दिये गंभीर रूप से घायल कमलेश को राजनांदगांव के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मौत हो गई। परिवार में वह इकलौता कमाने वाला सदस्य था।

## चावल उत्सव आज से

### तीन माह का एक साथ बांटेंगे, राशन दुकानों में अप्रैल का ही शत-प्रतिशत भंडारण नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में आज से चावल उत्सव मनाया जाएगा। इसके तहत प्रदेशभर के सहकारी राशन दुकानों में एपीएल को छोड़कर अन्य सभी कार्डधारकों को एक साथ तीन महीने का चावल वितरित किया जाना है। इसके लिए नागरिक आपूर्ति निगम एवं खाद्य विभाग राशन दुकानों में पर्याप्त मात्रा में चावल का भंडारण कराने में युद्धस्तर पर जुटे हुए हैं, लेकिन इसके बाद भी दुकानों में अब तक अप्रैल महीने के कोटे का 50 से 60 प्रतिशत चावल ही भंडारण किया जा सका है, वहीं मई और जून महीने का चावल भंडारण भी 15 से 20 प्रतिशत हुआ है। जिस तरह से दुकानों में चावल भंडारण में देरी की जा रही हैं, उससे संभावना जताई जा रही है कि कई दुकानों में स्टॉक कम पहुंचने से हितग्राहियों को बैरंग भी लौटना पड़ सकता है।



## धर्मांतरण के आरोपों से सुलगा बड़ाटोला

**कांकेर।** जिले के चारामा तहसील अंतर्गत ग्राम बड़ाटोला में कथित अवैध धर्मांतरण गतिविधियों को लेकर सोमवार को सैकड़ों ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचे। अनुविभागीय अधिकारी अरुण वर्मा एवं सहायक पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि धर्मांतरण से इंकार करने वालों को झूठे मामलों में फंसाने और पुलिस-प्रशासन का भय दिखाने की धमकियां दी जा रही हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि गांव के आश्रित ग्राम स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ स्वास्थ्य सहायिका द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर प्रार्थना और प्रलोभन के माध्यम से धर्मांतरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। उनके पति, जो कथित रूप से पास्टर हैं, द्वारा भी गांव में सक्रिय रूप से धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास का आरोप लगाया है। सामाजिक कार्यकर्ता ईश्वर कावड़े ने कहा कि धर्मांतरण के लिए नए तरीके अपनाए जा रहे हैं, जिनमें दबाव और भय का इस्तेमाल शामिल है।

## पीजी करने तीन साल का अध्ययन अवकाश, पहले मिलती थी दो वर्ष की छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इन सर्विस डॉक्टरों को अब पीजी की पढ़ाई करने के लिए तीन साल का अध्ययन अवकाश मिलेगा। इसका लाभ 2025 के बाद आवेदन देने वाले उन सभी डॉक्टरों को मिलेगा, जो सीएमई अथवा सीएचएस के अंतर्गत अपनी सेवाएं देते हैं। इसके पूर्व उच्च शिक्षा के लिए छुट्टी दो साल मिलती थी और एक साल डॉक्टरों को बिना स्टाइपेंड के काम करना पड़ता था।



पिछले साल मार्च महीने में अध्ययन अवकाश को दो के बजाय तीन महीने करने आदेश जारी किया गया था, जो कई बिंदुओं पर स्पष्ट नहीं था। 6 अप्रैल 2026 को जारी किए गए आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिन चिकित्सा छात्रों ने 3 मार्च 2025 के बाद अध्ययन अवकाश के लिए आवेदन किया है, उन्हें इसका लाभ मिलेगा। साथ ही आयुक्त चिकित्सा शिक्षा और आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं के अंतर्गत काम करने वाले तमाम शासकीय सेवारत डॉक्टरों को इसका लाभ दिया जाएगा।

### 2019 के बाद शुरू हुई समस्या

एमबीबीएस की पढ़ाई के बाद कई स्नातकोत्तर विषयों में दो साल का डिप्लोमा होता था। वर्ष 2019 में सभी डिप्लोमा विषयों को तीन वर्षीय स्नातक के रूप में मान्य कर दिया गया। इसके बाद अध्ययन अवकाश को दो साल के बजाय तीन साल करने की जरूरत पड़ी, क्योंकि दो साल के अवकाश के बाद तीसरे साल छात्रों को बिना शिष्यवृति के पढ़ाई करनी पड़ती थी, जिससे उन्हें आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ता था। इस परेशानी के बाद तीन साल के अध्ययन अवकाश का लाभ देने की मांग ने जोर पकड़ा था।

### छात्रहित में बड़ा निर्णय एक वर्ग अभी वंचित

शासन द्वारा जारी किए गए इस आदेश की छत्तीसगढ़ डॉक्टर फेडरेशन और जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने छात्रहित में लिया बड़ा निर्णय बताया है। सीजीडीएफ के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह लोधी ने कहा कि यह हमारे संगठन के निरंतर प्रयास, संवाद और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अभी भी एक महत्वपूर्ण वर्ग इस निर्णय के लाभ से वंचित है। वर्ष 2025 से पूर्व उच्च शिक्षा (पीजी) हेतु अध्ययन अवकाश पर गए नियमित चिकित्सकों को इस संशोधित नीति का लाभ नहीं मिल पाया है। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. रेशम सिंह ने कहा कि इससे राज्य शासन से आग्रह किया है कि इस विषय में शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेते हुए पूर्व में अध्ययन अवकाश पर गए चिकित्सकों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं और उन्हें उचित राहत प्रदान की जाए।

### रोज पांच लाख किलो चिकन की खपत, अब तीन लाख किलो पर सिमटी


# युद्ध की आग में अब चिकन भी उबला, खपत 40 फीसदी घटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच एक माह से ज्यादा समय से चल रहे युद्ध की आग में अब चिकन भी उबल गया है। प्रदेश के पोल्ट्री कारोबार पर इसकी दोहरी मार पड़ रही है, एक तो पहले ही अंडों की खपत बहुत ज्यादा कम हो गई है, अब चिकन की खपत पर भी मार पड़ी है। प्रदेश में हर माह डेढ़ करोड़ किलो यानी रोज पांच लाख किलो चिकन की खपत होती है। इसमें से करीब 30 लाख किलो यानी 20 फीसदी दूसरे राज्यों में जाता है, लेकिन खपत 40 फीसदी कम हो गई है। ऐसे में अब रोज की खपत दो लाख किलो कम होकर तीन लाख किलो पर पहुंच गई है। इसके कारण कीमत भी थोक में 90 रुपए हो गई है, लेकिन चिल्हर में दाम डबल हैं।

छत्तीसगढ़ में पोल्ट्री का कारोबार बहुत बड़ा है। यहां पर चिकन के साथ अंडों का उत्पादन भारी मात्रा में होता है। जहां एक तरफ रोज 80 लाख अंडों का उत्पादन होता है, वहीं रोज पांच लाख किलो से ज्यादा चिकन बिकता है। चिकन की सबसे ज्यादा खपत राजधानी रायपुर के साथ ही बिलासपुर और भिलाई में होती है। इसी के साथ प्रदेश के दूसरे जिलों में भी खपत होती है। अपने प्रदेश से ओडिशा, मप्र के साथ कुछ अन्य राज्यों में भी चिकन जाता है।



### गैस संकट का खपत पर असर

होटल, रेस्टोरेंट में एलपीजी गैस संकट के कारण कारोबारी कम चिकन ले रहे हैं। घरों में भी चिकन की खपत कम हो गई है। इसके कारण खपत 40 फीसदी कम हो गई है।

- **धनराज बैनर्जी**, सचिव
सेंट्रल इंडिया बॉयलर, हैचरी एसोसिएशन

### गैस संकट से घटी खपत

प्रदेश में चिकन की ज्यादातर खपत ढाबों, होटल और रेस्टोरेंट में होती है। युद्ध के कारण गैस संकट की वजह से अब होटलों में चिकन कम बन रहा है तो इसकी खपत पर असर पड़ गया है। चिकन कारोबारियों का कहना है घरों में भी चिकन की खपत कम हो गई है। जो ग्राहक रोज चिकन खाते थे वो सप्ताह में एक या दो बार भी चिकन ले रहे हैं। इसी तरह से सप्ताह में दो दिन चिकन लेने वाले ग्राहक अब सप्ताह में एक बार ही चिकन ले रहे हैं। ऐसे में खपत पर असर पड़ा है।

### चिल्हर में कीमत डबल

चिकन की खपत कम होने से पोल्ट्री फार्म में तो रेट बहुत कम हो गया है। कारोबारियों के मुताबिक पोल्ट्री में बायलर के दाम थोक में 90 रुपए किलो हैं, लेकिन जहां तक चिकन दुकानों का सवाल है तो बड़ी चिकन दुकानों में इसके दाम 160 रुपए किलो और छोटी दुकानों में इसके दाम 180 रुपए किलो हैं। कटा चिकन 200 से 220 रुपए किलो बिक रहा है।



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




# छग में बढ़ रही गैर कार्यशील आबादी, पैसा नहीं कमाने वाले 1 करोड़ 60 लाख, अर्थव्यवस्था पर इसका असर

जिया कुरैशी ▸▸| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में ऐसे लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जो ऐसा कोई काम नहीं करते, जिससे उन्हें रुपए या आय प्राप्त हो। इनमें 14 साल के बच्चे और 60 साल या उससे ऊपर की आयुवर्ग के लोग शामिल हैं। इन्हें गैर कार्यशील जनसंख्या या नॉन वर्किंग पापुलेशन कहा ▸▸|शेष पेज 7 पर

### रायपुर टॉप पर, फिर बिलासपुर का नंबर

विशेष रूप से राजधानी रायपुर और बिलासपुर जैसे शहरी और औद्योगिक केंद्रों में यह संख्या सबसे अधिक है। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि रायपुर इस सूची में शीर्ष पर बना हुआ है। रायपुर जिले में गैर-कार्यशील लोगों की संख्या सबसे ज्यादा (16.68 लाख से अधिक) है। नारायणपुर (86,567) और सुकमा (1,18,554) ▸▸|शेष पेज 7 पर

### ये असर होता है नॉन वर्किंग पापुलेशन बढ़ने का

अकार्यशील जनसंख्या का बढ़ना किसी भी राज्य या देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी चुनौती होती है। जब बड़ी संख्या में लोग आर्थिक गतिविधियों में भाग नहीं लेते तो इसके दूरगामी और बहुआयामी नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। जैसे आर्थिक निर्भरता का बोझ, जब गैर-कार्यशील आबादी बढ़ती है तो काम करने वाले लोगों (15-59 आयुवर्ग) पर बोझ बढ़ जाता है।

1 मार्च 2026 की स्थिति के अनुसार उन शीर्ष 10 जिलों को दर्शाते हैं जहां गैर-कार्यशील आबादी सबसे अधिक है :रैंक जिला गैर-कार्यशील जनसंख्या (1 मार्च 26)

| | |
|---|---|
| रायपुर | 16,68,185 |
| बिलासपुर | 12,03,022 |
| दुर्ग | 11,31,110 |
| बलौदाबाजार | 8,26,584 |
| कोरबा | 8,06,207 |
| रायगढ़ | 7,43,799 |
| महासमुंद | 6,32,569 |
| कबीरधाम | 5,80,506 |
| बस्तर | 5,43,076 |
| बेमेतरा | 5,21,913 |

### प्रति व्यक्ति आय में कमी

घर का एक व्यक्ति कमाने वाला होता है और खाने वाले कई, जिससे परिवार की बचत और निवेश करने की क्षमता कम हो जाती है। संसाधनों का बंटवारा, परिवार की आय का बड़ा हिस्सा ▸▸|शेष पेज 7 पर

### सरकारी खजाने पर बढ़ता है दबाव

बढ़ती गैर-कार्यशील आबादी का मतलब है कि सरकार को सामाजिक कल्याण योजनाओं पर अधिक खर्च करना होगा। जैसे-जैसे आश्रित आबादी बढ़ती है, सरकार को 'खाद्य ▸▸|शेष पेज 7 पर

### राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ बेहतर

अगर हम राष्ट्रीय स्तर पर तुलना करें तो गैर-कार्यशील आबादी के मामले में छत्तीसगढ़ की स्थिति बड़े राज्यों की तुलना में काफी बेहतर है। उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार जैसे राज्यों में आबादी अधिक होने ▸▸|शेष पेज 7 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप



### आर्टेमिस-2 ने अपोलो 13 के दूरी के रिकॉर्ड को तोड़ा

**ह्यूस्टन।** नासा के आर्टेमिस-2 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों ने चंद्रमा की ओर उड़ान के दौरान पृथ्वी से सबसे दूर तक जाने वाले मानव बनने का सोमवार को रिकॉर्ड बना दिया। यह मिशन चांद के दूरस्थ पक्ष के अद्भुत दृश्य पेश करता है, जिन्हें कभी भी पहले नहीं देखा गया। छह घंटे की यह उड़ान अपोलो युग के बाद चंद्रमा पर जाने के नासा मिशन का मुख्य आकर्षण है। उड़ान में तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं।

*एसीबी की वर्ष-2025 में 22 जिलों में ट्रैप कार्रवाई में पकड़े गए 60 दागियों में हर दूसरा राजस्व विभाग का अफसर-कर्मी*

# राजस्व विभाग सबसे ज्यादा भ्रष्ट, रिश्वतखोरी शिक्षा, पीडब्लूडी, सिंचाई विभाग में भी

हरिभूमि न्यूज ▸▸|रायपुर

अलग खबर

भ्रष्टाचार तथा रिश्वतखोरी के मामले में राजस्व विभाग टॉप पर है। यहां पिछले साल यानी 2025 में 22 जिलों में ईओडब्लू ने सर्वाधिक 60 छापे की कार्रवाई की और 60 घूसखोर अफसर-कर्मी, बाबू से लेकर चपरासी तक को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इनमें हर दूसरा घूसखोर राजस्व विभाग का अफसर-कर्मी है। रिश्वतखोरी में शिक्षा विभाग, पीडब्ल्यूडी से लेकर जल संसाधन विभाग के इंजीनियर भी पकड़े गए।

जिन घूसखोरों को ईओडब्लू, एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है, उनमें से ज्यादातर पीड़ित राजस्व विभाग के अफसर, कर्मियों को जमीन नामांतरण के साथ जमीन की नाप-जोख अथवा अन्य राजस्व विवाद से बचने रिश्वत दी है। ▸▸|शेष पेज 7 पर

**दूसरे तथा तीसरे नंबर पर शिक्षा तथा इंजीनियरिंग से जुड़े अफसर-कर्मी शामिल**




### रिश्वत पर एक नजर

- कोरिया – 1– एसआई
- बलरामपुर–रामानुजगंज – 3 – पटवारी
- मनेंद्रगढ़– चिरमिरी भरतपुर – 1 – सब इंजीनियर
- सरगुजा – 4 – विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक अभियंता, सहायक ग्रेड– 2, पटवारी
- सूरजपुर – 10 – जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी, दो सहायक ग्रेड–2, सहायक निरीक्षक, अनुरेखक, दो पटवारी, चपरासी
- कांकेर – 1 – राजस्व निरीक्षक
- कोंण्डागांव – 2 – तहसीलदार, लेखापाल
- बस्तर – 2 – कार्यपालन अभियंता, सहायक ग्रेड–3
- सुकमा – 1 – उप अभियंता

▸▸|शेष पेज 7 पर

### इन महत्वपूर्ण सात प्रकरणों की जांच

- लोगों से रिश्वत लेने वाले वाले सरकारी कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम भ्रष्टाचार के सात बड़े प्रकरणों की जांच कर रही है, जिसकी सूची इस प्रकार है।
- ऑनलाइन महादेव सट्टा एप – 14 आरोपियों के खिलाफ दो अभियोग पत्र कोर्ट में दाखिल
- शराब घोटाला – शराब घोटाला प्रकरण में जांच एजेंसी वर्ष 2024 तथा 2025 में 51 लोगों के खिलाफ कोर्ट में आठ अभियोग पत्र दाखिल कर चुकी है।
- कोल घोटाला – कोल घोटाला प्रकरण की जांच में वर्ष 2024 तथा 2025 में 20 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार चालान पेश की है।
- डीएमएफ घोटाला – डीएमएफ घोटाले की दो साल जांच के बाद जांच एजेंसी ने नौ आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश की है
- कस्टम मिलिंग घोटाला – कस्टम मिलिंग घोटाले में जांच एजेंसी ने जांच के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ तीन चालान कोर्ट में पेश किए हैं।

▸▸|शेष पेज 7 पर

### इनके खिलाफ अनुपातहीन संपत्ति के प्रकरण

ब्यूरो में महत्वपूर्ण पदों में पदस्थ अधिकारियों के विरुद्ध अनुपातहीन संपत्ति के प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं, जिनमें अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारी समीर विश्नोई एवं रानू साहू हैं, भारतीय वनसेवा के एक अधिकारी अशोक कुमार पटेल हैं। ब्यूरो द्वारा आदिम जाति विकास विभाग, जिला बीजापुर के उपायुक्त आनंद सिंह चौहान के विरुद्ध भी आय से अधिक संपत्ति का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। ब्यूरो में सौम्या चौरसिया, राप्रसे के विरुद्ध ▸▸|शेष पेज 7 पर

# मुख्यमंत्री आज दिल्ली में मोदी-शाह के सामने बस्तर के विकास को लेकर देंगे प्रजेंटेशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार को देर शाम दिल्ली रवाना हो गए। वे मंगलवार को सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। मुलाकात के दौरान वे नक्सलवाद से मुक्त हुए बस्तर के विकास के संबंध में राज्य सरकार द्वारा तैयार की गई योजनाओं का प्रजेंटेशन देंगे। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं को बताया कि दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय ▸▸|शेष पेज 7 पर



### बस्तर के विकास पर होगी बात

सरकार की प्राथमिकता बस्तर क्षेत्र को तेजी से विकास की मुख्यधारा में लाना है। मुख्यमंत्री अपनी प्रस्तुति में बस्तर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, उद्योगों को बढ़ावा देने, निवेश आकर्षित करने, रोजगार के अवसर बढ़ाने और विकास के बारे में बात रखेंगे।

### सरकार ने बस्तर में बदली तस्वीर

मुख्यमंत्री ने कहा, अबूझमाड़ में खत्म हुआ नक्सल प्रभाव, अब बस्तर विकास की ओर बढ़ रहा है। डबल इंजन सरकार ने बस्तर में बदली तस्वीर। नक्सलवाद और बस्तर विकास पर उन्होंने कहा, नक्सलवाद का केवल खात्मा करना ही पर्याप्त नहीं है। बस्तर क्षेत्र चार दशकों से विकास से वंचित रहा है, वहां विकास पहुंचाना जरूरी है। अब 400 से अधिक गांवों में फिर ▸▸|शेष पेज7 पर


# ट्रंप ने कहा- एक रात में पूरे ईरान को कर सकते हैं बर्बाद

## डेडलाइन पर ट्रंप की धमकी, कहा- वो रात कल भी हो सकती है

एजेंसी ▸▸| वाशिंगटन

पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर अब तक की सबसे डरावनी चेतावनी दी। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के पास इतनी सैन्य शक्ति है कि वह सिर्फ एक रात में पूरे ईरान को जड़ से मिटा सकता है। उन्होंने कहा, वह रात कल भी हो सकती है। ट्रंप के इस बयान ने पूरी दुनिया में हड़कंप मचा दिया है।

मीडिया वार्ता के दौरान ट्रंप ने अमेरिकी सैन्य मिशन की जानकारी भी साझा की। उन्होंने बताया कि अमेरिकी सेना ने अपने एक पायलट को बचाने के लिए अब तक का सबसे बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया है। यह पायलट ईरान के अंदर यानी दुश्मन के इलाके में गिर गया था। वहां हालात बहुत ही ज्यादा खतरनाक थे।



### पायलट को बचाने के लिए भेजे 155 विमान

राष्ट्रपति ने बताया कि दूसरे पायलट को बचाने के लिए अमेरिका द्वारा चलाए गए अभियान में 155 विमान शामिल थे। ट्रंप ने कहा कि इनमें विशेष रूप से चार बमवर्षक विमान, 64 लड़ाकू विमान, ईंधन भरने वाले 48 टैंकर विमान और 13 बचाव विमान समेत अन्य साधन शामिल थे। राष्ट्रपति ने कहा कि इसमें कई विमान ईरानियों को भ्रमित करने की योजना का हिस्सा थे।

### ईरान ने युद्ध विराम प्रस्ताव को किया खारिज

ईरान ने नवीनतम युद्धविराम प्रस्ताव को खारिज कर दिया है और कहा कि वह युद्ध का स्थायी अंत चाहता है। ईरान ने पाकिस्तान के माध्यम से अमेरिका को अपना जवाब दे दिया है। काहिरा स्थित ईरानी राजनयिक मिशन के प्रमुख मोजतबा फरदौसी पोर ने सोमवार को बताया, हम केवल युद्धविराम स्वीकार नहीं करेंगे। हम युद्ध की समाप्ति तभी स्वीकार करेंगे जब हमें यह गारंटी दी जाए कि हम पर दोबारा हमला नहीं किया जाएगा।

### ईरान पर बड़ा हमला, एयरपोर्ट और नेवी बेस उड़ाया


ईरान और अमेरिका-इजरायल युद्ध को एक महीने से अधिक हो चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वॉर्निंग से पहले ईरान में बड़ा हमला हुआ है। इस हमले में ईरान के साउथ पार्स नैचुरल गैस फील्ड में ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाया गया है। इजरायल ने सोमवार को ईरान में कई अहम सैन्य ठिकानों पर हमले किए। तेहरान के पास मौजूद तीन एयरपोर्ट्स पर भारी बमबारी की गई। बुशहर में बड़े नेवी बेस पर भी जोरदार धमाका हुआ।

**राज्यसभा कक्ष में शपथ**

# पवार, अठावले समेत 19 नए राज्यसभा सदस्यों ने ली शपथ

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले समेत 19 नए राज्यसभा सदस्यों ने सोमवार को यहां शपथ ली। राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन की उपस्थिति में नए सदस्यों ने शपथ ली।



### पश्चिम बंगाल के पांच नए सदस्य

पश्चिम बंगाल से बाबुल सुप्रिया बराल (तृणमूल कांग्रेस), बिस्वजीत सिन्हा (भाजपा), मेनका गुरुस्वामी (तृणमूल कांग्रेस), राजीव कुमार (तृणमूल कांग्रेस) और रुक्मिणी मलिक (तृणमूल कांग्रेस) ने शपथ ली।

**विवाह से लौटते वक्त हादसा**

# बारातियों की कार और ट्रक भिड़े, चार युवकों की मौत

एजेंसी ▸▸| इंदौर

इंदौर में विवाह समारोह से लौट रहे बारातियों की कार के भूसे से भरे ट्रक से भिड़ जाने के कारण चार युवकों की मौत हो गई जबकि आठ व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।



### ट्रक को जलाने का किया प्रयास

पुलिस के मुताबिक, ये सभी लोग इंदौर के रहने वाले हैं और एक विवाह समारोह में बाराती के तौर पर शामिल होने के बाद अपने घर लौट रहे थे। हादसे पर आक्रोशित लोगों ने ट्रक में आग लगाने का प्रयास किया।

## वेदांता को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

# अदाणी की जेपी एसोसिएट्स के अधिग्रहण पर रोक से इंकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

भारत के कॉरपोरेट जगत से जुड़ी एक अहम कानूनी लड़ाई में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने अदाणी ग्रुप की 14,535 करोड़ रुपए की बोली के जरिए जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के अधिग्रहण पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। हालांकि, अदालत ने एक महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए जेएएल की निगरानी कर रही मॉनिटरिंग कमेटी को बिना नेशनल ▸▸|शेष पेज 7 पर

### अब आगे क्या?

अब इस पूरे मामले का फैसला एनसीएलएटी में होने वाली सुनवाई पर टिका है। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप से साफ है कि फिलहाल अदाणी ग्रुप की बोली पर कोई रोक नहीं है, लेकिन अंतिम फैसला अभी बाकी है।



### सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि इस मामले में सभी पक्ष खासतौर पर वेदांता लिमिटेड और अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड अपनी दलीलें एनसीएलएटी के सामने रखें। अदालत ने एनसीएलएटी को निर्देश दिया कि वह इस मामले की सुनवाई तेजी से पूरी करे। एनसीएलएटी इस विवाद पर 10 अप्रैल से अंतिम सुनवाई शुरू करेगा।

### अधिग्रहण की कहानी

जेएएल दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही है और इसके अधिग्रहण के लिए कई कंपनियां दौड़ में थीं। अंततः नवंबर में कर्जदाताओं ने अदाणी एंटरप्राइजेज की योजना को मंजूरी दी, जिसे बाद में कंपनी विधि न्यायाधिकरण ने भी हरी झंडी दे दी। वेदांता ने इस फैसले को चुनौती देते हुए दो अलग-अलग अपीलें दायर की हैं। इनमें रेजोल्यूशन प्लान की वैधता पर सवाल और सीओसी और एनसीएलटी द्वारा मंजूरी पर आपत्ति जताई है।


# बी.एस-सी. नर्सिंग प्रवेश परीक्षा सूचना

व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा बी.एस-सी. नर्सिंग प्रवेश परीक्षा – 2026 के लिए परीक्षा कार्यक्रम निर्धारित किया गया है । अभ्यर्थी व्यापम के पोर्टल में जाकर निम्नानुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे :-

1. आनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि - 27-03-2026 ( शुक्रवार )
2. आनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि - 27-04-2026 ( सोमवार ) सायं 5.00 बजे तक

**विद्यार्थियों हेतु दिशा निर्देश :-**

( 1 ) छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त महाविद्यालय में ही प्रवेश ले । ( 2 ) निम्न महाविद्यालयों में संपर्क कर प्रवेश परीक्षा का फार्म भर सकते है ।
( 3 ) प्रवेश परीक्षा हेतु vyapamcg.cgstate.gov.in वेबसाइट से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवेदन कर सकते है ।
( 4 ) शासकीय एवं प्राईवेट नर्सिंग महाविद्यालय में प्रवेश हेतु उक्त परीक्षा में शामिल होकर न्यूनतम अर्हता में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है ।

## मान्यता प्राप्त प्रमुख महाविद्यालयों की सूची

**दुर्ग संभाग**

1. प्रेसियस कॉलेज ऑफ नर्सिंग-कवर्धा-कबीरधाम 9479174689
2. छत्तीसगढ़ नर्सिंग कॉलेज, धनौरा, भिलाई, दुर्ग,
3. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सिरसी, भिलाई, 9630465455
4. मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कुम्हारी, दुर्ग, 7222910451
5. वेदांती विद्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट नर्सिंग- बेमेतरा, 9926847049
6. सांदीपनी एकेडमी - अछोटी ( मुरमुंदा ), दुर्ग 9009077222
7. सी.एम. नर्सिंग इंस्टीट्यूट , भिलाई, दुर्ग , 9575932505
8. श्री सी.एम. नर्सिंग कॉलेज, भिलाई, दुर्ग , 9893161544
9. श्री चंद्रा नर्सिंग इंस्टीट्यूट - भिलाई, दुर्ग 9131748332
10. श्रेयस कॉलेज ऑफ नर्सिंग, भिलाई, दुर्ग, 9827160373

**बस्तर संभाग**

1. विश्वभारती इंस्टी. ऑफ नर्सिंग, मोखपाल, दंतेवाड़ा 7000482603
2. सूर्या नर्सिंग कॉलेज - जगदलपुर, बस्तर मो : 9340471513

**बिलासपुर संभाग**

1. अपेक्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रायगढ़, 9131098086
2. आयुष कॉलेज ऑफ नर्सिंग- लालखदान,बिलासपुर, 9131586102
3. जे.ई.एस. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, फरहदा, बिलासपुर, 8319045634
4. बिलासा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग- बिलासपुर, 7222910434
5. महादेव हॉस्पिटल कॉलेज ऑफ नर्सिंग-बिलासपुर, 8109611675
6. मार्क इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बिलासपुर, 9827174705
7. सांदीपनी एकेडमी - पेंड्री ( मस्तूरी ),बिलासपुर, 9009166222
8. होप्स इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग - कोरबा, 9755483584

**रायपुर संभाग**

1. प्रेसियस कॉलेज ऑफ नर्सिंग - अभनपुर, रायपुर, 9993859948
2. डिपार्टमेन्ट ऑफ नर्सिंग ( आई.टी.एस. ) -गरियाबंद, 9981521776
3. प्रतिभा नर्सिंग कॉलेज, रायपुर, 7587202500
4. वीरेन्द्र दीपक कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जामगांव, गरियाबंद, 7898217828
5. रविशंकर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, रायपुर, 7222910424
6. रामकृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, रायपुर, 9407704874
7. लाइफ केयर कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बलौदाबाजार, 9926771643
8. लीलास कॉलेज ऑफ नर्सिंग- न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर, 9589263536
9. सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग, तुमगांव, महासमुंद, 9618355303
10. सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट - महासमुन्द, 7000910019
11. श्री ओंकार कॉलेज ऑफ नर्सिंग - खरोरा, रायपुर, 9981195830
12. श्री नारायणा नर्सिंग इंस्टीट्यूट.,कांदुल, रायपुर, 6263111896
13. श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, धनेली, रायपुर, 7222910451

**सरगुजा संभाग**

1. अपार इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बोड़ाछापर, पत्थलगांव जशपुर, 9907958123
2. मदर टेरेसा नर्सिंग कॉलेज, अम्बिकापुर, 9425282222

## उक्त महाविद्यालयों में परीक्षा फार्म भरने की सुविधा उपलब्ध है

# प्रायवेट नर्सिंग कॉलेज एसोसिएशन, रायपुर, छत्तीसगढ़

**राज्य में 9 अप्रैल को होना है मतदान**

# 'कांग्रेस ने वही गीत गाया जो पाकिस्तान ने लिखा' असम में ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र कर बरसे मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को असम के बारपेटा जिले के भबानीपुर-सरभोग में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा से पड़ोसी देश पाकिस्तान की धुन पर नाचती रही है, जिससे राष्ट्र की सुरक्षा से समझौता होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जहां उनकी सरकार ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे साहसिक कदम उठाए हैं, वहीं कांग्रेस देशहित को दरकिनार कर रही है। प्रधानमंत्री ने विकास के मोर्चे पर भी कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अल्पकालिक उपायों पर ध्यान केंद्रित किया, ताकि वे भ्रष्टाचार में लिप्त हो सकें। इसके विपरीत, भाजपा राष्ट्र के दीर्घकालिक विकास के लिए काम करती है और समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास को सुनिश्चित करती है।



### आतंकवाद और सेना के प्रति कांग्रेस का रवैया

प्रधानमंत्री मोदी ने 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक और 2025 के 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा पाकिस्तान के एजेंडे को प्राथमिकता दी है। पीएम मोदी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान कांग्रेस ने वही गीत गाया, जो पाकिस्तान ने लिखा था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 'यह पाकिस्तान कनेक्शन हमेशा देश पर भारी पड़ता है और हम ऐसा कभी नहीं होने दे सकते।' उन्होंने कांग्रेस पर सेना की उपेक्षा करने का भी आरोप लगाया, जो दशकों तक पूर्व सैनिकों के लिए 'वन रैंक, वन पेंशन' को लागू करने से इनकार करती रही।

### असम में शांति और विकास पर भाजपा का जोर

प्रधानमंत्री ने कहा कि असम में काफी बलिदानों के बाद शांति स्थापित हुई है, जिसका श्रेय पिछले 10 वर्षों में भाजपा द्वारा हस्ताक्षरित शांति समझौतों के कार्यान्वयन में ईमानदारी के प्रयासों को जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य में शांति और स्थिरता ने भाजपा के शासन में विकास को बढ़ावा दिया है और इसे जारी रखने के लिए कांग्रेस को सत्ता से बाहर रखना आवश्यक है। पिछले 10 वर्षों में एनडीए के शासन में राज्य में शांति और उसकी पहचान की रक्षा की गई है और भविष्य में राज्य को और अधिक समृद्धि मिलेगी और यह वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बनाएगा।

### हिमंता का पलटवार 'पाकिस्तानी ग्रुप से गलत जानकारी उठाई'



■ कांग्रेस के आरोपों पर पत्नी ने कराई एफआईआर

असम में 9 अप्रैल को वोटिंग होनी है। इससे पहले यहां आरोप और प्रत्यारोप का दौर जारी है। मंगलवार को चुनाव प्रचार रुक जाएगा। ऐसे में कांग्रेस ने सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए हैं कि मुख्यमंत्री सरमा की पत्नी के पास तीन-तीन देशों के पासपोर्ट हैं। पार्टी ने सरमा की पत्नी पर अमेरिका में कंपनी खोलकर पर पैसे लगाने का भी आरोप लगाया। वहीं, मुख्यमंत्री सरमा ने कांग्रेस के आरोप को झूठा और फेक बताया है। उन्होंने कांग्रेस की ओर से पेश किए गए दस्तावेज को फोटोशॉप बताया। इसके साथ ही पूछा कि इसके लिए पाकिस्तानी सोशल मीडिया की मदद क्यों ली। हिमंता ने बताया, कल, मेरी पत्नी ने एफआईआर दर्ज कराई है।

**चुनावी सभा में प्रियंका गांधी ने लगाया आरोप**

## 'सत्ता में बने रहने के लिए एलडीएफ और भाजपा के बीच समझौता'

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को केरल के कन्नूर में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि 9 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सीपीआई(एम) के नेतृत्व वाले एलडीएफ ने भाजपा के साथ समझौता कर लिया है। प्रियंका ने कहा कि एलडीएफ 10 साल तक सत्ता में बने रहने के लिए अपनी विचारधारा और जिम्मेदारी से समझौता कर रही है। वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी ने पेरावूर में कहा कि एलडीएफ ने उस भाजपा से समझौता किया है जो अल्पसंख्यकों को परेशान करती है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ईसाई समुदाय और उनकी नन को परेशान करती है, फिर भी एलडीएफ उनके साथ है। प्रियंका ने सबरीमाला में हुई चोरी का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर एक शब्द भी नहीं बोला। उनके अनुसार, यह चुप्पी दोनों पार्टियों के बीच समझौते का बड़ा सबूत है।



### सरमा पत्नी के पास तीन-तीन देशों के पासपोर्ट कहां से आए?

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को 'भ्रष्टाचार में डूबा हुआ' बताते हुए सवाल किया कि उनकी पत्नी के पास तीन-तीन देशों के पासपोर्ट कहां से आए। उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को आंकड़ों के साथ बेनकाब करने का दावा करते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के कार्यकाल (2005-2013) में 88 हजार 792 अवैध प्रवासियों को देश से निकाला गया था, जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल (2014-2019) में केवल 2 हजार 566 अवैध प्रवासियों को ही बाहर किया गया। उन्होंने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर घुसपैठिया है तो भाजपा निकाल क्यों नहीं रही?

**तमिलनाडु चुनाव में बड़ा बदलाव**

## किसी भी बड़े दल ने नहीं उतारा ब्राह्मण उम्मीदवार



तमिलनाडु की सियासत में इस बार बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर न सिर्फ डीएमके और कांग्रेस बल्कि एआईएडीएमके और भाजपा तक ने किसी ब्राह्मण को अपना प्रत्याशी नहीं बनाया है। करीब साढ़े तीन दशक में पहली बार ऐसा हो रहा है जब अन्नाद्रमुक ने किसी ब्राह्मण को टिकट नहीं दिया है। द्रविड़ आंदोलन के चलते साउथ के इस राज्य में ब्राह्मण राजनीति हाशिए पर चली गई है।

### सियासत बनी मजबूरी

बता दें कि तमिलनाडु की 234 विधानसभा सीटों में इंडिया गठबंधन में डीएमके 164 और कांग्रेस 28 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, लेकिन दोनों में किसी ने भी ब्राह्मण को टिकट नहीं दिया। इसके अलावा उनके सहयोगी लेफ्ट, वीसीके और मुस्लिम लीग ने भी किसी ब्राह्मण पर भरोसा नहीं किया है। एनडीए गठबंधन में एआईएडीएमके 178 सीटों पर बीजेपी 27 और पीएमके 18 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, लेकिन एक भी सीट पर ब्राह्मण उम्मीदवार नहीं उतारा गया है। बीजेपी ने अपने कोटे की 27 विधानसभा सीटों में से किसी भी सीट पर ब्राह्मण प्रत्याशी घोषित नहीं किया। दिलचस्प बात ये है कि तमिलनाडु की मुख्यमंत्री रहीं जयललिता ब्राह्मण समाज से रही हैं, लेकिन उनके निधन के करीब 10 साल बाद भी उनकी पार्टी ने किसी भी ब्राह्मण को मैदान में नहीं उतारा।

## बंगाल | पाक की धमकी पर पीएम की चुप्पी, ममता ने मांगा इस्तीफा



**बेथुयाडहरी (पश्चिम बंगाल)।** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को सवाल किया कि पाकिस्तान द्वारा कोलकाता पर हमले की धमकी दिए जाने का मुद्दा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक दिन पहले इस राज्य में अपनी चुनावी रैलियों के दौरान क्यों नहीं उठाया। बनर्जी ने नदिया जिले में एक चुनावी रैली में कहा, 'आप (प्रधानमंत्री) चुनावी रैलियों में बंगाल को निशाना बनाते हैं, लेकिन जब पाकिस्तान बंगाल पर हमले की बात करता है, तो आप एक शब्द भी नहीं कहते। आपको इस्तीफा दे देना चाहिए।' उन्होंने पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में मोदी द्वारा एक चुनावी रैली को संबोधित किए जाने के एक दिन बाद कहा, 'प्रधानमंत्री ने बंगाल में अपनी रैली के दौरान इस मुद्दे को क्यों नहीं उठाया? जब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री कहते हैं कि वे कोलकाता पर हमला करेंगे, तो प्रधानमंत्री ने यह क्यों नहीं कहा कि 'हम कड़ी कार्रवाई करेंगे'?' मुख्यमंत्री ने कहा, 'जैसे हम देश पर किसी भी खतरे को स्वीकार नहीं करते, वैसे ही हम कोलकाता को दी गई धमकी को भी बर्दाश्त नहीं करेंगे।'

**यह दी थी धमकी**

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शनिवार को भारत को चेतावनी दी थी कि वह 'भविष्य में किसी भी प्रकार के दुस्साहस की कोशिश' का जवाब कोलकाता पर हमले के रूप में देंगे। आसिफ ने अपने गृहनगर सियालकोट में पत्रकारों से बात करते हुए कहा था, 'अगर भारत इस बार हमें जिम्मेदार ठहरा कर कोई (सैन्य) ऑपरेशन करने की कोशिश करता है, तो हम कोलकाता तक निशाना साधेंगे।'

## पुडुचेरी | पुडुचेरी को पूर्ण राज्य का दर्जा, 30 हजार नौकरियों का वादा

### राहुल ने की चुनावी सभा



**पुडुचेरी।** पुडुचेरी के लॉस्पेट में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, बीजेपी ने पुडुचेरी को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का वादा किया था, लेकिन उसने दिया नहीं. हम पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। राहुल गांधी ने कहा- पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने का मुद्दा कांग्रेस का हमेशा से रहा है। पुडुचेरी में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा- हम बेरोजगार युवाओं को 2000 रुपये महीने की मदद देने जा रहे हैं। हम प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर में 30000 नई नौकरियां देने जा रहे हैं। महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा का वादा करते हुए राहुल ने कहा- मैं कई औरतों को यहां देख रहा हूं और मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि आप बसों में मुफ्त में सफर करने जा रही हैं।

### भाजपा पुडुचेरी को अदाणी के पास बेचना चाहती है

राहुल गांधी ने बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा- भाजपा रिमोट कंट्रोल से राज्य चलाती है। क्षेत्रीय नेताओं को दरकिनार कर दिया गया है। सैकड़ों फैक्ट्रियां अब बंद हो चुकी हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा – भाजपा चाहती है कि पुडुचेरी अदाणी का हो जाए। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कराईकल बंदरगाह पहले ही उन्हें बेचा जा चुका है। राहुल ने बीजेपी पर मंदिर पर कब्जा करने और भगवान से चोरी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- राज्य में कानून-व्यवस्था खराब हो रही है और लोग रात में बाहर निकलने से डरते हैं।

## रेस्टोरेंट से टकराया विमान, हादसे में दंपति समेत 4 लोगों की मौत




एजेंसी ▶▶| साओ पाउलो

ब्राजील में एक छोटा विमान रेस्टोरेंट पर गिर गया जिससे हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में हुआ। हादसा तब हुआ जब एक पाइपर मालिबू विमान साओ पाउलो से उड़ान भरकर कापाओ दा कनोआ एयरपोर्ट की ओर जा रहा था। लैंडिंग से ठीक पहले विमान एक खंभे से टकरा गया और फिर एक रेस्टोरेंट में जा गिरा, जिससे उसमें आग लग गई। इस हादसे में पायलट और तीन यात्रियों की मौत हो गई, जिनमें एक दंपत्ति भी शामिल था। राहत की बात यह रही कि जिस समय विमान रेस्टोरेंट से टकराया, वह बंद था, इसलिए जमीन पर कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, आसपास मौजूद लोग बाल-बाल बच गए।

### रेस्टोरेंट में लगी आग

हादसे के बाद रेस्टोरेंट में भीषण आग लग गई और आसमान में काला धुआं फैल गया। आसपास के घरों में रहने वाले लोगों को सिविल डिफेंस टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला। पास की एक दुकान को भी नुकसान पहुंचा है। राज्य के गवर्नर एडुआर्डो लेइटे ने कहा कि वे शुरू से ही स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और सभी सुरक्षा एजेंसियों को तैनात कर दिया गया है।

### ऐसे हुई दुर्घटना

हालांकि, अधिकारियों ने अभी दुर्घटना का कारण नहीं बताया है। ब्राजील के विमानन दुर्घटना जांच केंद्र के प्रमुख सेनिपा ने कहा कि विमान का तथाकथित 'ब्लैक बॉक्स', जिसमें ध्वनि रिकॉर्डिंग और उड़ान डेटा शामिल है, घटनास्थल से बरामद कर लिया गया है। दुर्घटना के वीडियो में मौसम साफ दिखाया गया है, और क्षेत्र में हल्की बारिश और 10 किमी प्रति घंटे (6 मील प्रति घंटे) की रफ्तार से हवा चलने का पूर्वानुमान है।

**ओबीसी आरक्षण पर हाई कोर्ट ने सुनाया अहम फैसला**

## 'पति की कमाई क्रीमी लेयर का आधार नहीं'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



ओबीसी क्रीमी लेयर पर हाई कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि किसी महिला अभ्यर्थी की क्रीमी लेयर स्थिति तय करने में उसके पति की आय को आधार नहीं माना जाएगा। इसे महिलाओं के लिए बड़ी राहत मानी जा रही है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने ओबीसी क्रीमी लेयर से जुड़े एक अहम मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि किसी महिला अभ्यर्थी की क्रीमी लेयर स्थिति तय करने में उसके पति की आय को आधार नहीं माना जाएगा, बल्कि महिला उम्मीदवार के माता-पिता की सामाजिक और आर्थिक स्थिति के आधार पर इसका निर्धारण किया जाएगा।

### यह है मामला

बता दें कि सुनीता यादव ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में याचिका दायर कर गरिमा राठौर की नियुक्ति को चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया था कि गरिमा के पति सिविल जज हैं और उनके परिवार की आय निर्धारित सीमा से अधिक है, इसलिए वह क्रीमी लेयर में आती हैं और ओबीसी आरक्षण का लाभ नहीं ले सकतीं।

### फैसले का मतलब

इस फैसले का मतलब है कि महिला उम्मीदवारों के लिए क्रीमी लेयर का निर्धारण उनके माता-पिता की आय और सामाजिक स्थिति के आधार पर होगा, न कि उनके पति या उनकी अपनी आय से। यह फैसला ओबीसी आरक्षण के लाभों को महिला उम्मीदवारों के लिए अधिक सुलभ बनाने में मदद कर सकता है।

## अरुणाचल सीएम घिरे, सरकारी ठेकों की जांच करेगी सीबीआई

*सुप्रीम कोर्ट ने दिए जांच के आदेश*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने परिवार से जुड़ी कंपनियों को सरकारी ठेके देने के आरोपों में सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, दो हफ्ते में सीबीआई प्रारंभिक जांच रजिस्टर्ड करे. सुप्रीम कोर्ट ने पेमा खांडू के परिवार से जुड़ी कंपनियों को सरकारी ठेके देने के मामले में सीबीआई या एसआईटी जांच की मांग वाली याचिका पर बीती 17 फरवरी 2026 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोमवार को जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने ये आदेश दिए। सेव मोन रीजन फेडरेशन नाम की एनजीओ ने ये याचिका दायर की थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि मुख्यमंत्री पेमा खांडू के परिवार से जुड़े लोगों की कंपनियों को सरकारी ठेके कथित तौर पर नियमों को दरकिनार कर और ऊंची दरों पर दिए गए।

### यह कहा सुको ने

*सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि सीबीआई नवंबर 2015 से 2025 तक के बीच हुए टेंडर और कॉन्ट्रैक्ट्स के आवंटन और उनके अमल में लाए जाने की प्रोसेस की जांच करेगी। इसके तहत खासतौर पर उन ठेकों को भी खंगाला जाएगा, जिनका जिक्र याचिका में है। सीबीआई को निर्देश दिया गया है कि वह 16 सप्ताह के भीतर अपनी प्रारंभिक जांच की स्टेटस रिपोर्ट अदालत में दाखिल करे। इस रिपोर्ट के आधार पर यह तय किया जाएगा कि मामले में आगे नियमित जांच की जरूरत है या नहीं।*

### जांच एजेंसी को दिए गए ये आदेश

जांच एजेंसी को फ्लो ऑफ पेमेंट्स, टेंडर प्रोसेस, और डीलिंग से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल करने के लिए कहा गया है। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि सीबीआई केवल इसी टाइम पीरियड तक सीमित नहीं रहेगी। अगर जांच के दौरान जरूरी समझा जाए तो एजेंसी इससे पहले या बाद के सौदों और लेन-देन की भी जांच कर सकती है। यानी जांच का दायरा व्यापक रखा गया है ताकि किसी भी संभावित अनियमितता को नजरअंदाज न किया जाए।

**भारत-बांग्लादेश सीमा पर बार्डर सिक्योरिटी फोर्स का नया प्लान**

# अब सांप और मगरमच्छ सुरक्षा में देंगे जवानों का साथ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल का सीमावर्ती इलाका लंबे समय से घुसपैठ के लिहाज से संवेदनशील माना जाता रहा है, जहां नदी और दलदली क्षेत्रों के कारण सुरक्षा चुनौती बनी रहती है। इन परिस्थितियों को देखते हुए बार्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) लगातार नए और प्रभावी तरीकों पर काम कर रही है ताकि सीमा को और ज्यादा सुरक्षित बनाया जा सके. इसी कड़ी में अब एक नया और अलग तरह का प्लान तैयार किया जा रहा है, जिसका मकसद घुसपैठ पर पूरी तरह रोक लगाना है। पश्चिम बंगाल का इलाका यहां से हमेशा घुसपैठ या फिर घुसपैठ की कोसिस होते रहती है, अब एक नया प्लान बीएसएफ यानी बॉर्डर सिक्युरिटी फोर्स ने तैयार किया हैं।

**लगभग 5 हजार किलोमीटर लंबी सीमा है यह | अपग्रेडेड टेक्नोलॉजी के जरिये होती है अभी सुरक्षा**



### यह है योजना

बीएसएफ सूत्रों ने बताया कि विशेष करके इंडो- बांग्ला बॉर्डर पर विशेष सतर्कता के लिये इस तरह की सुरक्षा का विचार किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक सबसे ज्यादा घुसपैठ की संभावना ,फेनी नदी,इच्छामती नदी: गंगा/पद्मा नदी, मुहुरी नदी से होती है, कियोकि इन नदियों का आधा भाग भारत मे तो आधा भाग बांग्लादेश में बहता है। आपको बता दें कि फिलहाल इस पर कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है, अभी इसकी योजना तैयार की जा रही है। इसी प्लान के तहत इलाको की पहचान कराई जा रही है जहाँ पर जहरीले सांप,बिछु और मगरमच्छ को बॉर्डर पर रखा जाएगा। बता दें, वर्तमान में बीएसएफ सीमा पर नफरी करने के साथ ही सुरक्षा के लिए ड्रोन, सेंसर, इंफ्रारेड कैमरे और कई तरह के अपग्रेडेड टेक्नोलॉजी का सहारा ले रही है।

### यह है मुश्किलें

भारत और बांग्लादेश की सीमा लगभग 5 हजार किलोमीटर की है और इतनी लंबी सीमा पर बाड़ लगाना संभव नहीं है, इसलिए इस तरह के विचार किए जा रहे हैं कि सीमा पर जहरीले साँप, बिच्छू और मगरमच्छ रखे जाएं। लगभग 5 हजार किलोमीटर की भारत-बांग्लादेश सीमा में से करीब 180 किलोमीटर का इलाका नदी और दलदली है, जहां बाड़ लगाना बहुत मुश्किल है। यही वजह है कि दलदली इलाके का फायदा उठाकर घुसपैठ की कोशिशें होती रहती हैं। हालांकि बीएसएफ इन्हें रोकने में सफल रहती है, लेकिन सावधानी के तौर पर इस प्लान को लागू करने पर विचार किया जा रहा है।

**ड्राइवर समेत 3 हिरासत में, कार भी बरामद**

## सुरक्षा में सेंध : दिल्ली विस का बैरियर तोड़कर घुसी कार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा कैंपस में सोमवार दोपहर को सुरक्षा में चूक हुई। दोपहर करीब 2 बजे यूपी नंबर की कार वीआईपी एंट्री वाला गेट नंबर-2 की बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुसी। कार ड्राइवर ने नकाब पहना हुआ था। ड्राइवर सीधे विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता के कार्यालय की ओर गया और पोर्च के पास गुलदस्ता रखकर कार समेत मौके से फरार हो गया। हालांकि, बम जैसी कोई चीज नहीं मिली। घटना के बाद दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंची। गेट नंबर 2 पर अब सीआरपीएफ की तैनाती की गई है। दिल्ली पुलिस ने आरोपी समेत 3 लोगों को हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए लोगों में से एक



उत्तर प्रदेश के पीलीभीत रहने वाला सरबजीत है। पुलिस ने टाटा सिएरा कार भी बरामद की है। हाल ही में विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकियां भी मिली थीं। वहां मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि एक कार तेजी से आई और गेट में टक्कर मारकर अंदर घुस गई और फिर कुछ देर तक परिसर में घूमती रही। इसी दौरान वहां लोगों ने देखा तो अफरातफरी मच गई। लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल भी उठाया।



# 84 की उम्र में कसरत करते आए नजर रंजीत

**मुंबई।** अभिनेता रंजीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रंजीत 84 साल की उम्र में भी जिम में जमकर कसरत करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को खुद रंजीत ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। इसमें उनकी बेटी, जो उनकी जिम ट्रेनर भी हैं, उन्हें एक्सरसाइज करने के लिए प्रोत्साहित करती नजर आ रही हैं। शुरू में रंजीत को एक्सरसाइज सही से करने में थोड़ी मुश्किल होती है, लेकिन तब उनकी बेटी ने मजाकिया अंदाज में उन्हें पुरानी फिल्मों की याद दिलाती हैं, तब रंजीत जोश में आ जाते हैं। बेटी कहती हैं कि फिल्मों में वे खलनायक बनकर नायिकाओं को कैसे पकड़ते थे।

## लाइफ Style

# सारा
## धुरंधर 2 की टीम के प्रति जताया आभार

फिल्म 'धुरंधर 2' की कामयाबी से आदित्य धर के साथ उनकी पत्नी यामी गौतम भी खुश हैं। उन्होंने धुरंधर 2 की लीड एक्ट्रेस सारा अर्जुन की तारीफ की है। उन्होंने युवा अभिनेत्री के अभिनय और लगन की जमकर सराहना की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सारा अर्जुन ने धुरंधर 2 में बेहतरीन काम करने के लिए पूरी टीम के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। हाल ही में सारा अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने फिल्म के सेट के पीछे की तस्वीरें शेयर की। एक लंबे नोट में, उन्होंने आदित्य धर, प्रोडक्शन हाउस, कॉस्ट्यूम डिजाइनरों, कास्टिंग डायरेक्टर, एडिटर, सिनेमैटोग्राफर और फिल्म पर काम करने वाले हर व्यक्ति के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

उन्होंने अपनी पोस्ट का समापन इन शब्दों के साथ किया, 'एक्टर पोस्टर पर दिखने वाले चेहरे होते हैं, लेकिन आप इस सिनेमा की रीढ़ हैं। धुरंधर की पूरी टीम का धन्यवाद।' इस पोस्ट पर यामी गौतम ने कमेंट किया। उन्होंने सारा की तारीफ की। उन्होंने लिखा 'तुम ही आज और कल हो, सारा... तुमने जो किया है, उस पर मुझे बहुत गर्व है।' इस पोस्ट पर सारा अर्जुन ने रिप्लाई करते हुए लिखा 'आभार जताने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं।' सारा की पोस्ट पर कमेंट करते हुए आदित्य धर ने लिखा 'जिस तरह से आप चीजों को महसूस करती हैं, उसमें एक हिम्मत है। जिस तरह से आप दुनिया को दिखाती हैं, उसमें गरिमा है।



## हॉलीवुड मसाला



# मास्टर्स ऑफ... का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** द मोस्ट पावरफुल मैन इन द यूनिवर्स, ही-मैन, मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स का धमाकेदार नया ट्रेलर पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज हो गया है। कई महीनों की उम्मीद और फैंस को टीज करने के बाद, अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने आखिरकार मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स का नया ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जो पॉप कल्चर की सबसे पसंदीदा फ्रेंचाइजी में से एक को भव्य अंदाज में बड़े पर्दे पर वापस ला रहा है। ट्रैविस नाइट द्वारा निर्देशित, यह फिल्म इस आइकॉनिक कहानी को एक लाइव-एक्शन साइ-फाई एक्शन एडवेंचर के रूप में फिर से पेश करती है।

# जापान में होगा क्रंचीरोल एनीमे अवॉर्ड्स का आयोजन

**लॉस एंजिल्स।** 'क्रंचीरोल एनीमे अवॉर्ड्स 2026' का आयोजन 23 मई को जापान के टोक्यो में होने वाला है। यह दसवां वार्षिक समारोह है। इसमें दुनियाभर की कई जानी मानी हस्तियां शामिल होंगी। इसी के साथ भारतीय अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इसमें प्रेजेंटर के तौर पर शामिल होंगी। इस अवॉर्ड की अलग-अलग कैटेगरी में दुनियाभर की कई फिल्मों और सीरीज को नामांकन मिला है। 'गाचियाकुटा', 'द रोज ऑफ वर्साय' और 'समर हिकारू डाइड' को नामांकन मिला है। विजेताओं का ऐलान 23 मई को किया जाएगा। इन अवॉर्ड्स के दसवें एडिशन में एनीमे ऑफ द ईयर के नॉमिनीज में डैन डा डैन' सीजन 2, गाचियाकुटा, 'माई हीरो एकेडेमिया, टाकोपीज ओरिजिनल सिन, द अपॉथेकरी डायरीज' सीजन 2 और द समर हिकारू डाइड शामिल हैं। फिल्म ऑफ द ईयर के नॉमिनीज में 100 मीटर्स, चेनसॉ मैन-द मूवी: रेजे आर्क, डेमन स्लेयर: किमेत्सु नो याइबा इन्फिनिटी कैसल, स्कारलेट और द रोज ऑफ वर्साय शामिल हैं। अवॉर्ड के प्रेजेंटर्स में रश्मिका मंदाना, एनाको, हन्ना बैंग, कासुमी अरिमुरा, मिटोरिजु, नानासे निशिनो, न्यवी एस्टेफान, स्निचरी और विंस्टन ड्यूक भी शामिल होंगे।



# चांद मेरा दिल की पहली झलक आई सामने, इश्क में डूबे लक्ष्य-अनन्या

**मुंबई।** एक्टर लक्ष्य और अनन्या पांडे की आगामी फिल्म 'चांद मेरा दिल' की पहली झलक सामने आई है। दोनों सितारे एक-दूजे के इश्क में डूबे नजर आ रहे हैं। यह एक इंटेंस लव स्टोरी फिल्म है। एक्टर लक्ष्य और अनन्या पांडे को लेकर करण जौहर 'चांद मेरा दिल' बना रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शंस ने सोमवार को इस फिल्म की पहली झलक साझा की है। बीते दिन उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जानकारी दी थी कि वे आरव (लक्ष्य) और चांदनी (अनन्या पांडे) से मिलवाएंगे। सोमवार को उन्होंने फिल्म के पोस्टर्स रिलीज किए हैं, साथ ही कहानी की थोड़ी झलक भी दी है। लक्ष्य और अनन्या रोमांटिक लुक में दिख रहे हैं। हर पोस्टर पर फिल्म की कहानी का मर्म लिखा है। इसमें लिखा है, 'प्यार में पड़ना आसान है। आगे बढ़ना मुश्किल है। जिंदगी जब सिलेबस बदल देती है। जब जिंदगी प्यार से भी तेज भागती है। हर मोहब्बत को दूसरा मौका नहीं मिलता'। 'चांद मेरा दिल' सिनेमाघरों में 22 मई को रिलीज होगी।




# शेयर किया अपना फिटनेस सीक्रेट



**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा 52 साल की हो चुकी हैं, लेकिन उनकी फिटनेस कमाल की है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना फिटनेस सीक्रेट फैंस के साथ शेयर किया है। मलाइका अरोड़ा फिटनेस को लेकर काफी सीरियस रहती हैं। इसके लिए वह काफी मेहनत भी करती हैं। मलाइका अरोड़ा हाल ही में सोफी चौधरी के फिटनेस शो 'फेमसली फिट विद सोफी' में नजर आईं। दोनो ने जिम में खूब एक्सरसाइज की। साथ ही फिटनेस को लेकर बातचीत भी की है। वह बताती हैं कि अपनी बॉडी की जरूरतों पर ध्यान देना चाहिए। साथ ही प्रैक्टिकल होकर फिटनेस पर ध्यान देना चाहिए। मलाइका कहती हैं, बस इसे एक बैज की तरह पहनें।

## टीवी मसाला



# इटली की पॉपुलर सीरीज पर बना है नया शो 'हुई गुम यादें'

**नई दिल्ली।** सोनी सब का नया शो 'हुई गुम यादें – एक डॉक्टर, दो ज़िंदगियां' 6 अप्रैल रात 8 बजे से हो गया है। यह सीरीज, विश्वभर में सराही गई इटैलियन ड्रामा डीओसी (डॉक)- नेल्ले तुए मानी से रूपांतरित है और भारतीय दर्शकों के लिए लेकर आ रही है एक दिल छू लेने वाली कहानी – हिम्मत, नए सिरे से जीने की कोशिश और ज़िंदगी में मिलने वाले दूसरे मौकों की ताक़त की। इस शो में मशहूर कलाकार इकबाल खान, गुलकी जोशी और सृष्टि सिंह नजर आएंगे। यादें का सफ़र एक संवेदनशील मेडिकल पृष्ठभूमि पर आधारित है, जहां एक डॉक्टर अपने अतीत से जूझते हुए अपनी पहचान और मक़सद को फिर से खोजने की कोशिश करता है। कहानी के केंद्र में है डॉ. देव मेहता, जिसे इक़बाल खान निभा रहे हैं। देव एक बेहद होनहार डॉक्टर है, जिसकी जिंदगी एक हादसे के बाद पूरी तरह बदल जाती है। इस हादसे में उसकी आठ साल की यादें मिट जाती हैं। अपने अतीत और बनाई हुई जिंदगी से वंचित, देव को अब अनजाने रास्तों पर चलना पड़ता है और उस शख़्सियत का सामना करना पड़ता है जिसे वह खुद भी याद नहीं कर पाता. इसके बाद शुरू होती है एक गहरी और भावनात्मक यात्रा – जहां देव अपने करियर को फिर से संवारता है, टूटे रिश्तों को जोड़ने की कोशिश करता है और डॉक्टर होने के साथ-साथ इंसानियत को और ज़्यादा अपनाता है। यह सफ़र उसे ज़िंदगी और इलाज दोनों को नए नज़रिए से देखने की ताक़त देता है।

## 90 के दशक में दूरदर्शन पर पॉपुलर था ये शो

**नई दिल्ली।** आज सोशल मीडिया के जमाने में किसी शो की पॉपुलैरिटी लाइक, शेयर और कमेंट से मापी जाती है, लेकिन 90 के दशक में कहानी बिल्कुल अलग थी। उस समय दर्शकों का प्यार कागज पर उतरता था और पोस्टकार्ड के जरिए टीवी तक पहुंचता था। लोग अपने पसंदीदा शो में नाम दिखाने के लिए उत्साह से चिट्ठियां भेजते थे। उसी दौर में एक ऐसा शो आया, जिसने दर्शकों की दीवानगी का ऐसा रिकॉर्ड बनाया, जिसे आज भी याद किया जाता है। हम बात कर रहे हैं सुरभि की, जिसे सिद्धार्थ काक और रेणुका शहाणे होस्ट करते थे। एक इंटरव्यू में सिद्धार्थ काक ने बताया कि शुरुआत में शो को सामान्य रिस्पॉन्स मिला। पहले कुछ महीनों में सिर्फ 10 से 200 तक चिट्ठियां आती थीं।



HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देंखे ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. पर्णिता बघेल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ. फिबी मसीह (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
वसुधा केयर हॉस्पिटल
(महिला एवं बच्चों का अस्पताल | प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जरी)
सुविधाएं • 24x7 डिलीवरी • शिशु रोग • दूरबीन द्वारा ऑपरेशन • सोनोग्राफी • बांझपन का इलाज • खून जांच
जीवन विहार कालोनी, सृष्टि प्लाजो के पास, अवंति विहार रोड, तेलीबांधा, रायपुर, मो. 0771-3523209, 7880001064, 7880001062

Sai Care Hospital श्री सांई केयर हॉस्पिटल
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सोमवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सेवाएं: कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डायबिटीज (मधुमेह) उपचार, लिवर व किडनी रोग, पाइल्स (बवासीर) का ऑपरेशन, थाइरॉयड सर्जरी, हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप), ब्रेस्ट लंप / ट्यूमर सर्जरी
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता :- 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट: खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

पाइल्स
क्षारकर्मा (लेप विधि) विशेषज्ञ
(ना कोई सुई, ना भर्ती 2 घंटे के बाद डिस्चाज)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
13000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टिकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

वैरिकोज वेन्स & VASCULAR Clinic
वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

## चिंतन

# रिश्तों को भी प्रभावित कर रही डिजिटल दुनिया

भारत में डिजिटल क्रांति ने जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित किया है, लेकिन अब इसका असर सबसे संवेदनशील क्षेत्र रिश्तों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। ग्लीडेन और एमोर जैसे विवाहेतर डेटिंग प्लेटफॉर्म्स पर 40 लाख से अधिक भारतीयों की मौजूदगी केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि बदलते सामाजिक ताने-बाने का संकेत है। सवाल यह है कि क्या यह बदलाव आधुनिकता की पहचान है या रिश्तों के संकट की आहट? इन प्लेटफॉर्म पर महिलाओं और पुरुषों दोनों की ही बढ़ती संख्या यह दर्शाती है कि अकेलेपन और अलगाव होने के बाद साथी की जरूरत ही लिव इन या ऐसे डेटिंग एप्स पर लोगों को आने का मजबूर करती है। भारतीय समाज में विवाह केवल दो व्यक्तियों का संबंध नहीं, बल्कि दो परिवारों का जुड़ाव माना जाता रहा है, लेकिन अब इस परंपरा को डिजिटल दुनिया नई दिशा दे रही है। महानगरों बेंगलुरु, हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई और पुणे में इन एप्स की बढ़ती लोकप्रियता यह दिखाती है कि तेज रफ्तार जीवनशैली और बढ़ते तनाव ने रिश्तों में दरारें पैदा की हैं। अब लोग भावनात्मक संतुष्टि और रोमांच की तलाश डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर कर रहे हैं। इस प्रवृत्ति के पीछे कई परतें हैं। सबसे प्रमुख कारण है भावनात्मक अकेलापन। व्यस्त दिनचर्या, करियर का दबाव और आपसी संवाद की कमी ने दांपत्य संबंधों को कमजोर किया है। जब घर में समझ और जुड़ाव नहीं मिलता, तो लोग बाहर विकल्प तलाशते हैं। एक रिसर्च के अनुसार, यही हाल रहा तो भारत 2027 में अमेरिका के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा डेटिंग सर्विस मार्केट बन जाएगा। चिंताजनक बात यह है कि इस ट्रेंड में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं की संख्या में 148 प्रतिशत तक की वृद्धि यह दर्शाती है कि अब वे भी अपने निजी जीवन में अधिक स्वतंत्र निर्णय ले रही हैं। यह बदलाव एक ओर महिला सशक्तिकरण का संकेत माना जा सकता है, लेकिन दूसरी ओर यह पारिवारिक स्थिरता के लिए चुनौती भी बन रहा है। सिर्फ युवा ही नहीं, 40 वर्ष से अधिक आयु के लोग भी तेजी से इन प्लेटफॉर्म्स की ओर बढ़ रहे हैं। यह संकेत है कि विवाह के वर्षों बाद भी लोग भावनात्मक खालीपन महसूस कर रहे हैं। समाजशास्त्रियों के अनुसार, यह केवल 'अफेयर' का मामला नहीं, बल्कि रिश्तों की बदलती परिभाषा का संकेत है। हालांकि, इस बदलाव के खतरनाक पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वृद्धि हुई है, और कई मामलों में रिश्तों में अविश्वास और धोखा भी एक कारण बन रहा है। इसके अलावा, डेटिंग प्लेटफॉर्म्स पर पहचान छिपाने की सुविधा अपराधियों के लिए भी अवसर बन सकती है। ऐसे में डिजिटल रिश्तों का यह जाल सामाजिक सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा कर रहा है। देश में पिछले कुछ समय से शादी, डेटिंग या लिव-इन जैसे अंतरंग रिश्तों में हिंसा के मामले बढ़ रहे हैं। राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की सितंबर 2025 में जारी रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में महिलाओं के खिलाफ 4.48 लाख अपराध दर्ज हुए, जो 10 साल में सबसे ज्यादा हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में यूपी, महाराष्ट्र, प. बंगाल और राजस्थान सबसे आगे हैं। एक सर्वे के मुताबिक करीब 59% शादियां पार्टनर की बेवफाई की वजह से ही टूट रही हैं। रिश्तों में विश्वास की कमी समाज में अस्थिरता को जन्म दे सकती है। इसका समाधान रिश्तों से बाहर नहीं, बल्कि रिश्तों के भीतर खोजने की जरूरत है। संवाद, समझ और समय ये तीन तत्व किसी भी संबंध को मजबूत बना सकते हैं।

## स्वास्थ्य दिवस आज

महेन्द्र तिवारी



# बदलते परिवेश में स्वास्थ्य चुनौतियां

विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को मनाया जाता है, जो न केवल स्वास्थ्य के प्रति चेतना जगाने का कार्य करता है, बल्कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को भी प्रेरित करता है। इस विशेष दिन की नींव 7 अप्रैल 1948 को विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना के साथ रखी गई थी, और इसे आधिकारिक रूप से पहली बार 1950 में मनाया गया। वर्ष 2026 में, जब दुनिया तकनीकी और वैज्ञानिक प्रगति के एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है, विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम 'स्वास्थ्य के लिए एकजुट। विज्ञान के साथ खड़े रहें' निर्धारित की गई है। यह थीम एक अत्यंत महत्वपूर्ण मोड़ पर हमारे सामने आई है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी सूचनाओं, मिथकों और वैज्ञानिक तथ्यों के बीच एक निरंतर संघर्ष देखा गया है। यह विषय हमें इस बात के लिए प्रोत्साहित करता है कि हम अपने जीवन और स्वास्थ्य के प्रति निर्णय लेते समय भावनाओं या अफवाहों के बजाय साक्ष्य-आधारित विज्ञान को आधार बनाएं। 2026 का यह अभियान इसी वैज्ञानिक दृष्टिकोण को वैश्विक सहयोग के साथ जोड़ने की एक सशक्त पुकार है। इतिहास देखें तो वैश्विक स्वास्थ्य सहयोग की यात्रा 19वीं शताब्दी के मध्य में शुरू हुई थी। वर्ष 1851 में पेरिस में आयोजित पहला अंतरराष्ट्रीय स्वच्छता सम्मेलन इस दिशा में पहला बड़ा कदम था, जिसका उद्देश्य हैजा जैसी संक्रामक बीमारियों के प्रसार को रोकना था। इसके बाद 1902 में पैन-अमेरिकन सैनिटरी ब्यूरो और 1907 में ऑफिस इंटरनेशनल डी'हाइजीन पब्लिक जैसे संगठनों ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य सहयोग की नींव को और मजबूत किया। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका के बाद जब संयुक्त राष्ट्र का गठन हुआ, तब यह महसूस किया गया कि एक ऐसी वैश्विक संस्था की आवश्यकता है जो बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के पूरी मानवता के स्वास्थ्य की रक्षा कर सके। परिणामस्वरूप, 1946 में न्यूयॉर्क में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य सम्मेलन में विश्व स्वास्थ्य संगठन के संविधान पर 61 देशों ने हस्ताक्षर किए और अंततः 7 अप्रैल 1948 को यह संगठन अस्तित्व में आया। वर्तमान में विश्व स्वास्थ्य संगठन के 194 सदस्य देश हैं, जो दुनिया भर में 'स्वास्थ्य सबके लिए' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की सबसे बड़ी सफलता 1980 में चेचक का वैश्विक उन्मूलन रही है, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि यदि दुनिया विज्ञान के साथ एकजुट होकर खड़ी हो, तो किसी भी असाध्य बीमारी को जड़ से मिटाया जा सकता है। इसके अलावा, पोलियो के मामलों में 99 प्रतिशत से अधिक की कमी, एचआईवी/एड्स के उपचार में प्रगति और हाल के वर्षों में मलेरिया के पहले टीके (आरटीएस, एस/एएस01) की मंजूरी विज्ञान की ही गौरवशाली उपलब्धियां हैं। टीकाकरण से लेकर कैंसर के उपचार तक, लोग अक्सर वैज्ञानिक प्रमाणों के स्थान पर अवैज्ञानिक दावों की ओर आकर्षित हो जाते हैं। ऐसे में यह थीम दुनिया को याद दिलाती है कि विज्ञान ने ही हमें टीके, एंटीबायोटिक्स, उन्नत सर्जिकल तकनीक और जीवन रक्षक दवाएं दी हैं। वैज्ञानिक अनुसंधान के प्रति सम्मान और शोध में निवेश ही वह मार्ग है, जिससे भविष्य की महामारियों को रोका जा सकता है। इसके साथ ही, 2026 का अभियान वन हेल्थ दृष्टिकोण पर बहुत अधिक जोर देता है। विज्ञान हमें बताता है कि मनुष्यों का स्वास्थ्य अकेले नहीं सुधारा जा सकता, क्योंकि यह पशुओं और हमारे साझा पर्यावरण के स्वास्थ्य से गहराई से जुड़ा हुआ है। डेटा बताते हैं कि मनुष्यों में होने वाली लगभग 75 प्रतिशत नई उभरती संक्रामक बीमारियां 'जूनोटिक' होती हैं, यानी वे जानवरों से मनुष्यों में फैलती हैं। गैर-संचारी रोग जैसे हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर और श्वसन संबंधी बीमारियां वर्तमान में दुनिया भर में होने वाली कुल मौतों का लगभग 74 प्रतिशत हिस्सा हैं। डेटा के अनुसार, प्रत्येक वर्ष लगभग 41 मिलियन लोग इन बीमारियों के कारण अपनी जान गंवाते हैं, जिनमें से 17 मिलियन मौतें 70 वर्ष की आयु से पहले ही हो जाती हैं। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि हमारी जीवनशैली और वैज्ञानिक परामर्श की अनदेखी हमें किस ओर ले जा रही है। विशेष रूप से मधुमेह की समस्या एक वैश्विक संकट बन चुकी है, जिससे दुनिया भर में 530 मिलियन से अधिक लोग प्रभावित हैं और यह संख्या 2045 तक बढ़कर 780 मिलियन होने का अनुमान है। मानसिक स्वास्थ्य भी एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर 2026 के इस अभियान में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अतः यह दिवस हमें निरंतर यह प्रेरणा देता रहे कि स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक धरोहर है, जिसे हमें वैज्ञानिक सोच और एकजुटता के साथ सुरक्षित रखना है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# डिजिटल युग में भरोसेमंद है अखबार



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

बीते दिनों एक समाचार पत्र द्वारा आयोजित एक किताब के विमोचन समारोह अवसर पर 'डिजिटल सुनामी के बीच प्रिंट' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता द्वारा परंपरागत मीडिया के सामने डिजिटल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस 'एआई' के चुनौतियों के बारे में अनेक पहलुओं पर विचार साझा किया गया। व्याख्यान का कुल मिलाकर लब्बोलुआब यही था कि डिजिटल मीडिया की सुनामी और 'एआई' के झंझावात के बावजूद प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता अभी भी कायम है। बिलाशक मीडिया विस्फोट के बावजूद अखबार आज भी आम भारतीय परिवारों के दिनचर्या का अहम हिस्सा है। एक दौर वह भी था जब घरों में सुबह की शुरुआत अखबार और चाय की प्याली से होती थी। अखबार के प्रति लोगों में बेकरारी का आलम यह होता था कि यदि तय वक्त में यह न पहुंचे तो लोग दरवाजे पर हॉकर का इंतजार करते थे। उस पीढ़ी में परिवार के लोग अखबार के अलग-अलग पन्नों को बांटकर पढ़ा करते थे और सबके अपने-अपने पसंदीदा पेज हुआ करता था।

गौरतलब है कि प्रागैतिहासिक काल से आधुनिक सभ्यता के विकास के हर दौर में मनुष्य सूचनाओं के प्रति हमेशा से जिज्ञासु रहा है।मानवीय जिज्ञासा का ही परिणाम है कि संचार माध्यमों का बड़ी तेजी से विकास हुआ है जिससे मीडिया जगत भी अछूता नहीं है। वक्त ने करवट बदली और नयी पीढ़ी अखबार से दूर होते चली गई। इस बदलाव की प्रमुख वजह युवा पीढ़ी की अस्त-व्यस्त दिनचर्या और अखबारों के प्रति उदासीनता के अलावा डिजिटल मीडिया की लत है। आज की पीढ़ी खबरों के लिए सोशल मीडिया खंगालती है भले ही खबरों की सत्यता संदेहास्पद हो। अखबार और डिजिटल मीडिया में यही मूल अंतर है कि समाचार-पत्रों में किसी भी खबर के प्रति मर्यादा और जवाबदेही होती है जबकि डिजिटल मीडिया में इसका सर्वथा अभाव होता है। नयी पीढ़ी को अखबारों से जोड़ने के उद्देश्य से ही उत्तरप्रदेश, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में वहां के सरकारों ने सभी सरकारी स्कूलों में छात्रों को प्रतिदिन अखबार पढ़ाए जाने का निर्णय लिया है। इस फैसले के पीछे प्रमुख मंशा छात्रों में पढ़ने की आदत और रूचि को विकसित करना है और यह समाचार पत्रों के माध्यम से ही संभव है। बेशक राज्य सरकारों का यह निर्णय अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय है क्योंकि इससे छात्रों के स्क्रीन टाइम में भी कमी आएगी जो एक बड़ी चुनौती है।

सूचना क्रांति के वर्तमान दौर में डिजिटल और सोशल मीडिया के धमक ने सदियों पुराने पारंपरिक मीडिया के वर्चस्व को तोड़ दिया है। इंटरनेट ने समाचारों की गति और प्रकृति दोनों को बदल दिया है जबकि पत्रकारिता का उद्देश्य तकनीक में नहीं बल्कि खबरों की सत्यता में है। विडंबना है कि आज के 'इंस्टेंट' दौर में पाठक सोशल मीडिया की बिखरी हुई खबरों को सच मान रहा है जो पत्रकारिता के लिए एक त्रासदी है। डिजिटल और सोशल मीडिया ने खबरों की रफ्तार को रॉकेट साइंस की गति दे दी है फलस्वरूप सबसे पहले और सबसे जल्दी की फेर में खबर की सत्यता परखे बिना फर्जी खबरें और विडियो को रिट्वीट या वायरल करने की दिवानगी काफी बढ़ी है।हाल के दिनों में अनेक राजनेताओं और सेलेब्रिटियों के मौत से लेकर सांप्रदायिक दंगों से संबंधित फेक न्यूज और विडियो वायरल होने के मामले प्रकाश में आई है जिससे तनाव बढ़ा था। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के एक शोध में पता चला है कि डिजिटल मीडिया में फर्जी खबरें बड़ी तेजी से फैलती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि फेक न्यूज 'अधिक नवीन' होता है और यूजर्स भी अपने उतावलेपन में बिना खबर की पुष्टि किए तेजी से रिट्वीट या शेयर करते हैं। वैश्विक परिदृश्य में देखें तो शोध के नतीजे सौ फीसदी सटीक हैं क्योंकि कोरोना महामारी और युद्ध के दौरान सबसे फर्जी खबरें और वीडियो सोशल मीडिया के जरिए ही फैली है।



बकौल वरिष्ठ पत्रकार आलोक पुतुल 'डिजिटल मीडिया ने सूचना को लोकतांत्रिक बनाया है लेकिन इसमें संपादन की संस्कृति कमजोर हो गई है। डिजिटल मीडिया में संवाद बढ़ा है लेकिन भाषा और तथ्य दोनों असावधान हो गए हैं। उनका मानना है कि डिजिटल मीडिया अभिव्यक्ति का सबसे बड़ा माध्यम है लेकिन सत्य और असत्य का फासला काफी कम रह गया है।इसके इतर प्रिंट मीडिया में खबरें कई स्तरों से गुजरती है और संपादक का निर्णय अंतिम होता है मतलब साफ है कि इस माध्यम में खबरों की जवाबदेही तय है। अखबारों की इसी जिम्मेदारी के चलते पाठकों का भरोसा आज भी डिजिटल मीडिया की तुलना में प्रिंट मीडिया के प्रति अधिक है।मुकम्मल बात यह कि मीडिया जगत में हो रहे तमाम बदलाव के बावजूद डिजिटल मीडिया के सामने सबसे बड़ा संकट भरोसे का है जिसके चलते गंभीर पाठकों का विश्वास अखबारों पर ही है। ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशंस 'एबीसी' के एक सर्वे के मुताबिक 70 फीसदी से अधिक पाठकों ने प्रिंट मीडिया को भरोसेमंद बताया है।

गौरतलब है कि भारत में समाचार पत्रों का स्वर्णिम इतिहास रहा है, देश के स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर स्वातंत्र्योत्तर भारत के राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में अखबारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अखबारों के इतिहास पर गौर करें तो दुनिया में अखबारों की शुरुआत 400 साल पहले हुई वहीं भारत में यह 245 साल पुराना है। देश का पहला अंग्रेजी अखबार 1780 में 'द बंगाल गजट ' के नाम से कोलकाता से प्रकाशित हुआ तथा 1826 में 'उदन्त मार्तण्ड' के नाम से पहले हिंदी समाचार पत्र की शुरुआत हुई। इंटरनेट क्रांति से पहले तक अखबार ही समाचार और सूचनाओं के लिए एक सबसे प्रभावी माध्यम हुआ करता था। देश में भारतीय परिवारों के बीच रेडियो , टेलीविजन न्यूज चैनलों की पैठ होने के बावजूद अखबारों की प्रासंगिकता थी क्योंकि समाचार पत्र ही एक ऐसा माध्यम था जो लोगों को स्थानीय से लेकर देश और दुनिया की खबरें देने में कामयाब है।मीडिया जगत में हो रहे बदलाव के मद्देनजर अखबारों ने भी अपने तकनीक को विकसित किया है जिसका परिणाम है कि आज समाचार पत्र भी डिजिटल से लेकर प्रिंट के स्वरूप में पाठकों के सामने है। समाचार पत्रों के बाजार को देखें तो कोरोना महामारी के दौर को छोड़ दें तो भारत दुनिया का सबसे बड़ा समाचार पत्र बाजार है। बीते वर्ष 2025 में भारतीय अखबार उद्योग का कुल राजस्व 26,000 करोड़ से अधिक था जिसका चालू वर्ष में 30,000 करोड़ रुपए होने की संभावना है। अनुमान के मुताबिक साल 2030 भारतीय अखबार उद्योग का बाजार 36,000 करोड़ रुपए पहुंचने की उम्मीद है। कोरोना महामारी ने प्रिंट मीडिया पर खासा असर डाला था फलस्वरूप 2020 में राजस्व प्राप्ति 19,000 करोड़ रुपए की थी।

अलबत्ता अखबार केवल बौद्धिक विकास में ही सहायक नहीं है बल्कि यह बुजुर्गों में होने वाले मानसिक रोग 'अल्जाइमर' के बचाव और नियंत्रण में भी सहायक है। इस दिमागी बीमारी में व्यक्ति की याददाश्त धीरे-धीरे कमजोर होते जाती है जिससे उसके सोचने - समझने की क्षमता और व्यवहार पर असर पड़ता है। चिकित्सा विशेषज्ञों की मानें तो अखबारों में प्रकाशित होने वाले शब्द पहेली, सुडोकू और वर्ग पहेली का नियमित अभ्यास अल्जाइमर के बचाव और नियंत्रण में मददगार हो सकता है। दरअसल शब्द पहेली और सुडोकू मस्तिष्क को सक्रिय रखती है तथा याददाश्त में सुधार भी करता है। इन पहेलियों से लोगों में जहां तर्क शक्ति बढ़ती है वहीं इससे मनोरंजन भी होता है जो एकाकीपन और अवसाद से बचाता है। लिहाजा हम कह सकते हैं कि अखबार केवल राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक चेतना के लिए ही नहीं बल्कि सेहत और बौद्धिक विकास के लिए भी आवश्यक है। अखबार केवल सूचना और बौद्धिक विकास के माध्यम ही नहीं है बल्कि यह लाखों लोगों के आजीविका का भी साधन है।

बहरहाल भारत में अखबारों के सामने सबसे बड़ी चुनौती राजस्व की है क्योंकि एक दौर में विज्ञापनों पर एकाधिकार सिर्फ अखबारों और पत्रिकाओं का था लेकिन टेलीविजन के विस्तार ने इस एकाधिकार पर तेजी से असर डाला है। आज इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया से आगे डिजिटल मीडिया खड़ा है जिसके हिस्से में अच्छा - खासा राजस्व जा रहा है लिहाजा अखबारों के सामने अनेक चुनौतियां भी हैं। अलबत्ता आम पाठकों की रूचि गंभीर लेखन और सच को पढ़ने की है इसलिए तमाम चुनौतियों के बावजूद अखबार का अस्तित्व हमेशा रहेगा। यह भी सच है कि जो भरोसेमंद होता है वही टिकाऊ होता है लिहाजा यह भरोसा कायम रखने के लिए अखबारों को भी वर्तमान जरूरत के मुताबिक अपने कलेवर और कंटेंट में बदलाव करना होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## मन पतंग, श्वास डोर!




संकलित

दर्शन

केवल एक स्वस्थ कली ही खिल सकती है। उसी प्रकार केवल एक स्वस्थ व्यक्ति ही सफल हो सकता है। तो स्वस्थ होना क्या है? यदि आपके भीतर कड़ापन, बेचैनी या असंतोष है, तो आप स्वस्थ नहीं हैं। यदि मन अस्थिर और अशांत है, तो आप मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। यदि भावनाएं असंतुलित हैं, तो आप भावनात्मक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। पूर्ण स्वास्थ्य की स्थिति प्राप्त करने के लिए मन को शांत, स्थिर और भावनाओं को कोमल रखना आवश्यक है। पूर्ण स्वास्थ्य हमारे भीतर से बाहर और बाहर से भीतर निरंतर प्रवाहित होना चाहिए। संस्कृत में स्व या आत्मा में स्थित होने को स्वास्थ्य कहते हैं। हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि हमारा अस्तित्व के पांच कोश (परत) होते हैं। पहला है पर्यावरण, अर्थात हमारे चारों ओर का वायुमंडल- यह हमारा मूल आवरण है। दूसरा है भौतिक शरीर। तीसरा है प्राणमय कोश, अर्थात जीवन ऊर्जा। चौथा है मनोमय कोश, जिसमें विचार, भावनाएं और कल्पनाएं होती हैं। पांचवां है विज्ञानमय या अंतर्ज्ञानमय कोश, जिसमें सहज अनुभूति और गहरी समझ होती है- यह अत्यंत सूक्ष्म और प्रभावशाली है। जब कोई रोग उत्पन्न होता है, तो वह पहले विचार रूप में आता है, फिर ध्वनि रूप में, फिर प्रकाश रूप में आभामंडल में प्रकट होता है, और अंततः शरीर में दिखाई देता है।

## जब हमसे कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकार करें



संकलित

प्रेरणा

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### युद्ध की आग में झुलसती दुनिया

मध्य पूर्व का क्षेत्र एक बार फिर भय और अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। चारों ओर धुएं के गुबार उठ रहे हैं और कभी आबाद रहने वाले शहर अब खामोश खंडहरों में बदलते जा रहे हैं। जहां कभी बच्चों की आवाजें गूंजती थीं वहां अब सन्नाटा और डर का माहौल है। इमारतें धीरे धीरे जंगल का रूप लेती जा रही हैं और इनसान अपनी ही बनाई तबाही के बीच जीने को मजबूर है। यह केवल किसी एक देश की त्रासदी नहीं है बल्कि पूरी मानवता के लिए एक चेतावनी है। ईरान और अमरीका के बीच बढ़ता संघर्ष केवल दो देशों का टकराव नहीं, बल्कि वैश्विक संतुलन को प्रभावित करने वाला संकट बन चुका है। हाल की घटनाओं में जिस तरह से युद्ध ने तीव्र रूप लिया है उससे यह साफ हो गया है कि हालात किसी भी समय और ज्यादा गंभीर हो सकते हैं। दुनिया युद्ध की आग में झुलस रही है। *-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### कार्यकर्ता ही ताकत



भाजपा की ताकत उसके कार्यकर्ताओं में निहित है। उनकी अटूट निष्ठा और सेवा के प्रति समर्पण ही यह सुनिश्चित करता है कि पार्टी का विज़न देश के हर कोने तक पहुंचे। उनके प्रयास पार्टी को आगे बढ़ाने की ऊर्जा प्रदान करते हैं। **-नरेंद्र मोदी,** पीएम

### मेडिकल कॉलेजों में सीटें बेची



नारायणसामी सरकार के दौरान मेडिकल कॉलेजों की पीजी और डिप्लोमा सीटें खुलेआम बेची जाती थीं। दलित भाइयों और बहनों के लिए आरक्षित सीटें भी आरक्षण नियमों से बाहर जाकर बेची गईं। उन्होंने इस खूबसूरत राज्य को बर्बाद करने का काम किया। **-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### एलडीएफ-भाजपा में डील



आने वाले केरलम चुनाव के लिए एलडीएफ और भारतीय जनता पार्टी के बीच एक सीक्रेट डील हुई है। हमने देखा है कि सबरीमाला मंदिर में बड़े पैमाने पर चोरियां हुई हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से एक शब्द भी नहीं आया। यहीं इस डील के सबूत हैं। **-प्रियंका गांधी,** कांग्रेस सांसद

### मोदी कुछ नहीं बोले



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने खुलेआम कोलकाता पर हमला करने की धमकी दी है। और नरेंद्र मोदी ने क्या कहा? कुछ नहीं। क्या हम इंडियन यूनियन का एक स्टेट नहीं माने जाते? क्या हमारे लोगों की जान कोई मायने नहीं रखती? **-ममता बनर्जी,** सीएम पश्चिम बंगाल

## करंट अफेयर

# किम की बेटी हो सकती है उनकी उत्तराधिकारी



दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी का कहना है कि अब उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की किशोरवय बेटी को उनकी उत्तराधिकारी के रूप में देखना उचित होगा। यह किम जोंग उन की बेटी की बढ़ती राजनीतिक स्थिति पर अब तक का सबसे जोरदार आकलन है, जिसके बारे में एजेंसी का मानना है कि वह अपने परिवार के शासन को चौथी पीढ़ी तक बढ़ा सकती है। सरकारी मीडिया द्वारा किम की 'सबसे प्रिय' या 'सम्मानित' संतान के बतायी जा रही यह लड़की, 2022 के अंत से अपने पिता के साथ कई हाई-प्रोफाइल कार्यक्रमों में शामिल हुई है, जिससे यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि उसे उत्तर कोरिया की भावी नेता के रूप में तैयार किया जा रहा है। 'नेशनल असेंबली' में हुई एक गुप्त बैठक के दौरान, दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा के निदेशक ली जोंग-सीओक ने कहा कि लड़की को किम का उत्तराधिकारी माना जा सकता है। बैठक में शामिल सांसदों में से एक, ली सियोंग क्वोन के अनुसार, निदेशक ने यह बात लड़की की राजनीतिक स्थिति के बारे में सांसदों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में कही। सांसद ली ने बैठक के दौरान बताया कि जब किम की बहन किम यो जोंग (जिन्हें लंबे समय से उत्तर कोरिया का दूसरा सबसे शक्तिशाली व्यक्ति माना जाता रहा है।

## ऑफ बीट

# क्या वजन से स्वास्थ्य का आकलन हो सकता है



हमें पढ़ाया गया है कि दुबलेपन का सेहत से और अधिक वजन का बीमारी से संबंध होता है। लेकिन विज्ञान एक ज़्यादा बारीक कहानी कहता है-जहां वजन एक कहीं ज़्यादा जटिल तस्वीर में सिर्फ एक आंकड़ा भर है। तो अगर अकेले वजन ही यह नहीं दर्शाता कि हम कितने स्वस्थ हैं, तो और क्या दर्शाता है? शरीर का वजन स्वास्थ्य के सबसे ज्यादा मापे जाने वाले पैमानों में से एक है। समाज इस पर बहुत जोर देता है और किसी व्यक्ति के वजन की आलोचना को अक्सर स्वास्थ्य संबंधी चिंता के रूप में देखा जाता है। तो वजन असल में कितनी सार्थक स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करता है? सीधे शब्दों में कहें तो, व्यक्ति का वजन शरीर द्वारा ग्रहण की जा रही कैलोरी पर निर्भर करता है। समय के साथ वजन में बदलाव कैलोरी की खपत की ओर इशारा कर सकता है। अगर उनका वजन बढ़ रहा है, तो इसका मतलब यह है कि वे जितनी कैलोरी जला रहे हैं, उससे ज़्यादा सेवन कर रहे हैं। वहीं, अगर उनका वजन घट रहा है, तो इसका मतलब यह है कि वे जितनी कैलोरी ले रहे हैं, उससे ज़्यादा जला रहे हैं। शायद यह समझना ज़्यादा उपयोगी होगा कि वजन हमें स्वास्थ्य संबंधी कौन-सी जानकारी नहीं देता। कोलेस्ट्रॉल, रक्त शर्करा, रक्तचाप और हृदय गति जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संकेतक अक्सर नहीं मापे जाते हैं।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# खाद्यान्न, गैस, आवश्यक वस्तुओं की है देश में पर्याप्त उपलब्धता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

■ पश्चिम एशिया संकट के बीच केंद्र ने दिया भरोसा

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच केंद्र सरकार ने देशवासियों को आश्वस्त किया है कि भारत में खाद्यान्न और आवश्यक वस्तुओं की कोई कमी नहीं है। नई दिल्ली में "पश्चिम एशिया की हालिया स्थिति" पर आयोजित अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्थिति की जानकारी दी।

## खाद्यान्न और कीमतों पर स्थिति

उपभोक्ता मामलों के विभाग के अतिरिक्त सचिव अनुपम मिश्रा ने बताया कि देश में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में कोई असामान्य उतार-चढ़ाव नहीं देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि दालों का उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में अधिक हुआ है और सरकार लगातार कीमतों व आपूर्ति की निगरानी कर रही है। समुद्री मार्ग और गैस आपूर्ति सुरक्षित : पोर्ट्स, शिपिंग और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने बताया कि भारतीय ध्वज वाले दो जहाज ग्रीन संघवी और ग्रीन आशा हाल ही में हॉर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित गुजर चुके हैं।

## गेहूं-चावल का पर्याप्त भंडार

खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग की संयुक्त सचिव सी. शिखा ने बताया कि देश में गेहूं और चावल का पर्याप्त बफर स्टॉक मौजूद है। वर्तमान में लगभग 602 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कमजोर वर्गों को लगातार खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही ओपन मार्केट सेल स्कीम के जरिए बाजार में आपूर्ति बढ़ाकर कीमतों को स्थिर रखा जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि खाद्य तेल और चीनी की आपूर्ति भी संतोषजनक है तथा महंगाई नियंत्रण में है। पैकेजिंग सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक स्रोतों और आपात उपायों का सहारा लिया जा रहा है।

पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पीएम मोदी ने दिया वीडियो संदेश

# 'राष्ट्र प्रथम' की विचारधारा के साथ भाजपा आगे बढ़ रही: नबीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने सोमवार को पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी का ध्वज फहराया और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। नवीन ने कहा कि 'राष्ट्र प्रथम' की विचारधारा के साथ भारतीय जनता पार्टी निरंतर आगे बढ़ रही है और आज 14 करोड़ से अधिक सदस्यों के साथ विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के अटूट विश्वास का प्रतीक है। पार्टी का लक्ष्य अभी दूर है और इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए हर कार्यकर्ता को अपना पूरा योगदान देना होगा। उन्होंने आगे कहा, भाजपा की राजनीतिक यात्रा, कार्यकर्ताओं के संघर्ष और बलिदान को याद करते हुए पार्टी के मूल्यों, विचारधारा और राष्ट्र सेवा के प्रति उसके अटूट समर्पण को रेखांकित किया तथा कार्यकर्ताओं से इसी भावना के साथ देशहित में निरंतर कार्य करते रहने का आह्वान किया।

## यह कहा पीएम मोदी ने



नवीन के संबोधन से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो संदेश के माध्यम से भाजपा परिवार के करोड़ों कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया और कहा कि भाजपा आज गुड गवर्नेंस का लास्ट माइल तक डिलीवरी का सिंबल बन गई है और भाजपा की पहचान के साथ ये बात जुड़ गई है कि जो वो कहती है, वो करती जरूर है।

## ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम के दौरान मंच पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी. एल. संतोष, राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री और प्रशिक्षण कार्यक्रम के संयोजक शिव प्रकाश, राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम सहित अन्य वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ब्रह्मोस प्रोजेक्ट से जुड़े रूसी वैज्ञानिक की मौत

**नई दिल्ली।** ब्रह्मोस मिसाइल प्रोजेक्ट से जुड़े रूस के प्रमुख वैज्ञानिक अलेक्जेंडर लियोनोव का 74 साल की उम्र में निधन हो गया है। वे रूस के प्रमुख मिसाइल डिजाइनरों में शामिल थे। लियोनोव एनपीओ माशिनोस्ट्रोएनिया के सीईओ और चीफ डिजाइनर थे, जो भारत-रूस की ब्रह्मोस एयरोस्पेस का प्रमुख साझेदार है। उन्हें उन्नत मिसाइल तकनीक के विकास के लिए जाना जाता था।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)**

**निविदा सूचना**
**(प्रथम आमंत्रण)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र. / सिस्टम टेन्डर नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 323/187450 | Interior Beautification of Conferance Hall, Adc Staff Room, Adc Chamber at Secretariat Building and Mahanadi Adc Office, at Lokbhavan, Raipur (C.G.) | रू. 80.00 लाख |
| 324/187452 | Interior Beautification And Furnishing Work of Mahanadi (Governor House), Vvip Suit (Udanti Parisar) And All Suites For Accmondation of Vips In Lokbhavan Prisar Raipur (C.G.) | रू. 80.00 लाख |

निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 22.04.2026 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर
मंडल क्र.-1, रायपुर (छ)

G-262700054/2




# कनाडा में 'एंटी-हेट' बिल को मंजूरी से बौखलाए खालिस्तानी, मंदिरों के बाहर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



प्रधानमंत्री मार्क कॉर्नी की यात्रा के बाद से भारत और कनाडा के संबंधों में लगातार सुधार देखने को मिल रहा है। हाल के समय में महत्वपूर्ण शहरों में राजनयिकों की नियुक्ति भी की गई है। लेकिन इन सबके बीच सामने आई एक और बेहद जरूरी जानकारी से ये पता चला है कि कनाडा की संसद के निचले सदन यानी हाउस ऑफ कॉमन्स ने 'एंटी-हेट बिल यानी सी-9' को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। जिससे अब आने वाले वक्त में कनाडा में खासतौर पर खालिस्तानियों द्वारा अपनी नकारात्मक भारत विरोधी गतिविधियों के लिए धार्मिक पूजा स्थलों (हिंदू मंदिरों) को निशाना नहीं बनाया जा सकेगा। साथ ही अब उनके विरोध-प्रदर्शनों पर भी रोक लगी रहेगी। जैसे ही यह खबर खालिस्तानियों तक पहुंची, तो उन्होंने भारत में प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) की अगुवाई में बीते रविवार को बिल के विरोध में ब्रैम्पटन और सरे शहर के हिंदू मंदिरों के बाहर प्रदर्शन किया। जबकि हिंदू संगठनों में बिल को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। हाउस ऑफ कॉमन्स ने पिछले महीने 25 अप्रैल को इस बिल को हरी झंडी दी थी। जिसके बाद अब इसे कनाडा की सीनेट के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। संसद की मंजूरी मिलने के बाद शाही स्वीकृति ली जाएगी और फिर यह बिल कानून के रूप में तब्दील हो जाएगा।

## भारत के खिलाफ नहीं उगलेंगे आग?

जानकारों का मानना है कि इस बिल को ओटावा की संसद के एक सदन से मिली स्वीकृति के बाद ऐसा लगता है कि अब कनाडा में प्रतिबंधित खालिस्तानी आतंकी संगठनों जैसे सिख फॉर जस्टिस, बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन के हाथ बंध जाएंगे और वह खुलकर भारत के खिलाफ अपनी गतिविधियों को अंजाम नहीं दे पाएंगे। भारत ने पहले ही इन सभी संगठनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया हुआ है।

## राहत की सांस लेंगे भारतीय

सी-9 बिल का सबसे बड़ा फायदा कनाडा में रह रहे भारतीय मूल के लोगों को होगा। जिन्हें आए दिन खालिस्तानी चरमपंथी अपनी हिंसक गतिविधियों के जरिए प्रताड़ित करते थे। अब यह सभी लोग सुरक्षित ढंग से धार्मिक स्वतंत्रता का आनंद ले सकेंगे और बिना किसी डर या आशंका के कभी भी अपने पूजा स्थलों का रुख कर सकेंगे।


**भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) छत्तीसगढ़, रायपुर**

**No.AU/GS/2026-27/F-1(1)/D-02**
**INDIAN AUDIT & ACCOUNTS DEPARTMENT**
**OFFICE OF THE ACCOUNTANT GENERAL (AUDIT)**
**CHHATTISGARH, RAIPUR**

दिनांक/Date- 06/04/2026

Office of the Accountant General (Audit), Chhattisgarh, Raipur has floating three tender for outsourcing staff on GeM portal, details as follows:-

1. GeM bid no. for Watch and ward services is "GeM/2026/B/7400699".
2. GeM bid no. for Housekeeping services is "GeM/2026/7400748".
3. GeM bid no. for MTS/ Canteen staff/ DEOs/ Driver/ Guest house staff is "GeM/ 2026/B/7401358".

Interested bidders may submit their bid on GeM Portal. Details of above bid is available on GeM Portal.

S-47402/1



**कार्यालय कलेक्टर (आबकारी)**
**जिला बीजापुर (छ.ग.)**

**-:: 00 पुनर्निविदा सूचना 00 ::-**

**क्रमांक/आब./सी.एस.एम.सी.एल./ टेण्डर / 2026/161**

**बीजापुर, दिनांक 30.03.2026**

कार्यालयीन निविदा सूचना क्रमांक / आब. / सी.एस.एम.सी.एल./ टेण्डर / 2026 / 137, बीजापुर, दिनांक 13.03.2026 के द्वारा बीजापुर जिले में संचालित मदिरा दुकाने क्रमशः 1- कम्पोजिट देशी मदिरा दुकान बीजापुर, 2- विदेशी मदिरा दुकान बीजापुर, 3- कम्पोजिट विदेशी मदिरा दुकान भैरमगढ़, 4- कम्पोजिट देशी मदिरा दुकान आवापल्ली एवं 5- कम्पोजिट विदेशी मदिरा दुकान भोपालपटनम में वर्ष 2026-27 दिनांक 01.04. 2026 से 31.03.2027 अथवा अगले निविदा कार्यवाही सम्पन्न होने तक के अवधि में निकलने वाले मदिरा के खाली कार्टून के विक्रय हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी, किन्तु निर्धारित तिथि एवं समय तक कोई निविदा प्राप्त नहीं होने से निविदा कार्यवाही को निर्धारित निम्न शर्तों के अधीन इच्छुक खरीदारों से निविदा सील बन्द लिफाफे में दिनांक 09.04.2026 को समय अपरान्ह 3.00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी संयुक्त जिला कार्यालय भवन जिला बीजापुर में पुनः आमंत्रित की जाती है।

निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त निविदा को जिला स्तरीय गठित विक्रय समिति द्वारा दिनांक 09.04.2026 को समय अपरान्ह 4.00 बजे खोली जावेगी। सीलबंद निविदाएं जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड बीजापुर के नाम व्यक्तिशः -या स्पीड पोस्ट से अंतिम तिथि तक कार्यालय में पहुंच जाना चाहिए। समय पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नही किया जावेगा, वह स्वमेव निरस्त मानी जावेगी। सीलबंद लिफाफों के ऊपर विषय अनिवार्य रूप से लिखा होना चाहिए। निविदा खुलने के समय निविदादाता / अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

कलेक्टर,
जिला बीजापुर (छ. ग.).

G-262700032/3



**कार्यालय मुख्य अभियंता,**
**लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)**

दिनांक 25.03.2026

सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सू.क्र. दिनांक | सिस्टम आईडी क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 11/CE/NH/TC/44-90/2025 (2nd Call) | 2026_MoRTH_903728_1 | Balance work estimate of Rehabilitation and upgradation of NH-43 from Km 468.600 to 531.250 (Pathalgaon to Kunkuri Section) to two lane with Paved Shoulder in the state of Chhattisgarh on SBD mode under NH(O). | Rs. 158.39 Crore (excluding GST) |

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 23.04.2026 समय शाम 17.30 बजे तक।**

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H'S) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाऊनलोड की जा सकती है।

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग
परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)

G-262700034/3



**कार्यालय कलेक्टर (आबकारी)**
**जिला- उ.ब.कांकेर (छ.ग.)**

**// तृतीय निविदा सूचना //**

क्रमांक/आब./निविदा/2026/421 उ.ब. कांकेर, दिनांक 02/04/2026

सर्वसाधारण की विशेष जानकारी के लिए यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में संचालित को लोकेटेड मदिरा दुकान में से देशी मदिरा दुकान कांकेर एवं देशी मदिरा दुकान अंतागढ़ को नवीन स्थल पर स्थानांतरण कर क्रमशः कम्पोजिट देशी मदिरा दुकान सरोना एवं कम्पोजिट देशी मदिरा दुकान आमाबेड़ा के लिए भवन उपयुक्त स्थल पर किराये पर लिये जाने हेतु पृथक-पृथक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार, निविदा शर्तों के अधीन तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा के बंद लिफाफे, एक बड़े लिफाफे में रख कर बंद लिफाफा दिनांक 09/04/2026 को दोपहर 2.00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल. जिला-उ.ब. कांकेर में जमा कर सकेगें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। तकनीकी निविदा उसी दिन सायं 04:00 बजे निविदा मूल्यांकन हेतु गठित समिति के समक्ष खोला जावेगा।

निविदा के नियम / शर्तों की जानकारी एवं निविदा प्रपत्र, जिला प्रबंधक सी.एस.एम.सी. एल. जिला-उ.ब.कांकेर के पक्ष में कम्पोजिट देशी मदिरा दुकान सरोना एवं कम्पोजिट देशी मदिरा दुकान आमाबेड़ा के लिये भवन किराये पर लेने हेतु पृथक-पृथक देय राशि रु 1180/- (अक्षरी एक हजार एक सौ अस्सी रू.) (जी.एस.टी. सहित) का बैंक ड्राफ्ट (किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी) जमा कर कार्यालयीन कार्यदिवस में कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला प्रबंधक सी.एस. एम.सी.एल. जिला-उ.ब. कांकेर से प्राप्त किया जा सकता है।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

जिला आबकारी अधिकारी
हेतु कलेक्टर
जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

G-262700037/2


ईरान के विदेश मंत्री से हुई जयशंकर की बातचीत

# श्रीलंका और बांग्लादेश के नागरिकों को भी मदद पहुंचा रहा भारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



अमेरिका, इजरायल के साथ पिछले एक महीने से अधिक वक्त से युद्ध लड़ रहे ईरान का रुख भारत के प्रति फिलहाल सकारात्मक बना हुआ है। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच जारी बातचीत के क्रम में बीते रविवार को हुआ संवाद भी शामिल हो गया है। जिसमें पश्चिम-एशिया के मौजूदा हालात पर चर्चा की गई है। इन सबके बीच ईरान से सड़क मार्ग से सीमा पार कर आर्मेनिया और अजरबैजान पहुंचने वाले भारतीयों की कुल संख्या 1 हजार 777 तक पहुंच गई है। जल्द ही इन सभी की स्वदेश वापसी होगी। वहीं, 28 फरवरी को हुई इस युद्ध की शुरुआत के बाद से लेकर अब तक सुरक्षित देश वापस पहुंचने वाले लोगों की कुल संख्या 7 लाख 30 हजार तक पहुंच गई है। यह जानकारी सोमवार को राजधानी में हुई अंतर-मंत्रालय प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है। उन्होंने कहा कि मौजूदा संकट के बीच भारत ईरान से केवल अपने लोगों को ही बाहर नहीं निकाल रहा है। बल्कि तेहरान में मौजूद हमारे दूतावास ने अपने निकट पड़ोसी देशों जैसे श्रीलंका और बांग्लादेश के 2 नागरिकों की भी ईरान से सुरक्षित निकासी में सहायता प्रदान की है। ईरान से सुरक्षित निकाले गए देश के नागरिकों में 1 हजार 545 लोगों को आर्मेनिया और 234 को अजरबैजान पहुंचाया गया है।


**Home First Finance Company India Limited**
**CIN: L65990MH2010PLC240703, Website: homefirstindia.com**
**Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com**

**धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना**

आप, निम्नलिखित ऋणधारक, ने अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति को गिरवी रखकर ऋण लिया है और आप ही ने ऋण समझौते के लिए ऋणधारक/सह-ऋणधारक/जमानतदार के रूप में कार्य किया है। आपके द्वारा किए गए चूक के परिणामस्वरूप, प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों का पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (संक्षेप में सरफेसी अधिनियम) के प्रावधानों के तहत **05-04-2026** को आपके ऋण खाते को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हम, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड, ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के साथ पठित धारा 13(13) के तहत आपके द्वारा दिए गए पते पर मांग नोटिस जारी किया है। उक्त नोटिस **05-04-2026** को जारी किए गए हैं और इनमें कहा गया है कि आपने आपको स्वीकृत विभिन्न ऋणों के भुगतान में चूक की है। अत: वर्तमान प्रकाशन एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (2) के प्रावधान के अनुसार और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के प्रावधान के अनुसार नोटिस देने के लिए किया गया है:

| क्र. सं. | खाताधारक का नाम और पता, ऋणधारक(ओं) और जमानतदार(ओं) | लागू की जाने वाली सुरक्षा का विवरण | मांग नोटिस की तिथि तक कुल बकाया राशि, ब्याज और अन्य व्यय सहित (रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1. | कमलेश प्रसाद मौर्य, शौरभ मौर्य, देवेश मौर्य, कामती मौर्य | फ्लैट - स्थित-मौजा बेंदारी, प.ह.नं. 30, आर.आई.सी. रायपुर-19-धनेली, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.), खसरा नंबर 221/9 का भाग, खसरा नंबर 221/42 पुन: क्रमांकित के रूप में, क्षेत्रफल: 720 वर्ग फुट। मौजा बेंदारी, प.ह. नं. 30, आर.आई.सी. रायपुर-19-धनेली, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग..), रायपुर, छत्तीसगढ़-492099 चौहद्दी: पूर्व - सड़क, पश्चिम - वर्मा की भूमि, उत्तर - सड़क दक्षिण - भावना महूले की भूमि। | 5,04,396 |
| 2. | लक्ष्मी बाई यदु, विकास यदु | प्लॉट - प.ह.नं. 02, खसरा नं. 149/2, मौजा-सिरसकला, रा.नि.मं. भिलाई-3, तहसील पाटन, दुर्ग, छ.ग. दुर्ग छत्तीसगढ़-490023, चौहद्दी: पूर्व-अन्य का प्लॉट, पश्चिम-सड़क, उत्तर-अन्य का प्लॉट, दक्षिण-सड़क। | 19,99,869 |
| 3. | स्वर्गीय विजय कुमार साहू (मृतक), सुकृति साहू, स्वर्गीय विजय कुमार साहू (मृतक) के अन्य वैध प्रतिनिधि | प्लॉट- प.ह.नं.-29, खसरा नंबर 496/35 वाली भूमि, क्षेत्रफल: 1050 वर्ग फुट, स्थित-मौजा उरला प.ह.नं.-101/29, आरआईसी धरसींवा-1, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.) खसरा नंबर 496/35 के भाग वाली भूमि, क्षेत्रफल 1050 वर्ग फुट, स्थित मौजा उरला प.ह.नं. 101/29, आरआईसी धरसींवा-1, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर छ.ग. रायपुर (छत्तीसगढ़), -492003। चौहद्दी: पूर्व - सड़क, पश्चिम - विक्रेता की भूमि, उत्तर - सड़क, दक्षिण -प्रमोद सागर की भूमि। | 6,80,004 |
| 4. | योगेश बालाभाऊ लाडे, प्रियंका वर्मा | फ्लैट-खसरा नंबर 172/2, 172/3, क्षेत्रफल 1.051 हेक्टेयर, फ्लैट नंबर बी-102 का भाग, ब्लॉक-बी, प्रथम तल-शुभ गृह अपार्टमेंट्स, मौजा मोतीपुर (इलाका - महात्मा गांधी वार्ड, राम नगर), प.ह.नं. 35/2, एन.पी.एन. राजनांदगांव, तहसील एवं जिला-राजनांदगांव (छ.ग.), राजनांदगांव, छत्तीसगढ़-491441, चौहद्दी: पूर्व - सीढ़ी लिफ्ट, पश्चिम- फ्लैट नं. ए-103, उत्तर - खुला स्थान, दक्षिण - फ्लैट नंबर बी-101। | 15,44,846 |
| 5. | योगराज ठाकुर, लीला बाई | प्लॉट-खसरा नंबर 80/34, प.ह.नं. संख्या 41; ग्राम - दुर्ग, तितुरडीह के निकटवर्ती क्षेत्र, रा.नि.मं.तितुरडीह , तहसील एवं जिला - दुर्ग (छ.ग.), दुर्ग, छत्तीसगढ़-490001, चौहद्दी: पूर्व - खान का मकान, पश्चिम- धनवती का मकान, उत्तर - त्रिपाठी का मकान, दक्षिण-सड़क। | 12,62,500 |

आपको इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को ब्याज और लागत सहित उपर्युक्त राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड उक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत ऋणधारकों, बंधककर्ताओं और जमानतदारों की सभी या किसी एक या अधिक सुरक्षित संपत्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करेगी, जिसमें उनकी सुरक्षित संपत्तियों पर कब्जा करना भी शामिल है। उक्त अधिनियम के तहत होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को प्राप्त शक्तियों में शामिल हैं: (1) ऋणधारकों/जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों पर कब्जा करने की शक्ति, जिसमें सुरक्षित संपत्तियों को मुक्त करने के लिए पट्टे, आवंटन या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण का अधिकार शामिल है; (2) सुरक्षित संपत्तियों का प्रबंधन अपने हाथ में लेना, जिसमें पट्टे, आवंटन या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण का अधिकार शामिल है, और सुरक्षित संपत्तियों को वसूल करना; और होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षित संपत्तियों का कोई भी हस्तांतरण, हस्तांतरित सुरक्षित संपत्तियों के सभी अधिकारों और संबंधों में उसी प्रकार निहित होगा जैसे कि हस्तांतरण आपके द्वारा किया गया हो।

उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के प्रावधानों के अनुसार, आपको होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड की पूर्व सहमति के बिना, ऊपर उल्लिखित और होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के पास गिरवी रखी गई किसी भी सुरक्षित संपत्ति को बिक्री, पट्टे या अन्य किसी भी तरीके से (आपके व्यवसाय के सामान्य संचालन के अलावा) हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

स्थान: रायपुर, भिलाई
दिनांक: 07-04-2026

हस्ताक्षरकर्ता: अधिकृत अधिकारी,
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड



**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, निम्नलिखित हितग्राहियों को आवासीय भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है। उक्त भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिनका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

| क्र. | आबंटी का नाम | योजना/ कॉलोनी का नाम | भवन क्र. |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री भारत कौशल पिता श्री राजेन्द्र कौशल | दीनदयाल आवास योजना सड्डू, रायपुर | एल.आई.जी-544 |
| 2 | श्री भारत कौशल पिता श्री राजेन्द्र कौशल | | एल.आई.जी-545 |
| 3 | श्री अशोक कुमार ताम्रकार पिता स्व लक्ष्मी प्रसाद ताम्रकार | | एल.आई.जी-489/ए |
| 4 | श्रीमती प्रतिमा ताम्रकार पति श्री अशोक कुमार ताम्रकार | | एल.आई.जी-488/ए |
| 5 | श्रीमती सरोज सोनी पति स्व श्रीकांत सोनी | | एल.आई.जी-20 |
| 6 | श्री पुरुषोत्तम वर्मा पिता श्री मोहनलाल वर्मा | सामान्य आवास योजना, दोंदेखुर्द, रायपुर | सिनि.एल.आई.जी-36 |
| 7 | श्रीमती रीतारानी वर्मा पति श्री पुरुषोत्तम वर्मा | | सिनि.एल.आई.जी-38 |
| 8 | श्री कृष्णकांत भारद्वाज पिता श्री खगेश राम भारद्वाज | सामान्य आवास योजना, पिरदा, रायपुर | एच.आई.जी भवन-27 |
| 9 | श्री शैलेन्द्र दवे पिता स्व गुलाब राय दवे | | सिनि.एच.आई.जी.भवन- 03 |
| 10 | श्रीमती हेमलता सिंह पति श्री दिलीप सिंह | सामान्य आवास योजना, अवंति विहार रायपुर | जुनि.एम.आई.जी. भवन-25 |
| 11 | श्री राजेन्द्र कुमार उमाठे पिता स्व.श्री पी.जी.जैन उमाठे | | जुनि.एम.आई.जी. भवन-22 |
| 12 | श्री खुश्याल चंद मेश्राम पिता स्व.श्री महगू श्री मेश्राम | | जुनि.एम.आई.जी. भवन-24 |
| 13 | श्रीमती नीलिमा सरकार पति श्री ए.के. सरकार | | जुनि.एम.आई.जी. भवन-42 |
| 14 | श्री विनय कुमार पिता स्व श्री राम लखन प्रसाद | सामान्य आवास योजना, कचना फेस-1, रायपुर | एम.आई.जी. डीलक्स भवन-28 |
| 15 | श्रीमती स्नेहलता गौतम श्री गजेन्द्र सिंह चौहान | | एच.आई.जी.डुप्लेक्स डीलक्स भवन-27 |
| 16 | 1. श्री पी.आर.गोलछा पिता स्व. रामलाल गोलछा 2. श्रीमती प्रेमलता गोलछा पति श्री पी. आर. गोलछा | | एच.आई.जी.डुप्लेक्स डीलक्स भवन-15 |
| 17 | श्री नीरज मिश्रा पिता श्री विजय कृष्ण मिश्रा | सामान्य आवास योजना,सेक्टर-01,02,03 शंकर नगर रायपुर | मॉडल हाउस एम.आई.जी-01 |
| 18 | नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | | एच.आई.जी-11 |
| 19 | नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | | एम.आई.जी-07 |
| 20 | नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | | एम.आई.जी-17 |
| 21 | 1. श्री आलोक शर्मा पिता स्व. हरिशंकर शर्मा 2. श्री संजय हरिशंकर शर्मा पिता स्व. हरिशंकर शर्मा 3. श्रीमती तृप्ति तिवारी पति श्री जितेन्द्र तिवारी 4. श्रीमती ममता आशीष शर्मा पति स्व. आशीष शर्मा | | एच.आई.जी-01 |

S-47400/1

संपदा अधिकारी



**कार्यालय प्रमुख अभियन्ता,**
**लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर**

**(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 188072 प्रथम आमंत्रण 27.03.2026 | वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल जिला कांकेर के कांकेर अमोडा नरहरपुर मार्ग के कि.मी. 1/2 से 8 / 4 = 7.40 कि.मी. का सुद्धीकरण सतह मजबूतीकरण निर्माण कार्य । | 427.57 |
| 2 | 188074 प्रथम आमंत्रण 27.03.2026 | वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल जिला कांकेर के कांकेर दुधावा राज्य मार्ग क्र. 06 के कि.मी. 19 से 22 एवं 25 से 26 / 8 = 5.80 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य । | 388.57 |
| 3 | 188078 प्रथम आमंत्रण 27.03.2026 | जिला कांकेर के चारामा कोरर कि.मी. 15 / 8 से गिधाली - रतेडीही - कुरुटोला पहुंच मार्ग लंबाई 9.20 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य । | 1002.65 |
| 4 | 188100 प्रथम आमंत्रण 27.03.2026 | वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल जिला कांकेर के मॉलगांव से छिन्दपारा पहुंच मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. निर्माण कार्य । | 310.44 |
| 5 | 188105 प्रथम आमंत्रण 27.03.2026 | वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल जिला कांकेर के एस.एच.- 06 पाडरवाही पहुंच मार्ग लंबाई 1.90 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य । | 255.99 |
| 6 | 188126 प्रथम आमंत्रण 27.03.2026 | जिला बालोद के डौंडीलोहारा में नवीन सिविल न्यायालय भवन का वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग, बाऊण्ड्रीवाल, सेप्टिक टेंक, लैण्ड स्कैप, वाहन शेड, ट्यूब वैल, सी.सी. मार्ग एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य । | 700.52 |
| 7 | 188127 प्रथम आमंत्रण 27.03.2026 | नाबार्ड पोषित योजनांतर्गत प्रावधानित समोदा जिला रायपुर में शासकीय महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य, वॉटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण सहित । | 458.69 |
| 8 | 188128 प्रथम आमंत्रण 27.03.2026 | जिला सूरजपुर के सूरजपुर में नवीन कन्या महाविद्यालय भवन निर्माण कार्य । | 459.55 |
| 9 | 188129 प्रथम आमंत्रण 27.03.2026 | 1). जिला जशपुर के मुख्य मार्ग खुडियारानी कांजिया पहाडी कोरवा बस्ती पहुंच मार्ग लंबाई 5.05 कि.मी. पुल - पुलिया सहित निर्माण कार्य । | 682.05 |
| 10 | 188130 प्रथम आमंत्रण 27.03.2026 | जिला सरगुजा के कोरंधा से पसेना तक मार्ग लं. 4.20 कि.मी. पुल - पुलिया सहित निर्माण कार्य । | 785.05 |
| 11 | 188132 प्रथम आमंत्रण 27.03.2026 | जिला सरगुजा के असकला झेराडीह से बरगीडीह तक मार्ग लंबाई 5.80 कि.मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य । | 1147.80 |
| 12 | 188179 द्वितीय आमंत्रण 30.03.2026 | जिला महासमुंद के आमाकोनी - चोरभट्टी मार्ग के कि.मी. 23/10 के मोटियारी नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य । | 363.48 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 01 से सं.क्र. 12 दिनांक 20.04.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है ।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

G-262700042/10

## खबर संक्षेप

### दलित युवती से रेप, ब्लैकमेल के आरोपी को आजीवन कैद

रायपुर। सरगुजा की आदिवासी युवती को स्टेशन रोड स्थित एक होटल में ले जाकर रेप करने तथा बिहार में ले जाकर शादी कर गर्भवती करने के आरोपी को कोर्ट ने आजावीन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी युवक के खिलाफ युवती ने पिछले वर्ष गंज थाना में रेप तथा ब्लैकमेल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटीज पंकज सिन्हा की कोर्ट में हुई है। विशेष लोक अभियोजक उमाशंकर वर्मा के अनुसार कोर्ट ने सरगुजा, विश्रामपुर निवासी अमन कुमार सिंह को कैद की सजा सुनाई है। युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि सरगुजा में रहने के दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी पहचान अमन के साथ हुई थी। पहचान होने के बाद अमन उसे मिलने के लिए परेशान करने लगा। इसके बाद वह अपने बुआ के घर रहने राजनांदगांव चली गई। इसके बाद भी अमन युवती को परेशान करने लगा। उस मिलने के दबाव बनाने लगा। बार-बार दबाव बनाने से युवती अमन से मिलने रायपुर पहुंची अमन युवती को लेकर एक होटल गया। होटल में रेप करने के बाद बिहार ले गया और वहां उससे शादी कर कुछ समय रखने के बाद वापस छोड़ दिया। गर्भवती होने की जानकारी मिलने पर अमन ने युवती को उसके अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देते दूर रहने चेतावनी दी।

### कांग्रेस जिलाध्यक्षों की कल बैठक लेंगे बैज

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने 8 अप्रैल को कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में दोपहर 12 बजे से सभी जिला/शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों की समीक्षा बैठक बुलाई है। बैठक में मनरेगा, ब्लाक एवं मंडल कमेटी, पंचायत, ग्राम व बूथ कमेटी तथा जिला स्तरीय स्थानीय मुद्दों पर चर्चा व समीक्षा की जाएगी। बैठक में जिला अध्यक्षों से कार्यकारिणी बनाने से लेकर तीन माह में किए कार्यों की जानकारी लेंगे। साथ ही आने वाले दिनों में जिलाध्यक्षों को टास्क दिए जाएंगे।

# केरोसिन पर खाद्य विभाग सख्त, कहा- ड्रम की व्यवस्था खुद करें, एक-एक हजार लीटर स्टाक रखना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एलपीजी गैस के संकट के चलते खाद्य विभाग ने लोगों को राहत पहुंचाने के लिए शहरी क्षेत्र के सभी उचित मूल्य की दुकानों में केरोसिन रखना अनिवार्य किया है। इसके तहत सोमवार को जिला अधिकारी भूपेंद्र मिश्रा ने रायपुर, बिरगांव सहित अन्य सभी शहरी क्षेत्रों में संचालित राशन दुकानों के संचालकों की बैठक ली। इस दौरान केरोसिन को लेकर सभी दुकानदारों को निर्देश दिए गए कि अप्रैल माह के लिए केरोसिन का आवंटन हो चुका है। सभी दुकानदारों को हितग्राहियों को वितरित करने के लिए कम से कम एक-एक हजार लीटर केरोसिन लेना है। केरोसिन के लिए अगर किसी दुकानदार के पास ड्रम नहीं हैं तो तत्काल व्यवस्था कर लें, क्योंकि केरोसिन नहीं मिलने की शिकायत आएगी तो संबंधित दुकानदार के विरुद्ध एक्शन लिया जाएगा।

## खाद्य विभाग के अधिकारी भूपेंद्र मिश्रा ने शहरी क्षेत्र के राशन दुकान संचालकों संग की बैठक

### 63.50 रुपए प्रति लीटर केरोसिन

केरोसिन की कीमत प्रति लीटर 63.50 रुपए निर्धारित है। इस निर्धारित दर पर ही राशन दुकानों में केरोसिन की बिक्री होनी है। खाद्य अधिकारी ने कहा कि किसी भी राशन दुकान में निर्धारित दर से अधिक में केरोसिन बेचने संबंधित शिकायत मिलने पर भी एक्शन लिया जाएगा।



### स्टॉक बोर्ड-रजिस्टर में एंट्री अनिवार्य

बैठक में सभी राशन दुकानदारों को नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई है। दुकानों में स्टॉक बोर्ड में प्रतिदिन के स्टॉक की एंट्री होनी चाहिए। हितग्राहियों को केरोसिन वितरण के बाद रजिस्टर में उनकी एंट्री और हस्ताक्षर भी कराने के लिए कहा गया है।

### प्रत्येक कार्डधारक को देना है 2-2 लीटर केरोसिन

विभाग द्वारा जारी किए गए निर्देश के तहत प्रत्येक कार्डधारक को अधिकतम 2 लीटर केरोसिन ही मिलेगा। किसी भी हितग्राही को इससे अधिक केरोसिन वितरण नहीं करना है। रायपुर जिले के शहरी क्षेत्र में 297 दुकानों में केरोसिन का वितरण होना है। इन सभी दुकानों के संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि आवंटन के अनुसार कम से कम प्रत्येक दुकानदार को एक हजार लीटर केरोसिन रखना है। इस बैठक में कुछ दुकानदारों ने कहा कि कई साल से केरोसिन की मांग नहीं होने के कारण वितरण बंद है, इसलिए उनकी दुकानों में केरोसिन रखने के लिए ड्रम नहीं हैं। इस पर खाद्य अधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि अगर ड्रम नहीं हैं तो तत्काल आज-कल में व्यवस्था कर लें, क्योंकि दुकान में केरोसिन रखना अनिवार्य है।

# उपार्जन केंद्रों में 8.20 लाख टन धान, कस्टम मिलिंग का चावल जमा करने में विलंब, मिलर्स पर खाद्य विभाग सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- 0 95 प्रतिशत से अधिक धान उठाव, कांकेर-बस्तर के खरीदी केंद्रों में सबसे अधिक स्टाक बाकी

प्रदेश में धान खरीदी के बाद मिलरों की सुस्ती के कारण उपार्जन केंद्रों से तय समय में पूरा धान अब तक नहीं उठ पाया है। खरीदी केंद्रों में अब भी 8.20 लाख टन से अधिक धान पड़ा हुआ है। 31 मार्च तक धान का उठाने के लिए मार्कफेड ने मिलरों को डीओ जारी किए थे। वहीं मिलर्स की ओर से धान उठाव के विरुद्ध चावल जमा करने में लेटलतीफी की जा रही है। 30 अप्रैल को चावल जमा करने की अंतिम तारीख है। इसके चलते अब खाद्य विभाग ने राइस मिलर्स पर सख्ती बरतना शुरू कर दिया है।

प्रदेश के अधिकांश मिलर्स को समय पर चावल जमा करने के लिए नोटिस जारी किया है। अधिकारियों का कहना है कि निर्धारित समय में चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों के विरुद्ध कलेक्टर के निर्देश पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बताया गया है कि जिन 121 मिलर्स को नोटिस भेजा गया है, उनमें 18 राइस मिलर्स ऐसे हैं, जिन्होंने एक हजार से लेकर 2600 मीट्रिक टन तक चावल जमा नहीं किया। इनमें 2 हजार मीट्रिक टन से अधिक चावल वाले मिलरों में एमएस इंडियन राइस, अग्रोहा इंडस्ट्रीज, कोनार्क इंडस्ट्रीज, कोनार्क इंडस्ट्रीज एचयूएफ एवं महालक्ष्मी पट्टी प्रोसेसिंग कंपनी शामिल हैं।

इसी प्रकार 1 हजार से 2 हजार मीट्रिक टन चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों में गोयल एग्रो इंडस्ट्रीज, अमित एग्रो प्रो., श्रीओम राइस टेक प्रा. लि., आर्यन राइस इंडस्ट्रीज, जदलानी राइस मिल, गोयल एग्रो इंडस्ट्रीज प्रा. लि., गुरुनानक राइस इंडस्ट्रीज, कोनार्क इंडस्ट्रीज, गोयल एग्रो निर्मला राइस मिल, श्री तिरुपति राइस इंडस्ट्रीज, विद्याश्री राइस मिल एवं मां संतोषी राइस मिल शामिल हैं।



### कांकेर में सबसे ज्यादा और सारंगढ़ बिलाईगढ़ सबसे कम शेष

धान उठाव की स्थिति देखें तो मैदानी जिलों में धान का उठाव तेजी से कर लिया गया है। यहां पर 90 से 95 फीसदी धान का उठाव कर लिया गया है। वहीं बस्तर संभाग के कई जिलों में अब तक 75 फीसदी धान का उठाव किया गया है। कांकेर जिले में सबसे अधिक 1 लाख टन धान का उठाव शेष है। यहां पर कुल 5 लाख टन से अधिक की धान खरीदी की गई थी। वहीं बस्तर जिले में 1 लाख 10 हजार टन धान का उठाव शेष है। कोंडागांव में 75 हजार टन और राजनांदगांव में 51 हजार टन से अधिक धान का उठाव बाकी है।

### 8.20 लाख टन धान उपार्जन केंद्रों में शेष

प्रदेश में 25 लाख किसानों से 141.10 लाख टन धान की खरीदी की गई थी। खरीदी पूरा होने के बाद खरीदी केंद्रों से मार्कफेड और संग्रहण केंद्रों के लिए धान का उठाव जारी है। अब तक 90 प्रतिशत से अधिक धान का उठाव कर लिया गया है। मिलरों ने अब तक 116.46 लाख टन और संग्रहण केंद्रों के लिए 16.37 लाख टन धान का उठाव किया है। खरीदी केंद्रों में अब 8.20 लाख टन से अधिक धान उठाव के लिए शेष है। वहीं मिलरों द्वारा उठाव में सुस्ती दिखाए जाने के कारण कई जिलों में उठाव की गति धीमी है। मार्कफेड के माध्यम से हो रहे उठाव में मिलरों को उठाव के लिए डीओ जिला प्रशासन के द्वारा लगातार जारी किए जा रहे हैं।

# भारत माला भूमि की मुआवजा राशि में हिस्सा नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारत माला परियोजना में अधिग्रहित हुई जमीन की मुआवजा राशि में हिस्सा नहीं मिलने पर एक महिला ने छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में शिकायत की है। इस शिकायत पर आयोग ने सोमवार को सुनवाई की तथा मामले में फैसला आने तक अनावेदक के बैंक खाते के ट्रांसजेक्शन पर रोक लगाने के लिए दुर्ग जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर अनुशंसा की है।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्य सरला कोसरिया एवं ओजस्वी मंडावी ने रायपुर आयोग कोर्ट में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इसमें एक प्रकरण में एक महिला ने शिकायत की कि ग्राम कोलियारी स्थित उसके परिवार की ढाई एकड़ जमीन भारत माला परियोजना में अधिग्रहित की गई। इसके बदले 1 करोड़ 64 लाख रुपए का भुगतान हुआ है। यह राशि अनावेदक के बैंक खाते में है। उसने बताया कि उसके अन्य दो भाई हैं। महिला ने बताया कि जो जमीन अधिग्रहित हुई, उसमें उसका भी हिस्सा है, इसलिए मुआवजा राशि के एक चौथाई हिस्से की वह भी हकदार है, जिसे वह पाना चाहती है। सुनवाई में आवेदिका के अनुसार यह भी जानकारी सामने आई है कि कलेक्टर दुर्ग से इस परियोजना के तहत 2 गुना कीमत प्राप्त हुई है, शेष 2 गुना कीमत के लिए मामला लंबित है। इसे देखते हुए आयोग ने कलेक्टर दुर्ग को पत्र लिखा है, जिसमें अनुशंसा की गई है कि इस मामले का निराकरण होने तक बैंक ऑफ बड़ौदा के ब्रांच मैनेजर गंजपारा में अनावेदक के बैंक एकाउंट में दर्ज मोबाइल नंबर के बैंक खाते के ट्रांजेक्शन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए।

**महिला आयोग में शिकायत**



# विकसित भारत महिलाओं के संस्कार और योगदान से संभव



रायपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, छत्तीसगढ़ द्वारा रानी अब्बका की 500वी जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पुराने विधानसभा भवन में "छात्रा संसद" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से आई 227 छात्राओं ने हिस्सा लिया और महिला सशक्तिकरण से जुड़े विविध विषयों पर गंभीर चर्चा की। इस आयोजन में छात्राओं को निडर बनकर नेतृत्व करने का अवसर दिया गया तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन एवं सुरक्षा और भारतीय चिंतन में महिलाओं की भूमिका जैसे विषयों पर सार्थक चर्चा भी हुई। छात्रा संसद के विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन भी दिया गया। इसमें शिक्षा विषय पर आईएएस वैभवी अग्रवाल, स्वास्थ्य विषय पर डॉ.मानसी गुलाटी, सुरक्षा विषय पर रचना नायडू तथा स्वावलंबन विषय पर डॉ.वर्णिका शर्मा ने अपने विचार प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा कि, बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी क्षमता सिद्ध कर रही हैं, वे घर और परिवार के साथ-साथ समाज, उद्योग और देश का नेतृत्व करने में भी सक्षम हैं, आज की बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

# संलग्नीकरण हटाने से प्रभावित हो सकती हैं केंद्रीय स्वास्थ्य योजनाएं

- दबी जुबान में विरोध

रायपुर। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर राज्य में केंद्रीय योजनाएं भी संचालित होती हैं। इन योजनाओं पर आने वाले दिनों में संलग्नीकरण के आदेश का असर हो सकता है। स्वास्थ्य मंत्री की घोषणा के बाद जिले में कर्मचारियों को उनके मूल पोस्टिंग पर भेजने का काम पूरा किया जा रहा है। इस आदेश से गैर चिकित्सकीय स्टाफ भी प्रभावित होंगे, जिन्हें अतिरिक्त कार्यों के लिए स्वास्थ्य केंद्रों से लाकर जिला मुख्यालयों में बिठाया गया था। विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने संलग्नीकरण समाप्त करने की घोषणा की थी। इस योजना के बाद विभागीय स्तर पर आदेश जारी होते ही मुख्यालय के कर्मचारियों को उनके मूल विभाग भेजने का काम शुरू कर दिया गया है, जिसका दबी जुबान में विरोध भी होने लगा है। रायपुर जिले में भी जिला मुख्यालय अथवा मूल पेस्टिंग के बजाय दूसरे क्षेत्रों में काम करने वाले स्वास्थ्य कर्मचारियों को मूल पद पर ज्वाइनिंग के लिए रिलीव करने की तैयारी है। इस आदेश को लेकर कर्मचारियों में असंतोष की स्थिति बनी हुई है। तर्क दिया जा रहा है कि जिले में सीमित संख्या में स्टाफ हैं, ऐसे में कर्मचारियों को उन कार्यों में लगाया गया था, जहां उनकी आवश्यकता है। इस आदेश का असर केंद्रीय की स्वास्थ्य योजनाओं पर भी पड़ने की संभावना है, क्योंकि कई योजनाओं की जिम्मेदारी जिला और राज्य स्तर पर मुख्यालय में बैठे अधिकारियों द्वारा संभाली जा रही है।

## बिजनेस साइट

### एसबीआई ने स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में बढ़ाया कदम

रायपुर। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सीएसआर के तहत छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने हेतु सराहनीय पहल की है। एसबीआई प्रशासनिक कार्यालय रायपुर द्वारा 30 रु लाख की लागत से 2250 चिकित्सा उपकरण स्वास्थ्य विभाग को प्रदान किए गए। इन उपकरणों का वितरण राजधानी के शासकीय अस्पताल, पंडरी में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि रहे, जबकि विधायक पुरंदर मिश्रा की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की। 'बढ़ते कदम' संस्था के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में एसबीआई अधिकारियों ने सामाजिक दायित्वों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। अधिकारियों ने बताया कि यह पहल केवल उपकरण वितरण तक सीमित नहीं, बल्कि जरूरतमंदों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास है। कार्यक्रम में चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी एवं नागरिक भी उपस्थित रहे।




### कोलंबिया प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के प्रथम कुलपति बने प्रो. (डॉ.) रमण कुमार झा



रायपुर। कोलंबिया प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, रायपुर के प्रथम कुलपति के रूप में प्रोफेसर (डॉ) रमण कुमार झा की नियुक्ति की गई है। उनका कार्यकाल अधिनियम एवं परिनियमों के अनुरूप होगा। डॉ. झा ने अपने करियर की शुरुआत 1990 में दिल्ली विश्वविद्यालय से की थी। इसके बाद उन्होंने सिक्किम मणिपाल यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर एवं डीन के रूप में 12 वर्षों तक सेवाएं दीं। वे सुरेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के संस्थापक प्रिंसिपल भी रहे तथा इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड और आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी झारखंड में कुलपति पद संभाल चुके हैं। अपने संबोधन में डॉ. झा ने विश्वविद्यालय को वैश्विक पहचान दिलाने और छात्रों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देने की बात कही।


epaper : www.haribhoomi.com

## हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**टेलीकॉलर**

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job.3rd floor, Radhey Chambers, Pandri. Contact HR : 9109165137, 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

**सिक्योरिटी गार्ड**

आवश्यकता है- रायपुर के पॉश क्षेत्र सिविललाइन्स स्थित प्रतिष्ठित ऑफिस एवं बंगलो हेतु अनुभवी, जिम्मेदार, विश्वसनीय सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता।योग्यता एवं अनुभवः न्यूनतम 5 वर्ष अनुशासित , जिम्मेदार व्यक्तित्व सतर्क एवं कार्य के प्रति समर्पित ड्यूटी समयः 12 घंटे परिसर की सुरक्षा एवं निगरानी वेतनः ₹15,000 – ₹18,000 प्रतिमाह (अनुभवनुसार) संपर्कः- 9109125252, 9109972720. (RO-847)

आवश्यकता है- रायपुर एवम भिलाई सहित केंद्र सरकार के प्रतिष्ठित संस्थान हेतु सुरक्षा गार्डो की आवश्यकता है। न्यूनतम योग्यता 10 वी पास उचाई 5२6 फिट उम्र 23-44 साल के बीच वेतन लगभग 20000/- मासिक सम्पर्क सी. डी.ओ. सिक्योरिटी मो. 7974912977 (आरो -247)

**आफिस कार्य**

आवश्यकता है- कंस्ट्रक्शन के ऑफिस हेतु शीघ्र आवश्यकता है। 1 सेल्सएक्जीक्यूटिव 1 बैक ऑफिस असिस्टेंट की संपर्क- 91114-06666. (RO-4098)

आवश्यकता है- शंकरनगर ऑफिस में साफ सफाई , हाउस कीपिंग एवम अन्य कार्य हेतु ऑफिस गर्ल की आवश्यक्ता है। बायोडाटा सहित संपर्क करें:- 9993011757, 8878228031. (RO-407)

**दुकान कार्य/सेल्समैन**

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी) मे बंडल खोलने पैक करने के लिए स्टॉफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता है। एवं सेल्समैन की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 7067048454. (आरो-6623)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- डीजे साउंड दुकान में हेल्पर लड़को की आवश्यकता संपर्कः दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर पास रायपुर 98271-14645, 91311-39179. (RO-511

आवश्यकता है- किराना दुकान में काम करने हेतु मेहनती लड़को की आवश्यकता हैं। पढ़ाई में बाधा नहीं। आकर्षक वेतन। सम्पर्क करें- भगत किराना, गोल बाजार, रायपुर, मो. 7828644611. (RO-070)

आवश्यकता है- प्लास्टिक के थोक दुकान में कार्य करने हेतु लड़को एंव लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपार्क समय 12 से 6 प्रकाश मार्केटिंग डॉक्टर मटरेजा गली नयापारा रायपुर 9826113735. (आरो-198)

**शिक्षाकर्मी**

आवश्यकता है- गोदड़ीवाला प्राथमिक पाठशाला देवपुरी में हिन्दी माध्यम शिक्षिका की आवश्यकता है। योग्यता- डी. एड., इच्छुक स्वयं के हस्तलिखित आवेदन करें:- 9424208333, 9340873708. (RO-874)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**केयर टेकर**

आवश्यकता है- बैरन बाजार रायपुर स्थित व्यवसायिक प्रतिष्ठान में 25-40 वर्षीय पढ़ी-लिखी महिला केयरटेकर की। 24 घंटे रहने - खाने की सुविधा एवं अच्छा वेतन संपर्क करें- 7225844359.(RO-6626)

**घरेलू कार्य**

आवश्यकता है- गोवा में सम्मान जनक परिवार के लिए भरोसेमंद महिला घर सहायिका (House Help) आयु 25 से 40 वर्ष, हाई स्कूल पास, अच्छा वेतन संपर्क करें- 7225844359, 9848250331. (RO-6625)

**रसोइया**

आवश्यकता है- रायपुर के पॉश क्षेत्र सिविल लाइन्स में स्थित प्रतिष्ठित अग्रवाल परिवार (शुद्ध शाकाहारी) हेतु कुशल, अनुभवी एवं विश्वसनीय रसोइया की आवश्यकता है। अनुभव – कम से कम 5 वर्ष शुद्ध शाकाहारी व्यंजन बनाने में दक्षता साफ-सुथरा, जिम्मेदार और अनुशासित स्वभाव वेतनः (अनुभवनुसार) सुविधाएंः रहने, खाने की निःशुल्क व्यवस्था संपर्कः - 9109125252, 9109972720. (RO-847)

**सुपरवाइजर/ड्राइवर**

आवश्यकता है- रायपुर के प्रतिष्ठित कम्पनी को सिविल सुपरवाइजर, ड्राइवर एवम हेल्पर की आवश्यकता है।आवास भोजन सुविधा उपलब्ध, इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- रिंग रोड न.3, पिरदा चौक, रायपुर 9827116606, 9753672550. (RO-407)

**दुकान कार्य/ड्राइवर**

आवश्यकता है- इलेक्ट्रिकल एंड हार्डवेयर की दुकान में कार्य करने लड़के /लड़कियों एवं ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार गुरुनानक इलेक्ट्रिकल एंड हार्डवेयर गुरुद्वारा रोड श्याम नगर तेलीबांधा रायपुर 9893332145. (आरो-195)

**कंप्यूटर कर्मी**

आवश्यकता है- रायपुर/नया रायपुर में ग्राहक सेवा सहयोगी भर्ती।योग्यताः किसी भी विषय में ग्रेजुएट, हिंदी-अंग्रेजी में अच्छी पकड़, 20 WPM टाइपिंग। शिफ्टः 6 AM - 2 PM , 2 PM - 10 PM , 10PM-6AM। इंटरव्यूः 4–8 अप्रैल, 10AM–5PM, सिविल लाइन पुलिस थाना, रायपुर। संपर्कः 9212138468. (RO-4097)

**ड्राइवर**

ड्राइवर चाहिए - आवश्यकता हैं गायत्री नगर, रायपुर स्थित ऑफिसर को एक अनुभवी, नशामुक्त, ड्राइवर की। आसपास के ड्राइवर को प्राथमिकता। संपर्क करें- 8349933320. (RO-885)

आवश्यकता है- ड्राइवर, रियलस्टेट मार्केटिंग स्टाफ, डिजिटल मार्केटिंग, बैक ऑफिस स्टाफ व्हाट्सप्प करे 8839996498 सिटीहार्ट रेजिडेंसी कैलाशविहार कैलाशपुरी (RO-40324)

**सेल्समैन**

आवश्यकता है- एजेंसी में काम करने हेतु सेल्समैन और सप्लायर की आवश्यकता है। तीन पहिया ऑटो चालक संपर्क करें गोयल मार्केटिंग महामाया रोड, पुरानी बस्ती रायपुर 89669-10009, 87199-84130.(RO-4104)

आवश्यकता है- एजेंसी में काम करने हेतु ऑफिस स्टाफ (पुरुष एवं महिला), सेल्समैन एवं सप्लायर की आवश्यकता है। (वेतन योग्यता अनुसार + रहने की सुविधा) संपर्क- अंबिका इंडस्ट्रीज, प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर 99934-33481, 99932-32732. (RO-512)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

**आफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की जो बाहर इंदौर देवास रीवा शहडोल मे रह कर काम कर सके सैलरी 12000 + कमीशन + बोनस के साथ महीना 25000/ कमाए रहना खाना फ्री लिमिटेड सीट संपर्क - 6268044316, 9201024747. (RO-351)

**वेल्डर/हेल्पर**

आवश्यकता है- ट्रॉली कारखाना में काम करने वाले वेल्डर एवं हेल्पर की आवश्यकता है। पूरे साल काम की गारंटी, परिवार सहित रहने पर खेती/ सब्जी लगाने हेतु 40 डिसमील जमीन फ्री में उपलब्ध कमरा, बिजली, पानी मुफ्त सुविधा सम्पर्क करें- अमित कौशिक 9827892413.(RO-40464)

**Property प्रापर्टी**

**मकान**

मकान बेचना है- मोवा थाना से 200 मीटर ग्रींडलेबिहार कैंपस 3 तल ग्राउण्ड, पार्किंग, प्रथम, द्वितीय कुल 2300Sqft नवनिर्मित गृह प्रवेश हेतु तैयार मकान खरीददार ही संपर्क करें - 9981575565, 9926111099. (RO-6621)

**जमीन**

जमीन बेचना है- 3 एकड़ नया रायपुर जंगल सफारी के पीछे भारतमाला रोड से 500 मीटर की दूरी पर भेलवाडीह अभनपुर। निवेश के लिए उत्तम सम्पर्क करें- पुष्पेंद्र गुरु 7987557737, 7354606193. (RO-6624)

**वाहन**

सेंट्रो कार बेचना है- मॉडल 2010/ 2011 रेट 1,30000/- (एक लाख तीस हजार) संपर्क करें- सुनील बर्मन रिंग रोड नंबर1 रायपुरा चौक मो.नं.- 7477222455 P.L यदु 9754685471 महामाईपरा 8823780696 रायपुर (RO-6622)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

# देश के 1688 रईसजादों के पास है 50 प्रतिशत जीडीपी के बराबर दौलत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश में संपत्ति के बंटवारे को लेकर एक नई रिपोर्ट ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। सेंटर फॉर फाइनेंशियल अकाउंटेबिलिटी के अनुसार, भारत में सिर्फ 1,688 अमीर लोगों के पास लगभग 166 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति है, जो कुल जीडीपी का करीब 50 प्रतिशत हिस्सा बनती है।

**इन अमीर लोगों के पास लगभग 166 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति**

देश में पैसों को लेकर इस असमानता पर बड़ी बात कही गई है। रिपोर्ट में इशारा किया गया है कि मौजूदा हालात किसी हद तक औपनिवेशिक समय वाली असमानता की याद दिला रहे हैं। रिपोर्ट में इस स्थिति को संतुलित करने के लिए सुझाव भी दिए गए है।

## सेंटर फॉर फाइनेंशियल अकाउंटेबिलिटी ने जारी की रिपोर्ट

### आंकड़ों से समझिए पूरा गणित

आंकड़ों की बात करें तो, देश के टॉप 1 प्रतिशत लोगों के पास 40 प्रतिशत से ज्यादा संपत्ति है। वहीं निचले 50 फीसदी लोग कुल आय के सिर्फ 15 प्रतिशत हिस्से पर निर्भर हैं। इसी दौरान 1,000 करोड़ रुपए से ज्यादा संपत्ति रखने वालों की संख्या 77 प्रतिशत से बढ़ी है। जबकि उनकी कुल संपत्ति 31 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 88 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। जो करीब 227 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दिखाता है।

### अमीरों पर टैक्स से बढ़ सकती है सरकार की कमाई

रिपोर्ट में जानकारी दी गई है कि बेहद अमीर लोगों पर प्रोग्रेसिव वेल्थ टैक्स लागू करने से सरकार की इनकम में बड़ा इजाफा हो सकता है। सेंटर फॉर फाइनेंशियल अकाउंटेबिलिटी के मुताबिक, 1,688 सबसे धनी परिवारों पर 2 से 6 प्रतिशत तक का टैक्स और साथ में एक-तिहाई इनहेरिटेंस टैक्स लगाया जाए, तो हर साल करीब 10.63 लाख करोड़ रुपए जुटाए जा सकते हैं। इन पैसों का उपयोग सामाजिक योजनाओं पर किया जा सकता है। जिससे गरीब परिवारों तक पहले की तुलना में ज्यादा मदद पहुंचेगी। जिससे दोनों वर्गों के बीच असमानता को कम करने में मदद मिलेगी।

*अमीर हो रहे और अमीर : बीते कुछ सालों में देश के सबसे अमीर परिवारों की दौलत में तेज उछाल देखने को मिला है। मुकेश अंबानी, गौतम अदाणी, सावित्री जिंदल, सुनील मित्तल और शिव नादर जैसे बड़े नामों की कुल संपत्ति 2019 से 2025 के बीच करीब 400 प्रतिशत तक बढ़ गई है। आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान मुकेश अंबानी की संपत्ति में लगभग 153 प्रतिशत का इजाफा हुआ। जबकि गौतम अदाणी की दौलत 625 फीसदी तक बढ़ी। इन पांचों परिवारों की कुल संपत्ति 2019 में करीब 6.68 लाख करोड़ रुपए थी। जो 2025 तक बढ़कर लगभग 26.54 लाख करोड़ रुपए हो गई है।*

### उच्च वर्ग की संपत्ति में तेजी से इजाफा हुआ

देश में संपत्ति के बंटवारे को लेकर जारी 'वेल्थ ट्रेकर इंडिया 2026' रिपोर्ट में बड़ा अंतर सामने आया है। जिसे सेंटर फॉर फाइनेंशियल अकाउंटेबिलिटी ने 'टैक्स द टॉप' अभियान के साथ 1 अप्रैल 2026 को जारी किया है। रिपोर्ट बताती है कि 2019 से 2025 के बीच ऊपरी वर्ग की संपत्ति में तेजी से इजाफा हुआ। जबकि निचले तबके की हिस्सेदारी में कोई खास बदलाव देखने को नहीं मिला।

## खबर संक्षेप

### बजाज अल्टरनेट को सेबी से पीएमएस लाइसेंस मिला



**नई दिल्ली।** बजाज फिनसर्व' की इकाई 'बजाज अल्टरनेट इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट' (बजाज एएलटीएस) ने सोमवार को बताया कि उसे बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से 'पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज' यानी ग्राहकों के धन का प्रबंधन करने वाली सेवा (पीएमएस) शुरू करने की मंजूरी मिल गई है।

### मैक्स एस्टेट्स की बिक्री बुकिंग 3,392 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी मैक्स एस्टेट्स लिमिटेड ने सोमवार को बताया कि संपत्तियों की बेहतर मांग के चलते पिछले वित्त वर्ष (2025-26) की चौथी तिमाही में उसकी बिक्री बुकिंग 3,392 करोड़ रुपये रही। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उसकी कुल बिक्री बुकिंग 5,305 करोड़ रुपये रही।

### कपड़ा मंत्रालय हुआ नए कार्यालय में स्थानांतरित

**नई दिल्ली।** कपड़ा मंत्रालय सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास योजना के तहत सोमवार को नेताजी नगर स्थित जनरल पूल ऑफिस अकोमोडेशन में अपने नए कार्यालय में स्थानांतरित हो गया। जीपीओ 'ए' के ब्लॉक-3 भवन का फिलहाल कुछ मंत्रालयों द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि उद्योग भवन और शास्त्री भवन को तोड़े जाने का काम सुचारु रूप से किया जा सके।

### टोंसे ने यस बैंक के एमडी व सीईओ का पदभार संभाला



**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के यस बैंक ने सोमवार को कहा कि विनय मुरलीधर टोंसे ने तीन साल के लिए बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ का पदभार संभाल लिया है। टोंसे ने इस पद पर प्रशांत कुमार की जगह ली है, जिनका विस्तारित कार्यकाल पांच अप्रैल को पूरा हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक की मंजूरी और शेयरधारकों की स्वीकृति के अधीन है।

### यूको बैंक के ऋण में 19 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक का ऋण वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में 19 प्रतिशत बढ़कर 2.62 लाख करोड़ रुपये हो गया। मार्च, 2025 में समाप्त हुई पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसका कुल अग्रिम 2.20 लाख करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की कुल जमा राशि में 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह बढ़कर 3.27 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के अंत में 2.94 लाख करोड़ रुपये थी।

## अतिरिक्त सचिव अनुपम मिश्रा ने अंतर-मंत्रालयी सम्मेलन में कहा

# जरूरी वस्तुओं की कीमतों में असामान्य उतार-चढ़ाव नहीं, स्थिति पर नजर: सरकार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार ने सोमवार को कहा कि जरूरी वस्तुओं की कीमतों में फिलहाल कोई 'असामान्य उतार-चढ़ाव' नहीं देखा गया है और देशभर के थोक एवं खुदरा बाजारों में कीमतों पर लगातार नजर रखी जा रही है। सरकार ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अलावा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए गेहूं और चावल का पर्याप्त भंडार मौजूद है।

राज्यों को आवश्यक खाद्य वस्तुओं की जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई करने को कहा गया है। उपभोक्ता मामले विभाग के अतिरिक्त सचिव अनुपम मिश्रा ने अंतर-मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश की खाद्य सुरक्षा स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि विभाग रोजाना 528 केंद्रों से 40 वस्तुओं के दाम के बारे में सूचना जुटाता है और इन्हें एक मोबाइल ऐप पर अद्यतन किया जाता है।

### जमाखोरी व कालाबाजारी रोकने के प्रयास

मिश्रा ने कहा, ।"अब तक आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में कोई असामान्य उतार-चढ़ाव नहीं देखा गया है।" उन्होंने कहा कि कीमतों पर नजर रखने के साथ जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने और जमाखोरी एवं कालाबाजारी रोकने के भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के भीतर गेहूं और चावल का पर्याप्त भंडार मौजूद है।

- देशभर के थोक व खुदरा कीमतों पर लगातार नजर
- आवश्यक वस्तुओं की मुनाफाखोरी पर सख्त कार्रवाई के आदेश

### गेहूं का 222 और चावल का 380 लाख टन भंडार

शिकायतों की निगरानी के लिए एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है। इस मौके पर खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग की संयुक्त सचिव सी. शिखा ने कहा कि सरकार के पास मौजूद गेहूं और चावल का बफर स्टॉक निर्धारित मानकों से लगभग तीन गुना है। उन्होंने कहा, "वर्तमान में लगभग 222 लाख टन गेहूं और 380 लाख टन चावल का भंडार उपलब्ध है, जो पीडीएस और आकस्मिक जरूरतों के लिए पर्याप्त है।"





### प्याज का बफर स्टॉक बनाने खरीदी शुरू



सरकार ने प्याज का बफर स्टॉक बनाने के लिए खरीद भी शुरू कर दी है जिससे कीमतों में संभावित उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम (एस्मा), 1955 के तहत राज्यों के पास जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई करने के अधिकार हैं और केंद्र सरकार इस संबंध में लगातार राज्यों के संपर्क में है।

### दालों का करीब 28 लाख टन का बफर स्टॉक



दालों के बारे में मिश्रा ने कहा कि इस वर्ष उत्पादन पिछले साल से अधिक रहने का अनुमान है और सरकार के पास करीब 28 लाख टन का बफर स्टॉक है। तुअर (अरहर) और उड़द के आयात को मार्च, 2027 तक 'मुक्त श्रेणी' में रखा गया है। प्याज, आलू और टमाटर के संबंध में उन्होंने कहा कि इनकी पैदावार पिछले साल के लगभग बराबर है और आपूर्ति पक्ष में कोई बाधा नहीं है।

### खाद्य तेल की स्थिति पर सरकार की नजर



सचिव ने कहा कि पिछले एक साल से गेहूं और चावल की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। खाद्य तेल की घरेलू उपलब्धता भी वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद संतोषजनक बनी हुई है और इंडोनेशिया, मलेशिया, रूस, यूक्रेन, अर्जेंटीना एवं ब्राजील से इनका आयात जारी है।"सरकार खाद्य तेल की स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखेगी और जरूरत पड़ने पर हस्तक्षेप करेगी। इसके साथ चीनी के खुदरा दाम भी स्थिर बने हुए हैं।"

# डॉलर के कमजोर होने से चांदी 5,000 रुपए चढ़ी सोना 2,300 रुपए मजबूत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- चांदी बढ़कर 2.42 लाख रुपए प्रति किलोग्राम हुई
- सोना उछलकर 1.53 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर

कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतें 5,000 रुपये बढ़कर 2.42 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं, जबकि सोना बढ़कर 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 5,000 रुपये, या 2.11 प्रतिशत बढ़कर 2,42,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जो शुक्रवार के बंद भाव 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 2,300 रुपये, या 1.52 प्रतिशत बढ़कर 1,53,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले सत्र में यह 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

विश्लेषकों ने कहा कि कीमती धातुओं में हालिया गिरावट के बाद कीमतें घटने पर होने वाली लिवाली के कारण सर्राफा की कीमतों में सुधार आया।

### मजबूत आर्थिक आंकड़ों से सोने में तेजी

अमेरिका के मजबूत वृहद आर्थिक आंकड़ों की वजह से सोने की कीमतों में तेजी सीमित रह सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि नौकरियों के उत्साहजनक आंकड़ों के कारण सोने की कीमतें ऊपर-नीचे और अस्थिर बनी रह सकती हैं।

### वैश्विक राजनीति मुख्य कारक बनी रहेगी

कोटक सिक्योरिटीज में जिंस रिसर्च की एवीपी, कायनात चैनवाला ने कहा कि इस सप्ताह भू-राजनीति ही मुख्य कारक बनी रहेगी और इससे ही सर्राफा कीमतों को दिशा मिलेगी।

## अक्षय तृतीया पर अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स में 'एक्सक्लूसिव ज्वेलरी कलेक्शन' लांच



**रायपुर।** अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स प्रा. लि. ने अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर अपने ग्राहकों के लिए सोने, चांदी, डायमंड और जेम्स स्टोन ज्वैलरी का एक भव्य 'एक्सक्लूसिव कलेक्शन' लांच किया है। पारंपरिक आस्था और आधुनिक डिजाइनों के संगम को दर्शाता यह कलेक्शन खासतौर पर बदलती ग्राहक पसंद को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। अक्षय तृतीया को स्वर्ण खरीदारी का अत्यंत शुभ मुहूर्त माना जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए संस्थान ने लाइटवेट गोल्ड ज्वेलरी की नई रेंज पेश की है, जो ऑफिस और डेली वियर के लिए उपयुक्त है। वहीं शादी-ब्याह और उत्सवों के लिए पोल्की, एंटीक ब्राइडल सेट और कोहिनूर हीरा ज्वैलरी भी आकर्षण का केंद्र हैं, जिनमें रूबी, एमरल्ड और सफायर जैसे कीमती रत्नों का समावेश किया गया है। डायमंड प्रेमियों के लिए प्रीमियम फिनिश वाले लेयरिंग नेकलेस और यूनिक डिजाइन के सेट उपलब्ध हैं। इसके अलावा सिल्वर आर्ट में पूजा बर्तनों से लेकर मॉडर्न सिल्वर ज्वेलरी तक की विस्तृत श्रृंखला पेश की गई है। जेम्स स्टोन कलेक्शन में ज्योतिषीय दृष्टि से प्रमाणित रत्नों को विशेष महत्व दिया गया है, जो शुभ फलदायी माने जाते हैं।

### ग्राहकों का दशकों पुराना विश्वास

एटी ज्वेलर्स के चेयरमैन डायरेक्टर तिलोकचंद बरड़िया ने बताया कि वर्ष 1957 से स्थापित यह संस्थान आज भी शुद्धता, पारदर्शिता और ग्राहक विश्वास के मूल्यों पर कायम है। ग्राहकों का दशकों पुराना विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। आज का ग्राहक पारंपरिक मूल्यों, ट्रेंडी डिजाइनों के साथ-साथ जेम्स स्टोन के ज्योतिषीय फायदों की भी तलाश करता है। हमने इसी समन्वय को अपने इस विशेष कलेक्शन में उतारा है। हमारी प्रतिबद्धता हमेशा शुद्धता, बीआईएस हॉलमार्क और पारदर्शिता के साथ बेहतरीन कलाकृति प्रदान करने की रही है।

### ग्राहकों के लिए विशेष छूट

अक्षय तृतीया के अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष छूट, एक्सचेंज ऑफर और आकर्षक योजनाएं भी उपलब्ध हैं। कंपनी का फ्लैगशिप स्टोर एटी पैलेस, कोतवाली चौक, रायपुर में स्थित है, जहां ग्राहक इस नवीन कलेक्शन का अनुभव कर सकते हैं।

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर के ईवी बिक्री में इजाफा...



**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की वित्त वर्ष 2025-26 में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री 66 प्रतिशत बढ़कर 62,591 इकाई हो गई। यह वित्त वर्ष 2024-25 में 37,730 इकाई थी। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि मार्च में उसने 6,528 इलेक्ट्रिक वाहन बेचे, जो सालाना आधार पर 19 प्रतिशत अधिक है। इसमें एमजी विंडसर का सबसे अधिक योगदान रहा जिसकी बिक्री सालाना आधार पर 20 प्रतिशत अधिक रही.." एमजी विंडसर भारत में सबसे अधिक बिकने वाली ईवी बनी हुई है। बयान के अनुसार, विंडसर की 70 प्रतिशत बिक्री गैर-महानगर शहरों में दर्ज की गई जो छोटे शहरों में इसकी मजबूत मांग का संकेत देती है। साथ ही यह इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर बदलते रुख को भी दर्शाता है।

# भारतीय मुद्रा संभली, रुपए में आई 14 पैसे की तेजी

- रुपया चढ़कर 93.04 प्रति डॉलर पर
- सट्टेबाजी पर अंकुश से रुपए में अस्थिरता कम

एजेंसी ▸▸ मुंबई



रुपया सोमवार को 14 पैसे चढ़कर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.04 (अस्थायी) पर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक के सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने और रुपये में अस्थिरता को कम करने के लिए उठाए गए कदमों से घरेलू मुद्रा थोड़ी संभली है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी, मजबूत डॉलर और अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति के बीच कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से रुपये पर अब भी दबाव कायम है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.13 पर खुला और कारोबार के दौरान तेजी से चढ़कर 92.79 के उच्च स्तर पर पहुंचा। अंत में रुपया 93.04 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 14 पैसे अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कड़े कदमों के बाद रुपये में बृहस्पतिवार को कई साल की एक दिन की सबसे बड़ी तेजी दर्ज की गई।

# एनएमडीसी ने लौह अयस्क के दाम 11.1 % तक बढ़ाए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



सरकारी स्वामित्व वाली एनएमडीसी ने लौह अयस्क के दामों में 11.1 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी ने बताया कि नई कीमतें पांच अप्रैल 2026 से प्रभावी हो गईं।

- कीमतें 5 अप्रैल से प्रभावी हो गई
- बैलाडीला से उत्पादित बायला लंप में 10.4 फीसदी की बढ़ोतरी

कंपनी सूचना के अनुसार बैलाडीला खदानों (छत्तीसगढ़) से उत्पादित उच्च गुणवत्ता वाले बायला लंप (65.5 प्रतिशत लौह अंश) के दाम में 10.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। वहीं बायला फाइंस (64 प्रतिशत लौह अंश) के दाम 11.1 प्रतिशत बढ़ाए गए हैं। बायला फाइंस 10 मिलीमीटर से कम आकार का उच्च गुणवत्ता वाला लौह अयस्क उत्पाद है जो बैलाडीला क्षेत्र की खदानों से प्राप्त होता है। कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि पांच अप्रैल 2026 से लौह अयस्क की कीमतें इस प्रकार तय की गई हैं। बायला लंप (65.5 प्रतिशत, 10-40 मिमी) : 5,300 रुपये प्रति टन, बायला फाइंस (64 प्रतिशत, 10 मिमी से कम) 4,500 रुपये प्रति टन।

### *समाप्त वित्त वर्ष में रिकार्ड उत्पादन*

*एनएमडीसी ने हाल ही में समाप्त वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 5.3 करोड़ टन लौह अयस्क का उत्पादन किया और 5.02 करोड़ टन लौह अयस्क की बिक्री दर्ज की थी।*

# कच्चे तेल के दाम में नरमी से सेंसेक्स 787 अंक चढ़ा

एजेंसी ▸▸ मुंबई



- युद्ध विराम के प्रयासों से कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट
- निफ्टी 255 अंक मजबूत होकर 23,000 अंक के करीब पहुंचा

स्थानीय शेयर बाजार सोमवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त में रहे। बीएसई सेंसेक्स 787 अंक चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 23,000 अंक के करीब पहुंच गया।

पश्चिम एशिया में युद्धविराम के प्रयासों की रिपोर्ट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार बढ़त में रहा। कारोबारियों के अनुसार, बैंक और आईटी शेयरों में अच्छी लिवाली और रुपये में मजबूती से भी निवेशकों की धारणा को समर्थन मिला।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 787.30 अंक बढ़कर 74,106.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 887.91 अंक चढ़कर 74,207.46 अंक पर पहुंच गया था। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 3,207 लाभ में रहे, जबकि 1,147 में गिरावट दर्ज की गयी। वहीं 190 के भाव अपरिवर्तित रहें। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 255.15 अंक यानी 1.12 प्रतिशत बढ़कर 22,968.25 अंक पर बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''पश्चिम एशिया में संभावित युद्धविराम की खबरों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में सुधार के साथ वैश्विक जोखिम धारणा में भी सुधार हुआ।'' सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट में सबसे अधिक 7.89 प्रतिशत की तेजी रही।

### रिलायंस के शेयर तीन प्रतिशत लुढ़के

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में सोमवार को तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। बीएसई पर कंपनी का शेयर 3.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,304.75 रुपये पर बंद हुआ, जबकि कारोबार के दौरान यह 4.50 प्रतिशत तक टूटकर 1,290 रुपये तक आ गया था। वहीं एनएसई पर यह 3.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,304.70 रुपये पर बंद हुआ।

### पूंजीकरण 18 लाख करोड़ के स्तर से नीचे

पिछले दो कारोबारी सत्रों में रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में कुल 4.68 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिससे कंपनी के बाजार पूंजीकरण में 86,743.14 करोड़ रुपये की कमी आई। इसके साथ ही कंपनी का मूल्यांकन 18 लाख करोड़ रुपये के स्तर से नीचे 17.65 लाख करोड़ रुपये रह गया है।

## बिजनेस साइट

### एडवांस सोलर की नई योजना लांच




**रायपुर।** ऊर्जा क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाने का दावा करते हुए एडवांस सोलर ने उपभोक्ताओं के लिए एक नई सोलर योजना की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार, इस योजना के तहत उपभोक्ता बिना किसी डाउन पेमेंट और मासिक ईएमआई के सोलर सिस्टम लगवा सकेंगे और जीवनभर मुफ्त बिजली का लाभ उठा पाएंगे। यह पहल देश में ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। कंपनी ने बताया कि प्रारंभिक चरण में छत्तीसगढ़ और ओडिशा सहित 12 राज्यों में इस योजना को लागू करने की तैयारी है। योजना के तहत 3 किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम उपभोक्ताओं को निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत पंजीकृत विक्रेताओं को इसमें शामिल किया जाएगा, जिससे उपभोक्ता अधिकृत माध्यम से सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। एडवांस सोलर का दावा है कि इस पहल से न केवल बिजली बिल का बोझ खत्म होगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा को भी बढ़ावा मिलेगा। कंपनी ने यह भी कहा कि इस योजना से रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास को गति मिलेगी।

# अब उर्वरक संयंत्रों को जरूरत की 90 प्रतिशत तक गैस की आपूर्ति

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




पेट्रोलियम कंपनियों के हाजिर बाजार से तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की खरीद के बाद उर्वरक संयंत्रों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति उनकी आवश्यकता के लगभग 90 प्रतिशत तक बढ़ा दी गई है। होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही बाधित होने से उत्पन्न समस्याओं के बीच ईंधन की उपलब्धता को प्रबंधित करने के व्यापक उपायों के तहत यह कदम उठाया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण खाड़ी देशों से ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बाद, सरकार ने शुरू में उर्वरक (यूरिया) संयंत्रों को गैस की आपूर्ति आवश्यकता के लगभग 60 प्रतिशत तक सीमित कर दी थी। बाद में वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से इसे बढ़ाकर 75 से 80 प्रतिशत कर दिया गया था। सचिव सुजाता शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि हाजिर खरीद का उपयोग करके छह अप्रैल से गैस की आपूर्ति को छह महीने की औसत खपत के 90 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है। कतर से एलएनजी की आपूर्ति निलंबित है।

### *18 करोड़ से अधिक सिलेंडर वितरित*

*अधिकारी ने कहा, ''घरेलू एलपीजी सिलेंडर का वितरण सामान्य बना हुआ है। एक मार्च, 2026 से अब तक 18 करोड़ से अधिक सिलेंडर घरों में वितरित किए जा चुके हैं।' उन्होंने कहा कि राज्यों को होटल और रेस्तरांओं द्वारा उपयोग की जाने वाली वाणिज्यिक एलपीजी का आवंटन संकट-पूर्व स्तर के लगभग 70 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है।*

# एमआई के सामने होगी आरआर की मुश्किल चुनौती, हार्दिक की फिटनेस पर नजर

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

पिछले मैच में हार के बाद वापसी के लिए प्रतिबद्ध मुंबई इंडियंस को उम्मीद होगी कि कप्तान हार्दिक पंड्या पूरी तरह से फिट होकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मंगलवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में खेलेंगे। हार्दिक अस्वस्थ होने के कारण दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे, जिसमें उनकी टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। हार्दिक की अनुपस्थिति में भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अगुवाई की थी लेकिन टीम को हार्दिक के ऑलराउंड खेल की कमी महसूस हुई।

हार्दिक की अनुपस्थिति के कारण टीम संयोजन में भी फेरबदल करना पड़ा। उनकी जगह टीम में शामिल किए गए दीपक चाहर ने सधी हुई गेंदबाजी की, लेकिन अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की जगह कॉर्बिन बॉश को लाने का फैसला उल्टा पड़ गया, क्योंकि दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज ने जमकर रन लुटाए। इसके बाद हार्दिक ने अभ्यास शुरू कर दिया है, जिससे कि उनकी वापसी की संभावना मजबूत बन गई है।

## आज शाम 7.30 बजे से गुवाहाटी में भिड़ेंगी रियान पराग और हार्दिक पंड्या की टीमें



### आरआर ने अपनाया आक्रामक रवैया

राजस्थान के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। राजस्थान की टीम ने अभी तक आक्रामक रवैया अपनाया है और मुंबई को उस सतर्क रहने की जरूरत होगी। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने टीम को विस्फोटक शुरुआत दी है, जिसके बाद ध्रुव जुरेल ने लय कायम रखी है। कप्तान रियान पराग ने अभी तक बल्ले से कोई खास योगदान नहीं दिया है, लेकिन उन्हें अपने नेतृत्वकौशल से आत्मविश्वास मिलेगा। उन्होंने अब तक अपनी कप्तानी से प्रभावित किया है, विशेषपर डेथ ओवरों में लिए गए उनके रणनीतिक फैसलों से, जिसके कारण रॉयल्स ने गुजरात टाइटन्स पर रोमांचक जीत दर्ज की थी।

## बारिश के कारण कोलकाता-पंजाब का मैच रद्द, दोनों टीमों को मिला 1-1 पॉइंट



**कोलकाता।** आईपीएल का 12वां मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला जाना था। लेकिन ये मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया और इसे रद्द करना पड़ा। इसके चलते दोनों टीमों में एक-एक अंक शेयर किए गए। ये मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर था। टॉस जीतकर केकेआर ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया था। लेकिन केवल 3.4 ओवर का ही खेल हो सका और फिर बारिश आ गई। रात करीब 10.30 पर बारिश थमी लेकिन मैदान गीला होने के चलते अंपायर्स ने इसे रद्द करने का फैसला लिया।

## खबर संक्षेप



### लय हासिल करने के लिए बेताब सैमसन : फ्लेमिंग

**बेंगलुरु।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने आईपीएल 2026 में संजू सैमसन के के अब तक के खराब प्रदर्शन को खास तवज्जों नहीं दी और कहा कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज टीम के माहौल में ढलने की प्रक्रिया से गुजर रहा है तथा रन बनाने और टीम की सफलता में योगदान देने के लिए बेताब है। फ्लेमिंग ने कहा, ' जब आप किसी फ्रेंचाइजी (इस मामले में राजस्थान रॉयल्स) की तरफ से लंबे समय से खेल रहे हों तो फिर किसी नई टीम के माहौल में ढलने में समय लगता है। भले ही वह शायद काफी सहज महसूस करता हो, फिर भी अपनेपन की भावना बनी रहती है और वह इस टीम के माहौल में ढलने की प्रक्रिया से गुजर रहा है।' फ्लेमिंग ने कहा कि केरल का यह खिलाड़ी लय हासिल करने के लिए बेताब है।

### हैदराबाद में 16 जून से रग्बी प्रीमियर लीग

**नई दिल्ली।** रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) 16 से 28 जून तक हैदराबाद के गाचीबोवली स्टेडियम में खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता का आयोजन जीएमआर स्पोर्ट्स और रग्बी इंडिया कर रहा है।



पिछले साल पहली बार रग्बी प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया था। पहले सत्र की तरह ही इस बार भी यह प्रतियोगिता रग्बी सेवन प्रारुप में आयोजित की जाएगी। इस बार भी इसमें पिछले साल की तरह छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेगी। यह घोषणा जीएमआर स्पोर्ट्स के हाल ही में तेलंगाना सरकार के साथ एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करने के बाद की गई है। रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा, ' जीवन में हम जो भी करते हैं, हमारा लक्ष्य हमेशा बेहतर करना, बेहतर बनना और बेहतर प्रदर्शन करना होता है। यही आरपीएल का मूलमंत्र रहेगा।'

### अंडमान में 9 अप्रैल से राष्ट्रीय सर्फिंग चैंपियनशिप



**श्रीविजयपुरम।** अंडमान के बटलर की खाड़ी में 9 से 12 अप्रैल तक राष्ट्रीय सर्फिंग चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। बटलर की खाड़ी श्रीविजयपुरम से लगभग 130 किलोमीटर दूर दक्षिण में स्थित है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पहली बार इस प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। सूचना, प्रचार और पर्यटन कार्यालय के निदेशक ने कहा, 'भारतीय सर्फिंग महासंघ के सहयोग से आयोजित की जाने वाली यह प्रतियोगिता जापान में होने वाले एशियाई खेलों को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा, ' इस चैंपियनशिप में देशभर के शीर्ष सर्फर भाग लेंगे। अंडमान में इस प्रतियोगिता का आयोजन करने का उद्देश्य इस द्वीपसमूह को सर्फिंग और समुद्री खेलों के उभरते केंद्र के रूप में बढ़ावा देना है।'



## अर्जेंटीना के रोमन एंड्रेस बुरुचागा को हराया

# पॉल ने दिखाया दम, यूएस मेन्स क्ले कोर्ट में जीता पहला खिताब

एजेंसी ▶▶| ह्यूस्टन

टॉमी पॉल ने अर्जेंटीना के रोमन एंड्रेस बुरुचागा पर 6–1, 3–6, 7–5 से जीत के साथ अपना पहला यूएस मेन्स क्ले कोर्ट चैंपियनशिप का खिताब जीता। यह उनका पांचवां एटीपी टूर खिताब है, वहीं क्ले पर पहला खिताब है।



28 साल के पॉल ने चैंपियनशिप में तीन मैच पॉइंट बचाए, तीसरे सेट में 3-5 से पीछे होने के बाद लगातार चार गेम जीतकर खिताब अपने जीता। पॉल ने अपनी दो घंटे, 40 मिनट की जीत के साथ ह्यूस्टन में लगातार पांचवां अमेरिकन चैंपियनशिप पक्का किया। पॉल के शुरुआती सेट में तेजी से आगे बढ़ने के बाद, बुरुचागा ने दूसरे सेट में ज्यादा मजबूती से जवाब दिया, पॉइंट्स बढ़ाए और वापसी पर अपनी लय पाकर मैच को निर्णायक बना दिया।

### तीसरा सेट में पॉल का असली टेस्ट

तीसरा सेट उनकी हिम्मत का असली टेस्ट था। 5-3 से पीछे चल रहे पॉल तीन मैच पॉइंट से पीछे थे, और हार से बस कुछ मिनट दूर थे। पहले दो सेट में बुरुचागा से दो गलतियां करवाने के बाद, पॉल ने टिके रहने के लिए टच वॉली विनर से नेट पर गोल किया। इसके बाद पॉल ने 6-5 से बढ़त बना ली, लेकिन बुरुचागा ने वापसी की और लगभग तीसरे सेट में टाईब्रेकर के लिए मजबूर कर दिया। अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने 40-0 से सर्विस की, लेकिन पॉल ने पॉइंट-बाय-पॉइंट अपनी पकड़ बनाए रखी और अपने विरोधी को हराकर आखिरी सेट 7-5 से जीत लिया।

### सबसे उम्रदराज चैंपियन बने टॉमी

इस जीत के साथ, 28 साल के पॉल 2016 में 32 साल के जुआन मोनाको के बाद ह्यूस्टन के सबसे उम्रदराज चैंपियन बन गए। वहीं, इस जीत के साथ टॉमी पॉल फ्रांसिस टियाफो के साथ क्ले, ग्रास और हार्ड कोर्ट पर खिताब जीतने वाले दो सक्रिय अमेरिकी खिलाड़ियों में शामिल हो गए। वह अब 2026 मैच जीतने में अमेरिकन टूर लीडर हैं, जिनका इस साल का रिकॉर्ड 19-7 है। पॉल पिछले अक्टूबर के बाद पहली बार टॉप 20 में वापस आएंगे, और अगले हफ्ते की एटीपी रैंकिंग में उनके 18वें नंबर पर पहुंचने की उम्मीद है। इस बीच, बुरुचागा फरवरी में पहली बार टॉप 100 में पहुंचने और 77वें नंबर पर टूर्नामेंट में एंट्री करने के बाद अपने करियर के नए सबसे ऊंचे नंबर 62 पर पहुंच जाएंगे।

### बीजेकेसी में जगह बनाने की दौड़ में भारत

**नई दिल्ली।** भारत 2026 के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लक्ष्य के साथ मंगलवार से डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में होने वाले बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के एशिया-ओशिनिया ग्रुप एक के मुकाबलों में परिचित परिस्थितियों और घरेलू समर्थन का भरपूर लाभ उठाने की कोशिश करेगा। भारत को हालांकि प्रतिभाशाली श्रीवल्ली भामिदिपति के हटने से झटका लगा है।




इंडोनेशिया, कोरिया, मंगोलिया, न्यूजीलैंड और थाईलैंड की मौजूदगी में भारतीय टीम को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इस टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें ही आगे बढ़ेंगी, जबकि सबसे नीचे की दो टीमें 2027 के लिए ग्रुप दो में खिसक जाएंगी। भारत का बेंगलुरु में 2025 प्लेऑफ में निराशाजनक प्रदर्शन रहा था। वह तब तीन टीमों के ग्रुप जी में तीसरे स्थान पर रहा था। मेजबान टीम को स्लोवेनिया से 1-2 और नीदरलैंड से 0-3 की हार का सामना करना पड़ा, हालांकि नवोदित खिलाड़ी श्रीवल्ली और सहजा यमलापल्ली ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था।

## आईसीसी अवॉर्ड

# सैमसन नॉमिनेट, बुमराह और एस्टरहुइजन से टक्कर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइजन को मार्च के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया है। संजू सैमसन का प्रदर्शन 'टी20 विश्व कप 2026' में शानदार रहा था। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले में दमदार पारी खेली थी।

वहीं, जसप्रीत बुमराह ने टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले में गेंद से अहम किरदार निभाया था। एस्टरहुइजन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 5 मुकाबलों में 200 रन बनाए। सीरीज के चौथे मैच में उन्होंने अपने टी20 इंटरनेशनल करियर का पहला अर्धशतक लगाया था और 33 गेंदों में 75 रनों की दमदार पारी खेली थी। साउथ अफ्रीका पांच मुकाबलों की सीरीज को 3-2 से अपने नाम करने में सफल रही थी।



### केर, मूनी और अयाबोंगा शॉर्टलिस्ट

*न्यूजीलैंड की कप्तान अमेलिया केर, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बेथ मूनी और साउथ अफ्रीकी सीमर अयाबोंगा खाका को मार्च महीने के लिए 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड' के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमेलिया केर ने जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका के खिलाफ शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन किया था। बीते महीने उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज के तीन मुकाबलों में 46.67 की औसत के साथ 140 रन बनाने के अलावा, सर्वाधिक 16 विकेट हासिल किए थे। वहीं, बेथ ने दो वनडे मुकाबलों में कुल 171 रन बनाए। उन्होंने होबार्ट में भारत के खिलाफ सीरीज के आखिरी वनडे में नाबाद 106 रन की पारी खेली, जिससे ऑस्ट्रेलिया को 3-0 से सीरीज जीत मिली। दूसरी ओर, अयाबोंगा न्यूजीलैंड में खेली गई टी20 सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज रहीं, उन्होंने चार मुकाबलों में कुल आठ विकेट लिए। इसके बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन जारी रखा, उन्होंने क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में 56 रन देकर 6 विकेट लिए थे। अगले मैच में 51 रन देकर 3 विकेट निकाले।*



## एशिया चैंपियनशिप

# लक्ष्य सेन और सिंधु पर दारोमदार सात्विक-चिराग ने लिया नाम वापस



एजेंसी ▶▶| निंगबो

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप से अपना नाम वापस ले लिया है और अब इस प्रतियोगिता में भारत का दारोमदार शानदार फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन और अनुभवी पीवी सिंधु पर टिका रहेगा। सात्विक अभी कंधे की चोट से उबर रहे हैं, जिसके कारण इस स्टार भारतीय जोड़ी को टूर्नामेंट से नाम वापस लेना पड़ा। सात्विक और चिराग ने 2023 में इस प्रतियोगिता का खिताब जीता था।

### सात्विक को दर्द, नहीं खेल पाएंगे : कोच

भारतीय कोच टैन किम हेर ने बताया, 'सात्विक को अभी भी कुछ दर्द है, इसलिए वे इस सप्ताह नहीं खेल पाएंगे।' सात्विक के दाहिने कंधे में दर्द के कारण यह भारतीय जोड़ी स्विस ओपन में भी क्वार्टर फाइनल के मैच से भी हट गई थी। इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत की निगाहें अब एकल खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर टिकी रहेंगी, जिसका नेतृत्व लक्ष्य और सिंधु करेंगे। यह दोनों इस प्रतियोगिता में एकल में देश के खिताब के 61 साल से चले आ रहे इंतजार को खत्म करने की कोशिश करेंगे।

### सिंधु का पहला मुकाबला लिंग चिंग से

महिला एकल में सिंधु का पहला मुकाबला मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से होगा। उन्नति हुडा का सामना थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग से, तन्वी शर्मा का सामना मलेशिया की के लेटशाना से और मालविका बंसोड़ का सामना थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से होगा। पुरुष एकल वर्ग में भारत के कुछ अन्य खिलाड़ी भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। कंधे की चोट से उबरकर वापसी कर रहे एचएस प्रणय का सामना क्वालीफायर से होगा, वहीं किदांबी श्रीकांत सिंगापुर के आठवें वरीयता प्राप्त लोह कीन यू से भिड़ेंगे। आयुष शेट्टी का सामना चीन के पांचवीं वरीयता प्राप्त ली शी फेंग से होगा। हरिहरन आमसकारुनन और एमआर अर्जुन का सामना दक्षिण कोरिया के किम वॉन हो और सियो सेउंग जे की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी से जबकि कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक का मुकाबला जापान के काकेरू कुमागाई और हिरोकी निशी से होगा।

## कैंडिडेट्स शतरंज

# प्रज्ञानानंदा का गिरि से मुकाबला हर हालत में जीत की जरूरत



**पाफोस।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के आठवें दौर में मंगलवार को नीदरलैंड के अनीश गिरि से खेलेंगे तो उन्हें टूर्नामेंट में बने रहने के लिए हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। चेन्नई के 20 वर्ष के प्रज्ञानानंदा इस समय सात दौर के बाद 3.5 अंक लेकर गिरि के साथ तीसरे स्थान पर हैं। अब टूर्नामेंट के सात दौर के मुकाबले बचे हैं। पहले मुकाबले में गिरि को हराने के बाद प्रज्ञानानंदा दूसरी जीत दर्ज नहीं कर पाए हैं। उन्हें शीर्ष पर काबिज उजबेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव ने हराया जबकि पांच मुकाबले ड्रॉ रहे।

### सिंदारोव छह अंक लेकर शीर्ष पर

सिंदारोव छह अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि अमेरिका के फेबियानो कारुआना उनसे 1.5 अंक पीछे दूसरे स्थान पर हैं। चीन के वेइ यि और जर्मनी के मथियास ब्लूबाम संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं जबकि हिकारु नकामूरा उनसे आधा अंक पीछे हैं । इस टूर्नामेंट के जरिए मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश के चैलेंजर तय होगा।

## एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# प्रीति ने किया उलटफेर, ऐजी इम को हराकर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| उलानबटोर

उदीयमान भारतीय मुक्केबाज प्रीति पवार ने पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता कोरिया की ऐजी इम को हराकर एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन हारकर बाहर हो गई। प्रिया और अरुंधति चौधरी ने भी अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीते। विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता पूजा रानी और अंकुशिता बोरो को सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा ।

एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति ने तीन दौर के मुकाबले में इम को 5-0 से हराया । अब फाइनल में उनका सामना तीन बार की विश्व चैंपियन (2019, 2023,2025) और तोक्यो ओलंपिक 2020 की कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपै की हुआंग सियाओ वेन से होगा।



### प्रिया ने मोंखोर को हराकर फाइनल में जगह बनाई

महिलाओं के 60 किलोवर्ग में प्रिया ने स्थानीय मुक्केबाज नामून मोंखोर को 5-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना उत्तर कोरिया की उन जियोंग वोन से होगा। अरुंधति ने उजबेकिस्तान की ओइशा तोइरोवा को 70 किलोवर्ग के सेमीफाइनल में 4-1 से हराया। अब उनका सामना कजाखस्तान की बेकित सेइदिश से होगा। दो बार की विश्व चैंपियन निकहत को ओलंपिक पदक विजेता चीन की वू यू ने 51 किलोवर्ग के सेमीफाइनल में 5-0 से मात दी। निकहत की इस मुक्केबाज के खिलाफ यह दूसरी हार है। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना को 75 किलोवर्ग में विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता उजबेकिस्तान की अजीजा जोकिरोवा ने 5-0 से मात दी । पहले दौर में बाय मिलने के बाद यह टूर्नामेंट में लवलीना का पहला मुकाबला था।

## वेस्ट हैम को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया

# 1987 के बाद एफए कप के सेमीफाइनल में लीड्स

एजेंसी ▶▶| लंदन

लीड्स ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में दो गोल की बढ़त गंवा दी लेकिन आखिर में वह वेस्ट हैम को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर 1987 के बाद पहली बार एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहा।

माटेउस फर्नांडेस और एक्सल दिसासी ने 93वें और 96वें मिनट में गोल दागकर वेस्ट हैम को लंदन स्टेडियम में खेले गए मैच में 2-2 से बराबरी पर ला दिया। इससे मैच अतिरिक्त समय तक खिंच गया। क्वार्टर फाइनल के इस मैच में अतिरिक्त समय में वेस्ट हैम के दो गोल ऑफसाइड के कारण रद्द कर दिए गए, जिसके बाद लीड्स ने शूटआउट में जीत हासिल की। वेस्ट हैम के फिनले हेरिक ने जोएल पिरो की पेनल्टी बचाई, लेकिन लीड्स ने पास्कल स्ट्रुइक ने निर्णायक पेनल्टी पर गोल करके अपनी टीम को जीत दिलाई। इससे पहले निर्धारित समय में आओ तानाका और डोमिनिक कैल्वर्ट लेविन के गोल से लीड्स ने 2-0 की बढ़त हासिल की थी। लीड्स सेमीफाइनल में चेल्सी से भिड़ेगा। दूसरे सेमीफाइनल मैच में मैनचेस्टर सिटी और साउथेम्प्टन आमने-सामने होंगी। ये मैच 25 और 26 अप्रैल को वेम्बली में खेले जाएंगे।



### इंटर मिलान ने रोमा को 5-2 से हराया, मार्टिनेज ने दागे दो गोल

**मिलान।** लोटारो मार्टिनेज ने चोट से उबरकर वापसी करते हुए दो गोल दागे, जिससे इंटर मिलान ने रोमा को 5-2 से हराकर इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को मजबूत कर दिया। इंटर मिलान ने इस जीत से प्रतियोगिता में पिछले चार मैच में जीत हासिल नहीं करने का सिलसिला भी समाप्त कर दिया। सैन सिरो स्टेडियम में मार्टिनेज ने दूसरे और 52वें मिनट में गोल दागे। उनके अलावा हाकान चालहानोग्लू, मार्कस थुरम और निकोलो बरेला ने भी इंटर मिलान के लिए गोल किए। रोमा के लिए जियानलुका मैनसिनी और लोरेंजो पेलेग्रिनी ने गोल किए। इस जीत से इंटर मिलान के 31 मैच में 72 अंक हो गए हैं और उसने शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।



वह अब दूसरे नंबर पर काबिज एसी मिलान से नौ अंक और मौजूदा चैंपियन नेपोली से 10 अंक आगे है।






# 33 साल बाद बहन ने एक फोटो के सहारे ढूंढ निकाला खोया हुआ भाई

बीजिंग। कहते हैं सच्चा रिश्ता वक्त और दूरी से नहीं टूटता। चीन की एक बहन ने इस बात को सच साबित कर दिया। उसने अपने अपहृत भाई को 33 साल बाद सिर्फ एक पुरानी तस्वीर के सहारे ढूंढ निकाला। यह कहानी आज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

## भाई के खोने के बाद ली लिन ने पूरी जिंदगी उसे ढूंढने में लगा दी

### कैसे बिछड़े थे भाई-बहन?

यह दर्दनाक कहानी चीन की है। ली लिन (अब 44 साल) और उनके छोटे भाई ली शिन बचपन में ही अनाथ हो गए थे। मां की मौत कैंसर से हो गई और पिता मानसिक रूप से टूट गए। ऐसे में दोनों भाई-बहन को खाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता था। एक दिन बारिश से बचने के लिए दोनों एक ट्रक में जाकर छिप गए, लेकिन वह ट्रक उन्हें एक अनजान शहर में ले गया। वहीं, एक अजनबी महिला ने छोटे भाई को खाने के लिए ब्रेड दी और उसे अपने साथ ले गई। ली लिन ने इसे मदद समझा, लेकिन उनका भाई कभी वापस नहीं लौटा।



### बहन ने नहीं मानी हार

भाई के खोने के बाद ली लिन ने पूरी जिंदगी उसे ढूंढने में लगा दी। उन्होंने करीब 1 मिलियन युआन (लगभग 1.2 करोड़ रुपए) खर्च कर दिए। मजदूरी की, ईंटें ढोईं, होटल में बर्तन धोए और पूरे देश में हजारों पर्चे बांटे। सबसे बड़ी बात, उनके पास कोई डीएनए या ठोस सबूत नहीं था, बस एक पुरानी बचपन की फोटो थी।

### भाई ने भी झेली मुश्किल जिंदगी

उधर, उनके भाई ली शिन को ग्वांगडोंग में एक परिवार ने गोद ले लिया और उसका नाम बदलकर हान रख दिया गया। उसने कई बार भागने की कोशिश की। भीख मांगकर गुजारा किया। और उसका बचपन बेहद कठिन परिस्थितियों में बीता।

### आखिर कैसे हुआ मिलन?

यह कहानी तब पूरी हुई जब जियांग्शी प्रांत के एक पुलिस अधिकारी ने उस पुरानी फोटो के आधार पर एक संभावित व्यक्ति की पहचान की। बाद में डीएनए टेस्ट कराया गया, जिसमें यह पुष्टि हुई कि वही व्यक्ति ली लिन का खोया हुआ भाई है। 33 साल बाद दोनों भाई-बहन आखिरकार मिल गए।

# चांद के सफर पर मैक एंड चीज की दावत!

वॉशिंगटन। चांद की सैर पर निकले नासा के आर्टेमिस 2 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों ने अंतरिक्ष से एक बहुत ही मजेदार वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में दिखाया गया है कि जीरो ग्रेविटी में वे अपना खाना कैसे खाते हैं।

चांद की तरफ बढ़ रहे नासा के आर्टेमिस-2 मिशन के एस्ट्रोनॉट्स ने अपने खाने का एक खास वीडियो साझा किया है। पहले स्पेस फूड का मतलब सिर्फ सूखा या पेस्ट जैसा खाना होता था, लेकिन अब यह तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। आर्टेमिस-2 मिशन में एस्ट्रोनॉट्स ऐसा खाना खा रहे हैं, जो उन्हें घर जैसा एहसास दिलाता है। वैज्ञानिकों ने आर्टेमिस 2 के क्रू के लिए एक ऐसा मेन्यू तैयार किया है, जो न केवल सेहतमंद है, बल्कि स्वाद में भी लाजवाब है। क्योंकि, ओरियन कैप्सूल में जगह कम है और वहां गुरुत्वाकर्षण भी नहीं है, इसलिए वहां का खाना हमारे घर जैसा आसान नहीं होता। नासा के वीडियो में देखा जा सकता है कि एस्ट्रोनॉट्स रीड वाइसमैन, क्रिस्टीना कोच और जेरेमी हैनसन मजे से 'मैक एंड चीज' और 'श्रिम्प कॉकटेल' का आनंद ले रहे हैं।

## अंतरिक्ष में उड़ते हुए डिनर कर रहे एस्ट्रोनॉट्स, हवा में तैरते खाने का वीडियो वायरल

### अंतरिक्ष में क्या है मेन्यू?

मिशन कमांडर रीड वाइसमैन और क्रिस्टीना कोच ने दिखाया कि उनके पास अंतरिक्ष में भी 'मैक एंड चीज' जैसा कम्फर्ट फूड मौजूद है। इसके अलावा मेन्यू में झींगा, बारबेक्यू बीफ ब्रिस्केट, मैंगो सलाद और मसालेदार बीन्स जैसी 189 अनोखी चीजें शामिल हैं। यह सिर्फ खाना नहीं, बल्कि घर की याद दिलाने वाला स्वाद है। जब आप हजारों किलोमीटर दूर होते हैं, तो ऐसी चीजें मन को काफी सुकून देती हैं।

### कैसे खाया जाता है खाना अंतरिक्ष में?

अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण नहीं होता, इसलिए खाना जमीन की तरह नहीं खाया जा सकता। यहां हर चीज पैकेट में बंद होती है। खाने से पहले उसमें पानी मिलाया जाता है या उसे हल्का गर्म किया जाता है। फिर उसे चम्मच से या सीधे पैकेट से खाया जाता है, जिससे कुछ भी उड़कर इधर-उधर न जाए। इस खाने को विशेष रूप से हीट ट्रीट किया जाता है, जिससे यह बिना फ्रिज के भी सालों तक खराब नहीं होता।



### क्रम्स से बचना क्यों जरूरी है?

स्पेसक्राफ्ट के अंदर साधारण ब्रेड या बिस्किट खाना मना है। क्योंकि, अंतरिक्ष में खाने के छोटे टुकड़े जमीन पर नहीं गिरते, बल्कि हवा में तैरते रहते हैं। ऐसे में ये टुकड़े किसी एस्ट्रोनॉट की आंख में जा सकते हैं या स्पेसक्राफ्ट के संवेदनशील उपकरणों और तारों में फंसकर शॉर्ट सर्किट पैदा कर सकते हैं। इसलिए ऐसा खाना चुना जाता है, जो चिपचिपा हो और जिसके टुकड़े न उड़ें।

### पाउडर पूरी तरह मना है!

अंतरिक्ष में आप खाने में नमक या काली मिर्च का पाउडर नहीं छिड़क सकते। गुरुत्वाकर्षण न होने के कारण पाउडर हवा में तैरने लगेगा। यह एस्ट्रोनॉट की आंखों या नाक में जा सकता है या स्पेसक्राफ्ट की नाजुक मशीनों में फंसकर उन्हें खराब कर सकता है। वहां नमक और मिर्च तरल रूप में दिए जाते हैं, जिन्हें तेल या पानी की बूंदों की तरह खाने में मिलाया जाता है।

### खाना पकाया कैसे जाता है?

ओरियन स्पेसक्राफ्ट में कोई गैस चूल्हा या माइक्रोवेव नहीं होता। खाना पहले धरती पर ही पकाकर उसकी सारी नमी सुखा दी जाती है। यह दिखने में सख्त टुकड़ों या पाउडर जैसा होता है। एस्ट्रोनॉट एक मशीन के जरिए खाने के पैकेट में गर्म पानी डालते हैं, जिसके बाद कुछ ही मिनटों में खाना वापस अपने असली और स्वादिष्ट रूप में आ जाता है।



### स्वाद में आता है बदलाव

क्या आप जानते हैं कि अंतरिक्ष में जाने पर खाने का स्वाद थोड़ा बदल जाता है? गुरुत्वाकर्षण न होने से शरीर के तरल पदार्थ सिर की ओर बढ़ने लगते हैं, जिससे नाक बंद जैसी महसूस होती है। इसलिए, एस्ट्रोनॉट्स को अक्सर ज्यादा मसालेदार और चटपटा खाना पसंद आता है। इस तरह के खाने में उन्हें ज्यादा स्वाद महसूस होता है।

# खेत में निकला इंसानी 'हाथ' किसान ने बेचने से कर दिया इंकार

बीजिंग। चीन के इस बुजुर्ग किसान को अपनी मेहनत का ऐसा फल मिलेगा, उसने सपने में भी नहीं सोचा था। दिन का समय था। सूरज चमक रहा था और चाचा अपने खेत में रतालू खोद रहे थे। अचानक उन्हें कुछ अजीब सा अहसास हुआ। जैसे ही उन्होंने मिट्टी हटाई, उनकी चीख निकल गई। जमीन के अंदर से पांच उंगलियों वाला एक बिल्कुल इंसानी हाथ जैसा दिखने वाला रतालू (एक पौष्टिक कंद वाली जड़ वाली सब्जी है, जो जमीन के नीचे उगती है) बाहर आया।



### खौफ के बाद आया नोटों का ऑफर

शुरुआत में तो किसान को लगा कि कहीं उसने कोई लाश तो नहीं खोद दी। वह बुरी तरह घबरा गया था, लेकिन जब उसे धोया और साफ किया, तो पता चला कि यह तो सिर्फ एक सब्जी है, जिसकी शक्ल हुबहू इंसानी हाथ जैसी है। अब भाई, सोशल मीडिया का जमाना है, खबर आग की तरह फैल गई। लोग दूर-दूर से इस 'जादुई रतालू' को देखने आने लगे। बात सिर्फ देखने तक नहीं रुकी, पैसे की बरसात भी शुरू हो गई। ऑनलाइन और ऑफलाइन खरीदारों ने इस अजीबोगरीब रतालू के लिए बोलियां लगानी शुरू कर दीं। आपको यकीन नहीं होगा, लेकिन एक शख्स ने तो इसे खरीदने के लिए 8,000 युआन (करीब 1.25 लाख रुपए से ज्यादा) की पेशकश कर दी।

### लाखों की माया, फिर भी किसान का दिल नहीं डोल पाया

जहां कोई भी आम इंसान इतनी मोटी रकम देखकर फौरन डील पक्की कर लेता, वहीं हमारे इन किसान चाचा का मिजाज थोड़ा अलग निकला। उन्होंने साफ कह दिया 'ये बिकाऊ नहीं है।' उन्होंने इतने भारी-भरकम ऑफर को ठुकरा दिया। उनका मानना है कि यह कुदरत का एक नायाब तोहफा है और वह इसे अपने पास ही रखना चाहते हैं। फिलहाल, यह हाथ वाला रतालू एक पत्थर के बर्तन में सुरक्षित रखा गया है। लोग इसे किसी अजूबे से कम नहीं मान रहे। वाकई, कुदरत की कारीगरी का कोई मुकाबला नहीं है, कभी-कभी वो ऐसी चीजें बना देती है कि दुनिया बस देखती रह जाए।

# ये सुअर नहीं, चलता-फिरता सेलिब्रिटी है!

## गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड जीतकर बना सोशल मीडिया का असली बादशाह

नई दिल्ली। जमाना बदल गया है।..अब केवल इंसान ही सोशल मीडिया पर जलवे नहीं बिखेर रहे, बल्कि जानवरों ने भी मोर्चा संभाल लिया है। मिलिए मर्लिन से, जो कोई मामूली जानवर नहीं, बल्कि दुनिया का सबसे मशहूर सुअर बन गया है। इंस्टाग्राम पर इसके 11 लाख से ज्यादा चाहने वाले हैं। मर्लिन की खासियत ये है कि ये बटन दबाकर अपनी बात कहता है। इसके पास 25 अलग-अलग साउंड बटन हैं, जिनका इस्तेमाल ये भूख लगने पर, ध्यान खींचने के लिए या अपनी नाराजगी जताने के लिए करता है। इसकी मालकिन मीना अलाली ने इसे 2022 से ट्रेनिंग देना शुरू किया था और आज ये हाल है कि मर्लिन ने 'मोस्ट फॉलोड पिग' का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर इतिहास रच दिया है। मर्लिन जब



अपनी रिकॉर्ड वाली ट्रॉफी के साथ पोज देता है, तो उसकी शान देखने लायक होती है। हालांकि, रिकॉर्ड मिलने पर वो थोड़ा मायूस भी था, क्योंकि उसे लगा कि इस पार्सल में उसके लिए कोई खाने वाली चीज होगी। उसकी मालकिन कहती हैं कि मर्लिन उनके लिए किसी बच्चे से कम नहीं है और उसकी हरकतों ने लाखों लोगों का तनाव और उदासी दूर की है।

### ट्रेनिंग का कमाल और वर्ल्ड रिकॉर्ड का जलवा

मीना को जानवरों को ट्रेन करने का पुराना तजुर्बा है, लेकिन मर्लिन के साथ ये सफर काफी सब्र वाला रहा। शुरू में वो बहुत शोर मचाता था, लेकिन आज वो अपनी भावनाओं को बटन के जरिए बखूबी समझा लेता है। दुनिया इसे कचरे में रहने वाला जीव समझती है, लेकिन मर्लिन ने साबित कर दिया कि अगर हुनर तराशा जाए तो मंजिल कदम चूमती है।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

# डर या संगीत सुनकर क्यों खड़े हो जाते हैं रोंगटे, इस राज से उठा पर्दा

नई दिल्ली। अक्सर आपने देखा होगा कि ठंड लगने, डरने या किसी इमोशनल गाने को सुनने पर हमारे शरीर के रोएं खड़े हो जाते हैं, जिन्हें हम आम भाषा में रोंगटे खड़े होना कहते हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर यह होता क्यों है? इसके पीछे की वजह क्या है? तो यहां हम आपको इसका साइंटिफिक रीजन बताने वाले हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह हमारे शरीर का एक प्राचीन रिस्पॉन्स सिस्टम है, जो आज के समय में हमारे लिए भले ही बेमतलब हो, लेकिन हमारे पूर्वजों के लिए यह जान बचाने का जरिया हुआ करता था।

**शरीर के अंदर क्या होता है :** हमारी त्वचा पर मौजूद हर बाल एक छोटे से छेद के अंदर होता है। इस छेद से एक बेहद छोटी मांसपेशी जुड़ी होती है, जिसे एरेक्टर पिली कहते हैं। जब हमारा नर्वस सिस्टम शरीर को संकेत भेजता है, तो ये मांसपेशियां एक साथ सिकुड़ जाती हैं। इससे बाल सीधे खड़े हो जाते हैं और उनके आस-पास की त्वचा ऊपर की ओर खिंचकर एक छोटा दाना जैसा बना लेती है।



### एड्रेनालाइन का खेल

रोंगटे खड़े होने का असली ट्रिगर 'एड्रेनालाइन' नाम का हार्मोन है। जब मस्तिष्क को अचानक ठंड लगती है या किसी खतरे (डर या उत्साह) का आभास होता है, तो वह तुरंत खून में एड्रेनालाइन छोड़ता है। यही वजह है कि रोंगटे किसी एक जगह नहीं, बल्कि पूरे शरीर पर एक साथ दिखाई देते हैं।

### संगीत या भावनाओं से रोंगटे क्यों?

वैज्ञानिकों का मानना है कि हमारे मस्तिष्क का वह हिस्सा, जो भावनाओं को संभालता है, उसी हिस्से से जुड़ा है, जो शारीरिक खतरे को भांपता है। जब हम कोई बहुत गहरा या इमोशनल संगीत सुनते हैं, तो दिमाग उसे एक 'झटके' की तरह लेता है और एड्रेनालाइन छोड़ देता है, जिससे रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

### हमारे पूर्वजों के लिए यह क्यों हथियार था?

इंसानों के लिए आज रोंगटे किसी काम के नहीं हैं, लेकिन हमारे पूर्वजों और अन्य जानवरों के लिए इसके दो बड़े फायदे थे। जब घने बालों वाले जानवरों के बाल खड़े होते हैं, तो वे त्वचा के पास हवा की एक परत को कैद कर लेते हैं। यह 'एयर पॉकेट' कड़ाके की ठंड में शरीर की गर्मी को बाहर नहीं जाने देती थी। अब इंसानों ने समय के साथ शरीर के बाल खो दिए, इसलिए अब हमें इससे गर्मी नहीं मिलती। जानवरों में आपने देखा होगा कि बिल्ली या कुत्ता खतरा महसूस होने पर अपने बाल फुला लेते हैं।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com